✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

अपना प्रदेश, अपनी बात



बिहार विधानसभा में बजट प्रस्तुत करते वित्त मंत्री विजेन्द्र प्रसाद यादव

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 248 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, बुधवार, 4 फरवरी 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

### वित्त मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव ने बिहार विधानसभा में पेश किया तीन लाख 47 हजार 589 करोड़ का बजट

# किसान-युवा-महिला एवं उद्योग पर फोकस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार के वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2026-27 का बजट विधानसभा में पेश किया। इस बार का बजट 3 लाख 47 हजार 589 करोड़ रुपये का है, जो पिछले बजट 3.16 लाख करोड़ रुपये से लगभग 31 हजार करोड़ रुपये अधिक है। वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में बजट का आकार लगातार बढ़ा है। वित्त मंत्री ने अपने भाषण में कहा कि ज्ञान, ईमान, विज्ञान, अरमान और सम्मान से बिहार तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने यह भी बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में बिहार की आर्थिक वृद्धि 14.9 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। बिजेंद्र यादव ने 12 मिनट में बजट का भाषण पूरा किया। वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत अब तक 1.56 करोड़ महिला सदस्यों को 10-10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। इसके साथ ही उनके व्यवसाय को और बढ़ावा देने के लिए 2 लाख रुपये अतिरिक्त सहायता दी जाएगी। साथ ही हॉट बाजार के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को और प्रोत्साहन मिलेगा। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य 94 लाख गरीब परिवारों को सशक्त बनाना है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रदेश समावेशी विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। खास बात यह है कि केंद्रीय क्षेत्र स्कीम के अंतर्गत 34 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। सदन को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि बिहार सरकार इस बार एक करोड़ लोगों को रोजगार मुहैया कराएगी। अब तक 1 लाख 56 हजार महिला सदस्यों को 10-10 हजार रुपए की सहायता राशि दे दी है। आगे व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए महिलाओं को 2-2 लाख रुपए और दिए जाएंगे। जाति जनगणना के बाद बिहार सरकार ने 54 लाख गरीब लोगों को लघु उद्यमी योजना का लाभ दिया गया है। आगे भी लोगों को योजना का लाभ दिया जाएगा। बिहार में 50 लाख करोड़ की लागत से उद्योग लगाएं जाएंगे। इस बजट में बाढ़-सुखाड़ से बिहार को बाहर निकालने के लिए भी योजना बनाई गई है। जिससे बढ़ते बिहार की छलक दिखेगी। उन्होंने सदन में कहा कि वृद्ध लोगों के लिए भी बिहार सरकार ने सोचा है। बजट में उनकी सुविधाओं पर भी ध्यान रखा गया है। अब वृद्धों को पेंशन व स्वास्थ्य समेत अन्य योजनाओं का लाभ घर पर ही मिलेगा।

### किस विभाग को कितना मिला राशि

| विभाग | आवंटित राशि(करोड़ में) |
|---|---|
| शिक्षा | 68216.95 |
| ग्रामीण | 23701.18 |
| स्वास्थ्य | 21270.41 |
| गृह | 20132.87 |
| ऊर्जा | 18737.06 |
| नगर विकास एवं आवास | 15237.00 |
| ग्रामीण कार्य | 11312.18 |
| पंचायती राज | 10995.51 |
| समाज कल्याण | 8470.06 |
| उच्च शिक्षा | 8012.34 |
| पथ निर्माण | 7404.79 |
| जल संसाधन | 7127.35 |

### शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक कल्याण पर विशेष जोर

वित्त मंत्री ने कहा कि इस अनुपूरक बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला रोजगार, पेयजल, सड़क, ऊर्जा, पेंशन, सिंचाई और अन्य सामाजिक कल्याण योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके तहत केंद्रीय क्षेत्र स्कीम के अंतर्गत 34 लाख रुपये का भी प्रावधान किया गया है।

### रोजगार और महिला सशक्तिकरण की योजनाएं

सदन को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि बिहार सरकार इस बार एक करोड़ लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य लेकर चल रही है। उन्होंने बताया कि अब तक 1 लाख 56 हजार महिला सदस्यों को 10-10 हजार रुपये की सहायता राशि दी जा चुकी है। आगे महिलाओं के व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए उन्हें 2-2 लाख रुपये की अतिरिक्त सहायता देने की योजना है।

### लघु उद्यम और औद्योगिक विकास की दिशा

जाति जनगणना के बाद बिहार सरकार ने 54 लाख गरीब लोगों को लघु उद्यमी योजना का लाभ दिया है और आगे भी इस योजना का विस्तार किया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा कि बिहार में 50 लाख करोड़ की लागत से उद्योग लगाए जाएंगे, जिससे राज्य में औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

### शहरी और ग्रामीण बुनियादी ढांचे पर ध्यान

बजट में शहरी क्षेत्रों के लिए पिंक टॉयलेट के निर्माण और पटना मेट्रो के एक्सटेंशन का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही पांच लाख परिवारों को टॉयलेट उपलब्ध कराने और हर खेत तक पानी पहुंचाने की योजना पर काम करने की बात कही गई है।

### स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र में विस्तार

स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के तहत पीएमसीएच में पहले चरण में 1100 बेड तैयार किए गए हैं। पूर्णियां, बेतिया, समस्तीपुर, मधेपुरा और सारण के बाद 10 अन्य जिलों में चिकित्सा महाविद्यालय बनाने की योजना है। शिक्षा के क्षेत्र में हर पंचायत में मॉडल स्कूल खोलने का प्रस्ताव रखा गया है।

### कौशल विकास और तकनीकी परियोजनाएं

स्किल डेवलपमेंट के लिए हब एंड स्पोक मॉडल के तहत हर कमिश्नरी में मेगा स्किल सेंटर स्थापित किए जाएंगे। इसके साथ ही समृद्ध उद्योग सशक्त बिहार योजना के तहत बंद पड़ी चीनी मिलों को चालू करने की घोषणा की गई है।

### नई औद्योगिक पहलों की रूपरेखा

बजट में डिफेंस कॉरिडोर, सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग पार्क, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, मेगा टेक सिटी और फिन टेक सिटी जैसी परियोजनाओं की भी रूपरेखा प्रस्तुत की गई है। इसके अलावा पशुओं के लिए गोट सीमेन स्टेशन और वन हेल्थ प्लेटफॉर्म की योजना भी शामिल है।

### कृषि और आपदा प्रबंधन पर सरकार की मंशा

बजट में बिहार कृषि एक्सीलेंशन मिशन और बिहार एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के गठन की बात कही गई है। साथ ही बाढ़ और सुखाड़ से बिहार को बाहर निकालने के लिए योजनाएं तैयार की गई हैं, जिससे राज्य के समग्र विकास को आगे बढ़ाया जा सके।

### बुजुर्गों के लिए घर बैठे सुविधाएं

वित्त मंत्री ने बताया कि बजट में वृद्ध लोगों की सुविधाओं का भी ध्यान रखा गया है। अब उन्हें पेंशन, स्वास्थ्य और अन्य योजनाओं का लाभ घर बैठे उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी।



## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने दी शब-ए-बरात की बधाई

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शब-ए-बरात के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों विशेषकर मुस्लिम भाई-बहनों को बधाई एवं शुभकामनायें दीं हैं। उन्होंने कहा कि शब-ए-बरात का त्योहार पवित्र है। इस अवसर पर लोग पूरी रात जागकर खुदा की इबादत करते हैं और अपने पूर्वजों को याद करते हैं। शब-ए-बरात की रात मांगी गयी दुआयें खुदा कबूल करते हैं। उन्होंने कहा कि इस मुबारक रात पर हम सब खुदा से दुआ करें कि हम सबके बीच प्रेम, सद्भाव बढ़े और हम सभी के सम्मिलित प्रयास से बिहार निरंतर प्रगति की ऊंचाई पर बढ़ता रहे।

### बेऊर जेल में बंद अनंत सिंह ने ली विधायक पद की शपथ

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मंगलवार को बजट सत्र के दौरान विधानसभा के अंदर खास तस्वीर नजर आई। बेऊर जेल में बंद मोकामा से जदयू के विधायक अनंत सिंह शपथ लेने के लिए बिहार विधानसभा पहुंचे। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अनंत सिंह को पुलिस बिहार विधानसभा में लेकर पहुंची। विधानसभा में मोकामा विधायक ने शपथ ग्रहण किया। विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत कई सदस्य मौजूद थे। इस बीच अनंत सिंह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास पहुंचे और उनका पैर छुए। अनंत सिंह ने खड़े होकर विधायक पद की शपथ ली है।

## बजट में सभी वर्गों का रखा गया ख्याल : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधानमंडल में बुधवार को वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा पेश किये गये वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि यह विकसित बिहार का संकल्प पूरा करनेवाला बजट है। न्याय के साथ विकास के सिद्धांत पर आधारित इस बजट में सभी क्षेत्रों तथा किसानों, उद्यमियों, युवाओं एवं महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। यह सम्पूर्ण, समावेशी एवं विकास को बढ़ावा देनेवाला बजट है। इस साल बिहार का बजट 3 लाख 47 हजार करोड़ रूपये से अधिक का है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 30 हजार करोड़ रूपये से अधिक है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में बिहार की विकास दर 14.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बजट हमारी सरकार द्वारा लागू किए गए सात निश्चय-3 के कार्यक्रमों को पूरा करने में काफी मददगार साबित होगा। हमलोगों ने अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया है। राज्य में वित्तीय संसाधनों का उचित प्रबंधन कर युवाओं को नौकरी और रोजगार देने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत हर घर की एक महिला को रोजगार के लिये 2 लाख रूपये की सहायता हेतु भी प्रावधान किया गया है। राज्य में उद्योग को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रत्येक परिवार को अवसर प्रदान करने, प्रत्येक युवा के कौशल विकास और महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्यों को पूरा करेगा। शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि में हमारे प्रयास से हुए विकास को आगे बढ़ाने के लिए विशेष प्रावधान भी इस बजट में किये गये हैं। बिहार बजट 2026-27 राज्य की अर्थव्यवस्था के विकास की गति को तेज करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के अपने राजकोषीय संसाधनों के समुचित प्रबंधन से बिहार का विकास तीव्र गति से हो सकेगा। बिहार के विकास में केन्द्र सरकार का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। अगले कुछ वर्षों में बिहार देश के सर्वाधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल हो सकेगा।

## लोकसभा से आठ सांसद निलंबित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** संसद की कार्यवाही के दौरान मंगलवार सदन की मर्यादा टूटने का मामला सामने आया। लोकसभा में हंगामे के बीच कुछ सांसदों ने स्पीकर की कुर्सी की ओर कागज फेंके। इस पर सख्त कार्रवाई करते हुए संबंधित सांसदों को सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। आठ सांसदों पर ये कार्रवाई हुई है। जिन सांसदों को निलंबित किया गया है उनमें डीन कुरियाकोस, किरण रेड्डी, अमरिंदर सिंह राजा वड़िग, मणिकम टैगौर, गुरजीत औजला, हिबी इडेन, वेंकेट रमन एवं प्रशांत पडोले शामिल हैं। इसके बाद विपक्ष के नेता राहुल गांधी की अगुवाई में कांग्रेस सदस्यों ने लोकसभा से पार्टी सदस्यों के सस्पेंशन के खिलाफ संसद भवन के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इसके पूर्व भारी शोर-शराबे और विरोध के कारण सदन की कार्यवाही कई बार रोकनी पड़ी। वहीं, कार्यवाही कल यानी बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी गई है। दोपहर तीन बजे जब चौथी बार लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई तो पीठासीन अधिकारी ने स्पष्ट कहा कि स्पीकर की ओर कागज फेंकने वाले सदस्यों के नाम दर्ज किए जाएंगे। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने ऐसे सांसदों को निलंबित करने का प्रस्ताव रखा। सदन ने ध्वनिमत से प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसके बावजूद हंगामा थमता नहीं दिखा।

## बिहार के सभी प्रखंडों में खुलेगा डिग्री कॉलेज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सदन में बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने शिक्षक स्थानांतरण और उच्च शिक्षा के विस्तार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य में अब तक कुल 1 लाख 27 हजार 240 शिक्षकों का स्थानांतरण किया जा चुका है। साथ ही उन्होंने बताया कि बिहार के विभिन्न जिलों के प्रखंडों में अब तक 213 स्थानों पर डिग्री कॉलेज खोले जा चुके हैं। शेष बचे प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोलने के लिए संबंधित जिलों के जिलाधिकारियों से भूमि उपलब्ध कराने की मांग की गई है। सरकार का लक्ष्य अगले चार वर्षों के भीतर सभी प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोलने की योजना को पूरा करना है। हालांकि विपक्षी दलों ने शिक्षक स्थानांतरण की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े किए। विपक्ष का कहना था कि कई शिक्षकों को अपने गृह जिले से 300 से 500 किलोमीटर दूर स्थानांतरित कर दिया गया है, जिससे उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

## खनन माफियाओं के खिलाफ सख्त रुख अपना रही सरकार

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने खनन माफियाओं पर सख्त रुख अपनाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि बिहार में खनन माफियाओं का अब खैर नहीं है और ऐसे लोगों पर हर हाल में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि ओवरलोड वाहनों के मामले में देश में बिहार पहले स्थान पर है, जिसे गंभीरता से लिया जा रहा है। खनन माफियाओं और ओवरलोडिंग पर लगाम लगाने के लिए उड़न दस्ता टीम का गठन किया जा रहा है। इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री ने सदन में यह भी घोषणा की कि बड़े वाहनों में ओवरलोडिंग का वीडियो भेजने वालों को 10 हजार रुपये और ओवरलोड ट्रैक्टर का वीडियो भेजने वालों को 5 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा।

## सेल-राइट्स के बीच डीजल लोकोमोटिव लीजिंग एवं रखरखाव के लिए समझौता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश की सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न स्टील उत्पादक कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने अपने संयंत्रों और खानों में लॉजिस्टिक्स और परिचालन दक्षता को मजबूत करने के लिए नवरत्न उपक्रम राइट्स लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सेल अपने संयंत्रों और खदानों के परिसर के भीतर एक समर्पित 'मिनी रेल नेटवर्क' संचालित करता है ताकि कच्चे माल की आवक, इन-प्रोसेस ट्रांसफर और तैयार उत्पादों के आउट-बाउण्ड बिना रुकावट परिवहन को सुनिश्चित किया जा सके। अपने डीजल लोकोमोटिव बेड़े के प्रभावी रखरखाव, जिसमें वेट-लीज्ड लोकोमोटिव भी शामिल है, परिचालन को बनाए रखने और भविष्य की क्षमता विस्तार एवं विकास की योजनाओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारतीय रेलवे इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की ओर अपनी संक्रमण गति को तेज कर रहा है, राइट्स डीजल लोकोमोटिव संचालन और रखरखाव में मूल्यवान विशेषज्ञता प्रदान करना जारी रखे हुए है, जो सेल के डीजल बेड़े को बनाए रखने के लिए अनिवार्य है। भारतीय रेलवे की सुविधाओं, स्पेयर पार्ट्स और कुशल जनशक्ति के पूल की पहुंच के साथ, राइट्स सेल की परिचालन आवश्यकताओं का को लागू करने और इसके नेटवर्क में विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह सक्षम है। यह सहयोग दोनों संगठनों को अपनी मुख्य दक्षताओं पर ध्यान केंद्रित करने, लागत को अनुकूलित करने, परिचालन दक्षता बढ़ाने और कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में योगदान देने में सक्षम बनाएगा। इस समझौता ज्ञापन पर, सेल की ओर से कार्यपालक निदेशक (प्रचालन) पी.के. बैसाखिया और राइट्स की ओर से कार्यपालक निदेशक (तकनीकी सेवाएं) संदीप जैन ने सेल और राइट्स के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए।







धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

लिंक्ड इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्सभिन्न होते हैं पारंपरिक इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स से तथा उनके साथ जोखिम घटक होते हैं.
लिंक्ड इंश्योरेन्स पॉलिसियों में अदा किए गए प्रीमियम पूंजी बाजार तथा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स से जुड़े निवेश जोखिम होते हैं. फ़ंड की कार्यकुशलता तथा पूंजी बाजार/सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स को प्रभावित करने वाले घटकों के आधार पर युनिट्स के एनएवीज़ घट-बढ़ सकते हैं तथा बीमित व्यक्ति अपने निर्णयों के लिए जिम्मेदार होगा.
भारतीय जीवन बीमा निगम/लाइफ़ इंश्योरेन्स कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया केवल जीवन बीमा कंपनी का नाम है तथा प्रोटेक्शन प्लस केवल लिंक्ड इंश्योरेन्स संविदा का नाम है तथा किसी भी रूप में संविदा की गुणवत्ता, इसकी भावी संभावनाओं या आमदनियों की ओर संकेत नहीं करता है.
कृपया अपने बीमा एजेन्ट या मध्यावर्ती या इंश्योरेन्स कंपनी द्वारा जारी पॉलिसी दस्तावेज से संबंधित जोखिमों और लागू प्रभारों की जानकारी प्राप्त कर लें.
इस संविदा के अंतर्गत पेश किए गए विभिन्न फ़ंड्स केवल फ़ंड्स के नाम हैं तथा वे किसी भी रूप में इन प्लान्स की गुणवत्ता, उनकी भावी संभावनाओं तथा आमदनियों की ओर संकेत नहीं करते हैं.

C M Y K

# कृषि क्षेत्र के लिए विकासोन्मुख एवं भविष्योन्मुखी बजट

## कृषि स्टार्टअप, जीआई उत्पाद एवं ग्रामीण हाट विकास पर विशेष फोकसः राम कृपाल यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव द्वारा प्रस्तुत राज्य बजट को कृषि विभाग के दृष्टिकोण से विकासोन्मुख, भविष्योन्मुखी एवं किसान-हितैषी बताते हुए कृषि मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि यह बजट राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा, युवाओं एवं महिला किसानों के लिए रोजगार के नए अवसरों का सृजन करेगी। एग्री स्टार्टअप के माध्यम से कृषि उत्पादों के मूल्य संवर्धन को बढ़ावा मिलेगा जिससे किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित होगी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि आधारित आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी जिससे स्थानीय स्तर पर विकास को नई मजबूती प्राप्त होगी एवं कृषि विपणन व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि बजट में कृषि को लाभकारी, टिकाऊ एवं आधुनिक बनाने की स्पष्ट प्रतिबद्धता दिखाई देती है।

कृषि मंत्री ने कृषि विभाग की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कृषि रोडमैप के प्रभावी कार्यान्वयन के फलस्वरूप वर्ष 2005 से अब तक खाद्यान्न उत्पादन में तीन गुना से अधिक वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतिम आकलन के अनुसार राज्य में 326.62 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न उत्पादन हुआ है जो अब तक का सर्वोच्च स्तर है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में बिहार ने मखाना एवं लीची उत्पादन में देश में प्रथम, मक्का में द्वितीय, शहद में चतुर्थ, चावल में पांचवां तथा गेहूं में छठा स्थान प्राप्त किया है। देश में उत्पादित कुल मखाना का 85 प्रतिशत उत्पादन बिहार में होता है। मखाना उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु राज्य में राष्ट्रीय मखाना बोर्ड का गठन किया गया है। मंत्री ने कहा कि कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के लिए डिजिटल कृषि निदेशालय का गठन कर एकीकृत डेटाबेस प्रबंधन को सुदृढ़ किया गया है। राज्य के सभी 38 जिलों में जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के अंतर्गत 190 मॉडल कृषि गांव विकसित किए जा रहे हैं। मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के तहत 3 लाख मिट्टी नमूनों का विश्लेषण किया गया है तथा 32 अनुमंडल स्तरीय मिट्टी जांच प्रयोगशालाओं की स्थापना की जा रही है।

उन्होंने कहा कि बिहार देश में मशरूम उत्पादन में अग्रणी है, जहां वर्तमान में 44,000 मीट्रिक टन उत्पादन हो रहा है। किसानों को बेहतर मूल्य दिलाने हेतु भंडारण, कोल्ड स्टोरेज, प्रसंस्करण एवं विपणन को प्राथमिकता दी जा रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 91 प्रकार के कृषि यंत्रों पर 40 से 80 प्रतिशत तक अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है तथा एआई युक्त यांत्रिक कृषि मिशन के गठन की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य सरकार के संकल्प के तहत बिहार एपी इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन का गठन कर प्रारंभिक चरण में एक लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा गया है। इसके अंतर्गत छंटाई एवं ग्रेडिंग यूनिट, कोल्ड चेन चौम्बर्स, गोदाम एवं प्रोसेसिंग सेंटरों की स्थापना की जाएगी।

# कर्पूरी ठाकुर राजनेता नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की जीवंत प्रतिमूर्ति थे : डा. प्रेम कुमार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** विधान सभाध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने पटना स्थित मिलर हाईस्कूल मैदान में नंदवंशी चेतना मंच द्वारा आयोजित जननायक कर्पूरी ठाकुर के 102वें पखवारा जयंती सह सम्मान समारोह में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने जननायक कर्पूरी ठाकुर के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों और संघर्षों को याद किया। डॉ. प्रेम कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि कर्पूरी ठाकुर केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि विचार, संघर्ष और सामाजिक न्याय की जीवंत प्रतिमूर्ति थे। उनका संपूर्ण जीवन गरीबों, शोषितों, वंचितों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित रहा। मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए भी उनका जीवन आम जनमानस जैसा रहा। उन्होंने राजनीति को सत्ता का साधन नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम माना। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने बिहार में सामाजिक न्याय की नींव को मजबूत किया। पिछड़े एवं अति-पिछड़े वर्गों को आरक्षण देकर उन्होंने शिक्षा और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए। उस समय यह निर्णय साहसिक था, लेकिन आज वही सामाजिक समानता का मजबूत आधार बन चुका है। उत्तर भारत में डॉ. राम मनोहर लोहिया के बाद वे समतामूलक समाज और सामाजिक न्याय के सबसे बड़े प्रणेता के रूप में जाने जाते हैं। चार दशकों तक उन्होंने बिहार की राजनीति को मजबूत नेतृत्व प्रदान किया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि आज कर्पूरी ठाकुर के अधूरे सपनों को साकार करने की दिशा में केंद्र की मोदी सरकार निरंतर कार्य कर रही है। केंद्र सरकार द्वारा गठित रोहिणी आयोग की सिफारिशें लागू होने से अति-पिछड़े वर्गों को उनके सभी अधिकार और हक निश्चित रूप से प्राप्त होंगे। मौके पर मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल, मंत्री रामकृपाल यादव, विधायक संजय गुप्ता, राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदवंशी चेतना मंच आनंद कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नंदवंशी चेतना मंच अशोक ठाकुर, उमेश कुमार देव, संगीता प्रमाणिक, रवि शंकर प्रसाद, श्याम किशोर ठाकुर, डॉक्टर अर्जुन शर्मा, सुनीला ठाकुर, प्रभाकांत शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

# 'भारत में महिला और चुनावी राजनीति' पर बी.डी. कॉलेज में विशेष व्याख्यान का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बी.डी. कॉलेज राजनीति विज्ञान विभाग, बी.डी. कॉलेज द्वारा 'भारत में महिला और चुनावी राजनीति' विषय पर एक विशेष शैक्षणिक व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय लोकतंत्र में महिलाओं की भागीदारी, प्रतिनिधित्व एवं चुनावी राजनीति से जुड़ी चुनौतियों पर गंभीर अकादमिक विमर्श को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महिलाओं की सक्रिय और प्रभावी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्य वक्ता प्रो. संजय कुमार, वरिष्ठ अध्येता, विकासशील समाज अध्ययन केंद्र, नई दिल्ली ने विषय पर विस्तृत एवं विचारोत्तेजक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने भारत में महिलाओं की चुनावी भागीदारी, मतदान व्यवहार, प्रतिनिधित्व की प्रवृत्तियों, संरचनात्मक बाधाओं तथा नीतिगत पहलों पर तथ्यपरक एवं विश्लेषणात्मक दृष्टि से प्रकाश डाला। उनका व्याख्यान श्रोताओं द्वारा अत्यंत सराहा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनीति विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. सरिता कुमारी ने की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अकादमिक आयोजनों से विद्यार्थियों में समकालीन राजनीतिक प्रक्रियाओं की समझ विकसित होती है।

मंचासीन सदस्यों में प्रो. सीता सिन्हा, डॉ. मुकेश कुमार राय (विधि अधिकारी, पाटलिपुत्र विश्विद्यालय, पटना) शामिल रहे। उन्होंने महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी पर अपने अकादमिक एवं विधिक दृष्टिकोण साझा किए। मीडिया प्रभारी डॉ. अमित कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का संचालन डॉ. अपराजिता ने प्रभावी ढंग से किया जबकि समापन डॉ. विजय शंकर विक्रम के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर विभाग के अन्य शिक्षकगण डॉ. सुमन सिंह, डॉ. राजीव कुमार एवं डॉ. रूना आनंद भी उपस्थित रहे।

# उपेंद्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान में चला स्वच्छता जागरूकता अभियान

## स्वच्छता रैंकिंग में भाग लेकर पटना को बनाएं नंबर वन : डॉ नीतू कुमारी नवगीत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** स्वच्छता रैंकिंग में पटना के लोगों की भागीदारी को बढ़ाने के उद्देश्य से पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता टीम तथा नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत द्वारा पटना के उपेंद्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया जिसके तहत संस्थान के सभी कलाकारों तथा प्रशिक्षकों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताते हुए उनसे अपील की गई की कि स्वच्छता रैंकिंग में पटना को बेहतर स्थान दिलाने के लिए अपनी ओर से भी योगदान दें। सभी लोग न सिर्फ स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लें, बल्कि दूसरे लोगों को भी भाग लेने के लिए प्रेरित करें। नीतू नवगीत ने कहा कि स्वच्छता एक सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वच्छता के मानकों पर पटना की रैंकिंग बेहतर हो इसके लिए सभी लोगों को कोशिश करनी पड़ेगी। सभी के सम्मिलित प्रयासों से ही शहर स्वच्छ और सुंदर बनेगा। उन्होंने पारंपरिक लोकगीतों एवं स्वच्छता गीतों के माध्यम से स्वच्छ पटना, सुंदर पटना का संदेश दिया। पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेना कई कारणों से जरूरी है। यह सर्वेक्षण लोगों को अपने आसपास की स्वच्छता के प्रति जागरूक करता है। इसमें भाग लेने से शहर की स्वच्छता में सुधार के लिए सुझाव देने का मौका मिलता है। अच्छे प्रदर्शन वाले शहरों को पुरस्कार और मान्यता मिलती है जिससे शहर की प्रतिष्ठा बढ़ती है। स्वच्छता से बीमारियों की रोकथाम होती है और पर्यावरण भी स्वच्छ रहता है। यह सर्वेक्षण सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देता है और लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करता है। स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में अनु कुमारी, मधुबनी पेंटिंग के चर्चित कलाकार राजकुमार, ओंकार मौर्य सहित अनेक कलाकारों ने भी अपनी राय रखी और कला के माध्यम से स्वच्छता अभियान को मजबूती देने का संकल्प लिया।

# नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम को लेकर कांग्रेस ने नियुक्त किए प्रमंडलीय कॉर्डिनेटर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार कांग्रेस ने एआईसीसी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे अपने कार्यक्रम नेशनल टैलेंट हंट मुखर आवाज के सफल संचालन के लिए राज्य में कमिटी की घोषणा कर दी है। इकत्तीस सदस्यीय ये कमिटी राज्य भर में टैलेंट हंट आयोजित करेगी। इस प्रतियोगिता के जरिए पार्टी राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर प्रवक्ता, मीडिया पैनलिस्ट, शोधकर्ता और पब्लिसिटी विभाग के लिए लोगों का चयन करेगी। ये कमिटी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे के निर्देश पर काम करेगी। पार्टी ने इसके लिए प्रदेश नेता असित नाथ तिवारी को राज्य संयोजक, राजीव मेहता को सह संयोजक और प्रदेश सोशल मीडिया विभाग के चेयरमैन सौरभ कुमार सिन्हा को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया है। कमिटी में पार्टी के सभी आनुषांगिक संगठनों को शामिल किया गया है। एससी-एसटी विभाग से लालू सदा, महिला कांग्रेस से विनीता भगत, अल्पसंख्यक कांग्रेस से दौलत इमाम, युवा कांग्रेस से करुण पासवान और छात्र संगठन एनएसयूआई से प्रदेश अध्यक्ष सूरज सिंह यादव को प्रतिनिधि बनाया गया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार राम द्वारा गठित इस कमिटी में जिला स्तर पर प्रतियोगिता आयोजन के लिए नौ क्षेत्रीय समन्वयक बनाए गए हैं। ये क्षेत्रीय समन्वयक संबंधित जिला अध्यक्ष के साथ समन्वय बनाकर प्रतियोगिता आयोजित करेंगे। इसके लिए मगध प्रमंडल की जिम्मेदारी खालिद अमीन, पटना प्रमंडल की जिम्मेदारी दौलत इमाम, दरभंगा की जिम्मेदारी कमल कमलेश, भागलपुर की जिम्मेदारी निखिल कुमार, तिरहुत की जिम्मेदारी कृपाशंकर शाही, सारण की जिम्मेदारी डॉ. स्नेहाशीष वर्धन, कोसी की जिम्मेदारी मिहिर झा, पूर्णिया की जिम्मेदारी करुण पासवान और मुंगेर की जिम्मेदारी राजीव मेहता को दी गई है।

# कोटक म्यूचुअल फंड ने लांच किया कोटक सर्विसेज फंड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने कोटक सर्विसेज फंड लांच करने की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है जो सर्विस सेक्टर पर आधारित है। यह नया फंड ऑफर 4 फरवरी 2026 से 18 फरवरी 2026 तक खुला रहेगा। इसके जरिए निवेशकों को भारत के मुख्य ग्रोथ इंजन यानी सर्विस सेक्टर में निवेश करने का मौका मिलेगा। सर्विस सेक्टर भारत की कुल अर्थव्यवस्था में लगभग 55 प्रतिशत योगदान देता है और देश की 31.5 प्रतिशत आबादी को रोजगार देता है। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर निलेश शाह ने कहा कि भारत की सर्विस आधारित अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव हो रहा है। यह बदलाव लोगों की बढ़ती आमदनी, डिजिटल तकनीक के ज्यादा इस्तेमाल और शहरों के तेजी से बढ़ने की वजह से आ रहा है। इन कारणों से यह बदल रहा है कि लोग चीजें कैसे खरीदते हैं, लेन-देन कैसे करते हैं और जरूरी सेवाओं का उपयोग कैसे करते हैं।

# बिहार का बजट विकसित बिहार के निर्माण में मजबूत कदम : प्रमोद सिंह चंद्रवंशी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधानसभा में वित्त मंत्री विजेंद्र यादव द्वारा प्रस्तुत लगभग 3 लाख 47 हजार करोड़ के बजट का स्वागत करते हुए भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने इसे ऐतिहासिक एवं विकसित बिहार की नींव रखने वाला बजट बताया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि यह बजट न केवल विकसित राज्य बल्कि विकसित भारत के निर्माण की दिशा में एक मजबूत कदम है। उन्होंने बताया कि चुनाव पूर्व किए गए वादों के अनुरूप सरकार ने महिला सशक्तीकरण को प्राथमिकता देते हुए लगभग 1 करोड़ 56 लाख महिलाओं को 10,000 की सहायता दी थी तथा अब उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु 2 लाख तक का ऋण/सहायता देने का प्रावधान किया गया है। युवाओं के रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उद्योग विभाग के लिए 50,000 करोड़ का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि बिहार आज देश के अन्य राज्यों की तुलना में तेजी से आगे बढ़ रहा है और राज्य की विकास दर 16 प्रतिशत से अधिक हो चुकी है। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि इस बजट में समाज के सभी वर्गों– किसान, युवा, महिला, छात्र का विशेष ध्यान रखा गया है। किसानों को सशक्त बनाने के लिए कृषि क्षेत्र पर विशेष जोर दिया गया है तथा पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने की दिशा में यह बजट दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। शिक्षा के क्षेत्र में सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए उन्होंने बताया कि 68,000 करोड़ के साथ शिक्षा को सर्वाधिक बजट आवंटन दिया गया है।

# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में 6 रेलकर्मियों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

# डिजिटल हेल्थ सेवाओं में बिहार बना अग्रणी

## अब ग्रामीण इलाकों तक पहुंच रही डिजिटल सेवा : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति, स्वास्थ्य विभाग का एक दिवसीय कार्यशाला 'आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन बिहार कॉन्क्लेव 2.0' का विधिवत शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय द्वारा किया गया। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस कॉन्क्लेव का मुख्य लक्ष्य है कि राज्य में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु भावी कार्ययोजना एवं रणनीति पर विभिन्न हितधारकों के साथ विचार-विमर्श करना है। ताकि आम नागरिकों को बेहतर, सरल और पारदर्शी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके। श्री पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में डिजिटल स्वास्थ्य सेवा अब केवल शहरों तक नहीं बल्कि ग्रामीण इलाकों तक पहुंच रहा है। आम जनों तक स्वास्थ्य सेवाओं और दवाओं की उपलब्धता की जानकारी सुलभ हो रही है। श्री पांडेय ने कहा कि स्कैन एंड शेयर प्रणाली के अंतर्गत 5.26 करोड़ से अधिक टोकन का निर्माण कर बिहार ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है, राज्य में अब तक 6.11 करोड़ आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा) आईडी बनाई जा चुकी है जिससे बिहार देश में चौथे स्थान पर है, वहीं 6.17 करोड़ से अधिक इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड तैयार कर राज्य राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान पर पहुंच गया है। मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना के अंतर्गत संचालित 'भव्या' परियोजना को ग्लोबल डिजिटल हेल्थ समिट (जीडीएचएस) 2024 में इनोवेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया है। हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री (एचपीआर) के तहत 47,786 स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं तथा हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री के तहत 29,288 स्वास्थ्य संस्थानों का पंजीकरण किया जा चुका है जबकि डिजिटल हेल्थ इंसेंटिव स्कीम के अंतर्गत 7,835 सरकारी अस्पताल पंजीकृत हैं तथा इस योजना के तहत 37.60 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि का क्लेम किया गया है जो देश में सर्वाधिक है।

# बिहार में रोबोटिक सर्जरी की हुई शुरुआत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** एसएस इनोवेशन इंटरनेशनल इंक. भारत की पहली स्वदेशी रूप से विकसित सर्जिकल रोबोटिक प्रणाली की अग्रणी कंपनी ने बिहार में अपनी राष्ट्रव्यापी 'मेड इन इंडिया' मंत्राएम सर्जिकल रोबोट यात्रा को जारी रखते हुए तीन प्रमुख शहरों मुजफ्फरपुर, बिहटा और पटना में सफल प्रदर्शन किया। बिहार चरण की शुरुआत 21 जनवरी 2026 को आरडीजे मेडिकल कॉलेज, मुजफ्फरपुर से हुई जहां सर्जनों, स्त्री रोग विशेषज्ञों और मेडिकल फैकल्टी को मंत्रा 3.0 सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम के माध्यम से लाइव डेमोंस्ट्रेशन और हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग दी गई। 22 जनवरी 2026 को मंत्राएम मोबाइल सिमुलेशन यूनिट नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज, बिहटा पहुंची। कार्यक्रम का उद्घाटन अस्पताल के मैनेजिंग डायरेक्टर कृष्ण मुरारी एवं एमेरिटस सर्जन डॉ. निर्मल कुमार सिन्हा द्वारा किया गया। यात्रा का समापन 23 जनवरी 2026 को रुबन हॉस्पिटल, पटना में हुआ जहां सर्जरी, स्त्री रोग और यूरोलॉजी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ चिकित्सकों ने भाग लिया। डॉ. पी. एन. प्रसाद, जीआई एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन, आरडीजे मेडिकल कॉलेज, मुजफ्फरपुर ने कहा मंत्राएम मोबाइल सिमुलेशन यूनिट के माध्यम से रोबोटिक सर्जरी का अनुभव हमारे फैकल्टी और रेजिडेंट्स के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक रहा। डॉ. रमेश अजय, एचओडी-सर्जरी, नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज, बिहटा ने कहा मंत्राएम यात्रा एक दूरदर्शी पहल है जो उन्नत सर्जिकल तकनीक को सीधे शिक्षण संस्थानों तक लाती है। डॉ. सत्यजीत सिंह, ओनर, रुबन हॉस्पिटल, पटना ने कहा रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी सटीकता आधारित स्वास्थ्य सेवा का भविष्य है। आरडीजे मेडिकल कॉलेज, मुजफ्फरपुर में हुए सत्रों में सर्जरी विभाग से डॉ. पी. एन. प्रसाद, डॉ. पियूष भारद्वाज और स्त्री रोग विभाग से डॉ. रश्मि सहित कई प्रमुख चिकित्सकों ने सक्रिय भागीदारी की। बिहटा में हुए कार्यक्रम में सर्जरी विभाग से डॉ. रमेश अजय, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. निरुपम सिन्हा, डॉ. अभिषेक कुमार और स्त्री रोग विभाग से डॉ. विनिता सहाय, डॉ. त्रिपरी सिन्हा, डॉ. नमिता श्रीवास्तव, डॉ. जहानवी सिंह, डॉ. स्वाति एवं डॉ. बिंदु शामिल रहीं।

# शिवाजीनगर में टीएलएम मेला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** प्रखंड संसाधन केंद्र शिवाजीनगर के प्रांगण में मंगलवार को टीएलएम मेला का भव्य आयोजन किया गया जिसमें प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मेले का उद्देश्य शिक्षण प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, रोचक एवं व्यावहारिक बनाना तथा शिक्षकों की नवाचारी सोच को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी आलोक कुमार सिंह, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राम जन्म सिंह तथा पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। उद्घाटन के पश्चात बीडीओ, बीईओ एवं निर्णायक मंडल की टीम ने मेला परिसर में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत विज्ञान एवं गणित विषयों पर आधारित टीएलएम मॉडलों का अवलोकन किया मेले में प्रखंड के कई विद्यालयों से आए शिक्षकों ने अपने-अपने विद्यालयों में तैयार किए गए शिक्षण सहायक सामग्री का प्रदर्शन किया।

# जिले में फर्जी चिकित्सा करने वालों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय : डॉ. निषाद

## अवैध उपचार से आमजन के स्वास्थ्य पर गंभीर संकट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** जिले में बिना किसी मान्यता प्राप्त शैक्षणिक योग्यता, प्रशिक्षण एवं पंजीकरण के कायरोप्रैक्टिक तथा भौतिक चिकित्सा के नाम पर उपचार करने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। गली-मोहल्लों, किराये के कमरों एवं अस्थायी उपचार केंद्रों में संचालित ऐसे अवैध प्रतिष्ठान आमजन के स्वास्थ्य के साथ खुलेआम खिलवाड़ कर रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ये लोग सोशल मीडिया पर प्रचार, बैनर-पोस्टर तथा 'बिना शल्य चिकित्सा तुरंत इलाज' जैसे भ्रामक दावों के जरिए मरीजों को गुमराह कर रहे हैं। अधिकांश मामलों में इनके पास न तो भौतिक चिकित्सा या कायरोप्रैक्टिक से संबंधित कोई मान्यता प्राप्त डिग्री होती है और न ही वैध पंजीकरण। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि रीढ़, गर्दन, नसों एवं जोड़ों से संबंधित उपचार अत्यंत संवेदनशील होते हैं। बिना वैज्ञानिक ज्ञान और चिकित्सकीय प्रशिक्षण के किया गया उपचार मरीजों के लिए गंभीर और स्थायी क्षति का कारण बन सकता है। जिले में ऐसे कई मामले सामने आए हैं जहां गलत उपचार के कारण रोगियों की समस्या पहले से अधिक बढ़ गई। कुछ मामलों में नस दबने, डिस्क खिसकने, हाथ-पैर सुन्न होने तथा आंशिक पक्षाघात जैसी गंभीर शिकायतें भी देखी गई हैं। इस संबंध में डॉ. एस. के. निषाद, स्नायु भौतिक चिकित्सा विशेषज्ञ एवं डॉ. निषाद क्लिनिक, तरबंगला, डिहरी-ऑन-सोन ने बताया कि भौतिक चिकित्सा एवं कायरोप्रैक्टिक कोई सामान्य या घरेलू उपचार नहीं है, बल्कि यह पूर्णतः वैज्ञानिक और चिकित्सा-आधारित पद्धति है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना मान्यता प्राप्त डिग्री एवं पंजीकरण के इस प्रकार का उपचार करना न केवल मरीजों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है, बल्कि यह कानूनन अपराध की श्रेणी में भी आता है। डॉ. निषाद ने कहा कि भौतिक चिकित्सा के क्षेत्र में कार्य करने के लिए मान्यता प्राप्त संस्थान से डिग्री, संबंधित परिषद में पंजीकरण तथा चिकित्सकीय आचार-संहिता का पालन अनिवार्य है। जानकारों का मानना है कि प्रशासनिक निगरानी की कमी और आमजन में जागरूकता के अभाव के कारण जिले में फर्जी कायरोप्रैक्टिक एवं भौतिक चिकित्सा करने वालों का जाल तेजी से फैलती जा रही है। इस स्थिति को देखते हुए जागरूक नागरिकों एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से अवैध उपचार केंद्रों की पहचान कर सघन जांच कराने तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी प्रकार का उपचार कराने से पहले यह सुनिश्चित करें कि उपचार करने वाला व्यक्ति योग्य, प्रशिक्षित एवं पंजीकृत हो। साथ ही झूठे दावों और सस्ते इलाज के लालच में आकर अपने स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता न करें।

# अदरी देवी मेमोरियल अस्पताल में शुरू हुई न्यूरो सर्जन की सेवा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** शहरवासियों के लिए राहत की खबर है। स्थानीय तारबंगला स्थित अदरी देवी मेमोरियल हॉस्पिटल में न्यूरो सर्जन की नई सेवा शुरू की गई है। अस्पताल परिसर में न्यूरो सर्जन डॉ. राकेश कुमार रंजन के नए चैम्बर का उद्घाटन डॉ. वीरेन्द्र कुमार के पिताजी चन्द्रदेव सिंह ने फीता काटकर किया। मौके पर अस्पताल के निदेशक डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि डिहरी शहर में न्यूरो सर्जन की काफी जरूरत थी। गंभीर मरीजों को मजबूरी में बाहर रेफर करना पड़ता था जिससे मरीजों के साथ-साथ अस्पताल प्रबंधन को भी परेशानी होती थी। अब डॉ. राकेश कुमार रंजन के जुड़ने से यह समस्या दूर होगी और मरीजों को यहीं बेहतर इलाज मिल सकेगा। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. एस. निशा ने कहा कि लोगों की आवश्यकता को देखते हुए न्यूरो से संबंधित सेवाएं शुरू की गई हैं। इससे न्यूरो सर्जरी से जुड़े मरीजों को इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इस अवसर पर हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. विशाल कुमार, दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ डॉ. ओ.पी. आनंद, प्रबंधक अजित सिंह, नसीम खान सहित अस्पताल के सभी चिकित्सक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# झगड़ा छुड़ाने पर मारपीट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** एससी एसटी थाना में राजपुर थाना के पकड़ी गांव निवासी सुरेंद्र राम बच्चों के खेलने को ले विवाद सलटाने के दौरान मारपीट कर बुरी तरह घायल करने की प्राथमिकी किया है। पुलिस के अनुसार सुरेंद्र राम की पुत्री के साथ खलिहान में खेलने के दौरान वाद विवाद हुआ था जब वह उसे बचाने गया तो गांव के भीखर कहार सहित 10 लोगों ने योजना बना कर उसके घर पहुंच उसे व बच्ची की लोहे के रड से पिटाई की जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सम्पूर्ण अभियान 2.0 के तहत आकांक्षी प्रखंड के पूर्ण लक्ष्य प्राप्ति हेतु बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड के स्थानीय सभागार में नीति आयोग के निर्देशानुसार संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अंकिता जैन की अध्यक्षता में आकांक्षी प्रखंड के तहत आने वाले विकास कार्यों के पूर्ण लक्ष्य की प्राप्ति हेतु समीक्षा बैठक की गई जिसमें लक्ष्य 6 इंडिकेटर को शत-प्रतिशत पूर्ण करना है। बैठक में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका सहित अन्य प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में नीति आयोग द्वारा संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत स्वास्थ्य पोषण, शिक्षा और कृषि प्रक्षेत्र में आकांक्षी प्रखंड अन्तर्गत छह सूचकांकों को 14 अप्रैल 2026 तक शत-प्रतिशत पूर्ण करने हेतु रणनीति तैयार की गई। साथ ही साथ इसी दिन प्रखंड स्तरीय आशा, आंगनबाड़ी सेविका सहायिका एवं अन्य फ्रन्टलाइन वर्कर के साथ संपूर्णता अभियान 2.0 को पूरा करने हेतु एक कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा आकांक्षी प्रखंड अन्तर्गत संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ भी किया गया। संपूर्णता अभियान 2.0 कार्यक्रम 28 जनवरी से 14 अप्रैल 2026 तक लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके दौरान लक्ष्य की प्राप्ति हेतु नीति आयोग द्वारा निर्धारित तिथियों को विभिन्न गतिविधियां की जाएगी।

# मारपीट और गुमशुदगी के मामले में प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढी गोला (रोहतास)।** जिले के अकोढी गोला थाने में मारपीट एवं गुमशुदगी के दो अलग-अलग मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। थाना क्षेत्र के अंसार मोहल्ला अकोढी गोला निवासी मोहम्मद खुर्शीद अंसारी ने स्थानीय थाने में लिखित आवेदन देते हुए घर के पास के ही रहने वाले राहुल कुमार और विशाल कुमार पर अपने बेटे रेहान अंसारी के साथ मारपीट का आरोप लगाया है। वहीं, एक अन्य मामले में थाना क्षेत्र अंतर्गत कोल्हाई वरना निवासी लाल बहादुर सिंह ने स्थानीय थाने में अपने बेटे की गुमशुदगी का आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि मामूली विवाद में उन्होंने अपने बेटे को डांट दिया जिसके बाद उनका बेटा अविनाश कुमार उम्र 19 वर्ष बुधवार के दिन घर से निकला और वापस नहीं लौटा। खोजबीन करने के बाद रिश्तेदारों से पूछताछ के बाद आज थाने में आवेदन दे रहा हूं। अकोढी गोला थाना अध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया कि मारपीट के मामले में कांड संख्या 46/26 दर्ज कर ली गई है, वहीं गुमशुदगी के मामले में कांड संख्या 45/26 दर्ज करते हुए दोनों मामलों में संबंधित कार्रवाई की जा रही है।

# दवा व्यवसायी की हत्या के विरोध में तिलौथू बाजार की दवा दुकानें रहीं बंद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू के दवा व्यवसायी विनय कुमार प्रजापति की निर्मम हत्या के विरोध में मंगलवार को तिलौथू बाजार एवं पूरे प्रखंड की सभी दवा दुकानों को दिन भर बंद रखा गया। रोहतास केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के आह्वान पर विकास मेडिकल हॉल परिसर में शोकसभा आयोजित कर उपस्थित दवा कारोबारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। शोकसभा में कमलेन्द्र कुमार, सुरेन्द्र प्रसाद चौधरी, विजय कुमार, रितेश कुमार, रामनाथ मेहता, राहुल रवि राजन, राजेश्वर सिंह, राजू कुमार, ऋतिक कुमार गुप्ता, निशांत कुमार, अनिल कुमार, पंकज, रंजन आनंद शक्ति कुमार अनुज एवं अभय कुमार सहित बड़ी संख्या में दवा व्यवसायी मौजूद रहे। सभी ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए प्रशासन से हत्यारों की अविलंब गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की तथा चेतावनी दी कि न्याय नहीं मिला तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। बंद के कारण आम लोगों को दवाइयों के लिए परेशानी हुई, लेकिन विरोध शांतिपूर्ण रहा।

# डिहरी एसडीएम ने की अवैध बालू परिवहन के खिलाफ कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढीगोला (रोहतास)।** जिले के डिहरी एसडीएम निलेश कुमार ने अवैध बालू परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दरिहट से एक और आयरकोठा थाना क्षेत्र से दो कुल मिलाकर तीन अवैध बालू लदे वाहनों को जब्त किया। ये वाहन बिना चालान के अवैध बालू परिवहन कर रहे थे। डिहरी एसडीएम निलेश कुमार दल-बल के साथ सड़कों पर उतरकर अवैध बालू परिवहन के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान कई जगहों सड़कों पर अवैध बालू गिराकर गाड़ियां लेकर वाहन चालक भाग गए। डिहरी एसडीएम ने बताया कि सोमवार की रात बालू लदे वाहनों की जांच की गई। तीन गाड़ियां बिना चालान की थीं। दरिहट थाना क्षेत्र से एक हाईवा और आयरकोठा थाना क्षेत्र से एक हाईवा और एक ट्रक को जब्त किया गया है। इन्हें संबंधित विभाग को सूचना देते हुए कार्रवाई हेतु स्थानीय थाने को सुपुर्द कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। अचानक हुए इस कार्रवाई से अवैध बालू कारोबारियों में हडकंप मच गया।

# आरपीएफ ने चोरी के तीन मोबाइल के साथ किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** मंगलवार को निरीक्षक प्रभारी रामविलास राम के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक हरेराम कुमार साथ सहायक उपनिरीक्षक जयप्रकाश चतुर्वेदी एवं आरक्षी उमेश कुमार सिंह डिहरी ऑन सोन स्टेशन प्लेटफार्म पर गश्त व आपराधिक गतिविधि निगरानी कर रहे थे इसी क्रम में प्लेटफार्म संख्या 3 के पूर्वी छोड़ के पास एक व्यक्ति अरविंद कुमार, उम्र करीब 55 वर्ष, पिता जनार्दन प्रसाद सिंहा, ग्राम-हाउस नंबर 10 पचगढी बाजार, थाना कतरासगढ़, जिला-धनबाद (झारखंड) को अपने पीठ पर एक बैग लटकाए हुए संदिग्धावस्था देखा गया जिसके पास जाकर पूछताछ कर बैग की तलाशी लेने पर बैग में 01 अदद एंड्रॉयड फोन, 02 अदद की-पैड फोन एवं 02 अदद पर्स बरामद हुआ जिसके संबंध में पूछने पर उनके द्वारा बताया गया कि यह सभी मोबाइल एवं पर्स अलग-अलग गाड़ियों में यात्रियों का चोरी किया हूं। बाद में मौके की सभी आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए अग्रिम कार्रवाई हेतु रेल थाना डिहरी ऑन सोन को सुपुर्द किया गया।

# लैपटॉप की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी मुफस्सिल थाना में जमोहर नारायण मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में रहने वाले छात्र साहिल सिंह ने अपने लैपटॉप की चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


**बिहार सरकार**

**समाहरणालय, औरंगाबाद**

(खनन शाखा)

**औरंगाबाद जिलान्तर्गत जप्त बालू की नीलामी हेतु अल्पकालीन आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरूद्ध कार्रवाई के फलस्वरूप जप्त बालू की नीलामी दिनांक– 16.02.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से समाहरणालय, औरंगाबाद स्थित सभागार में खुले डाक के माध्यम से निर्धारित शर्तों के अधीन किया जाएगा। अपरिहार्य कारण से यदि निर्धारित तिथि को नीलामी नहीं होती है तो वैसी स्थिति में अगले कार्य दिवस–17.02.2026 को नीलामी करायी जायेगी।

1. जप्त बालू का स्थल एवं मात्रा की विवरणी :–

| क्र० | जप्त बालू का भंडारण स्थल | भू–निदेशांक | बालू की मात्रा (घनफीट में) | सुरक्षित जमा राशि (रू० में) | अग्रधन राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | औरंगाबाद सोन–21 नदी तट से 300 मीटर के अन्दर सकेन्ड्री लोडिग स्थल पर भंडारित बालू | Lat-24.883570 N, Long-84.219968 E | 632074.07 | 1,07,13,656/- | 26,78,414/- |
| 02 | औरंगाबाद सोन–31 नदी तट से 300 मीटर के अन्दर सकेन्ड्री लोडिग स्थल पर भंडारित बालू | Lat-24.832316 N, Long-84.165818E | 2430289.49 | 4,11,93,407/- | 1,02,98,352/- |
| 03 | मुफस्सिल थाना परिसर, औरंगाबाद। | Lat-24.737574, Log-84.406233 | 18000 | 3,05,100/- | 76,300/- |
| 04 | नबीनगर थानान्तर्गत शमशान घाट के समीप | Lat-24.59783833, Log-84.1248299 | 2000 | 33,900/- | 8,500/- |

2. नीलामी के शर्त एवं बन्धेज के साथ विस्तृत विवरणी औरंगाबाद जिला के वेबसाईट https://aurangabad.bih.nic.in/notice_category/tenders पर देखा जा सकता है।
3. नीलामी से संबंधित किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा CLARIFICATION के लिए जिला खनन कार्यालय, औरंगाबाद (मो0 नं0 9471565229) से संपर्क किया जा सकता है।
4. अपरिहार्य कारण से किसी भी समय निविदा को रद्द करने का अधिकार समाहर्त्ता, औरंगाबाद को सुरक्षित रहेगा।

समाहर्त्ता,
औरंगाबाद

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 23327 (Mines) 25-26

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।


# वन स्टॉप एवं हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन की समीक्षा बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, रोहतास की अध्यक्षता में सोमवार को वन स्टॉप सेंटर एवं जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन की समस्त टीम के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य सभी संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की कार्यशीलता, प्रगति तथा प्रभावशीलता की गहन समीक्षा करना था। बैठक के दौरान प्रत्येक कार्यक्रम की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई तथा सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। सभी को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने तथा लाभार्थियों तक योजनाओं का समुचित लाभ पहुंचाने पर विशेष बल दिया गया। बैठक के अंत में कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

# विधानसभा में विधायक के द्वारा उठाए गए मुद्दों की लोगों ने की प्रशंसा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल क्षेत्र के दिनारा विधानसभा में क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था के लिए आवाज उठाने की मांग काफी दिनों से की जा रही थी। दिनारा प्रखंड के दिनारा, दावथ और सूर्यपुरा में अभी भी प्रखंड स्तर पर न तो डिग्री कॉलेज है और न हीं प्लस टू विद्यालय सभी जगह मौजूद है। दावथ प्रखंड मुख्यालय जहां हाई स्कूल और प्लस टू विद्यालय बच्चों के लिए आज तक व्यवस्थित नहीं हो सका। दिनारा के स्थानीय विधायक आलोक कुमार सिंह ने इस मुद्दे को विधानसभा में कार्यवाही के दौरान उठाया जिस पर शिक्षा मंत्री ने आश्वासन भी दिया। बता दें कि दिनारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक आलोक कुमार सिंह ने विधानसभा में डिग्री कॉलेज स्थापित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि दिनारा, सूर्यपुरा और दावथ प्रखंडों में उच्च शिक्षा की व्यवस्था नहीं है जिससे छात्रों को दूरस्थ शहरों में जाना पड़ता है। विधायक ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों की पढ़ाई बीच में ही छूट जाती है। उन्होंने सदन में कहा कि आसपास के कई विधानसभा क्षेत्रों में भी महाविद्यालयों की आवश्यकता है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने जवाब देते हुए कहा कि बिहार सरकार 213 प्रखंडों में डिग्री कॉलेज स्थापित करने पर कार्य कर रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि विधायक के क्षेत्र को भी इस योजना में शामिल किया जाएगा। विधायक के द्वारा उठाए गए इस तरह के मांग से स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं लोगों में खुशी का माहौल देखने को मिला।

# सेवानिवृत एएनएम को दी गयी विदाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** प्रखंड के स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत सरैया उपकेंद्र से एएनएम सोनामती कुमारी के सेवानिवृत्त होने पर पीएचसी तिलौथू में सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, आशा कार्यकर्ता, एएनएम सहयोगी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 260_2025-26, दिनांकः 02.02.2026, वरिष्ठ मंडल अभियंता (IV), नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा, पश्चिम बंगाल-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः वरिष्ठ डीईएन/4/ हावड़ा। कार्य का विवरण : बोलपुर (शांतिनिकेतन): एईएन/बीएचपी के कार्यक्षेत्र में बोलपुर में सैंड हम्प सह रिटेनिंग वॉल का निर्माण। अनुमानित मूल्य : रु. 1,54,61,514.46, बयाना राशि : रु. 2,27,300/-, समापन अवधि : स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 06 (छह) माह। निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) : शून्य। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। निविदा की अंतिम तिथि और समय : दिनांक 18.02.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से उपर्युक्त वेबसाइट के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणीः आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।**

HWH-576/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


# पैरवी के बैनर तले सामुदायिक सभा का आयोजन, कानूनी सहायता पर दिया जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी प्रखंड के दरिहट में पैरवी संस्था के बैनर तले एक सामुदायिक सभा का सफल आयोजन किया गया। सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीण, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा एवं बाल संरक्षण से जुड़े लोग उपस्थित रहे। सभा की अध्यक्षता बाल कल्याण समिति की सदस्या गायत्री देवी ने की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कानूनी सहायता आम नागरिकों, विशेषकर गरीब, वंचित एवं किशोरों के लिए अत्यंत आवश्यक हो गई है। उन्होंने बताया कि पैरवी संस्था विधि के जोखिम में उलझे किशोरों को न केवल कानूनी सलाह प्रदान करती है, बल्कि उन्हें न्याय दिलाने के लिए ठोस कानूनी सहायता भी उपलब्ध कराती है। श्रीमती देवी ने कहा कि किशोर न्याय कानून के तहत विधि से संघर्ष में आए बच्चों के संरक्षण, परामर्श एवं पुनर्वास की दिशा में पैरवी लगातार कार्य कर रही है। इसके साथ ही संस्था जेल में बंद जरूरतमंद लोगों की निःशुल्क जमानत कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है जिससे कई परिवारों को राहत मिली है। उन्होंने आगे बताया कि पैरवी गांव स्तर पर गठित बाल संरक्षण समितियों को सशक्त बनाने का कार्य कर रही है।

# सत्संग से जीवन में आएगा सकारात्मकता : विहंगम योग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**काराकाट (रोहतास)।** काराकाट प्रखंड के कुरुर गांव में विहंगम योग के द्वारा सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्रिका प्रभारी सुभाष शर्मा व संचालन आश्रम पुरोहित राष्ट्रपति पुरस्कार सम्मानित आचार्य मयंक शास्त्री व सुनिल संगम ने की। अनंत श्री सद्गुरू सदाफल देव जी महाराज, सद्गुरु धर्मचंद देव जी महाराज व सद्गुरु स्वतंत्र देव जी महाराज के चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान आध्यात्मिक संदेश लेकर आए मुख्य अतिथि बिहार प्रांत के समन्वयक भूपेंद्र राय, परामर्शक ददन सिंह, जिला सचिव भृगु सिंह, पुरोहित आचार्य मयंक शास्त्री, नीरज पाण्डेय, प्रो.श्रीकांत प्रधान को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रवक्ताओं ने बताया कि विहंगम योग एक आध्यात्मिक संस्थान है जिसका उद्देश्य ब्रह्मविद्या प्रचार करके जगत के मानव का जीवन का कल्याण कराना है। समाज में हो रही अशांति, परेशानी, तनाव, घृणा एवं अनियंत्रित विचारों को नियंत्रित करते हुए प्रत्येक परेशानियों का समाधान करने के लिए विहंगम योग के पास अद्भुत उपाय हैं। सतसंग जरुरी है क्योंकि विहंगम योग के सत्संग से जीवन में सकारात्मकता आएगा। आज विहंगम योग की साधना, सेवा एवं सत्संग करके लाखों घरों में खुशियां आई है। स्वर्वेद हर घर में आवश्यक है। स्वर्वेद का पाठ करने से आध्यात्मिक शक्ति की उन्नति होती है। धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति कराना विहंगम


**बिहार सरकार**

**समाहरणालय, औरंगाबाद**
(जिला खेल कार्यालय)

(sportsoffice.aurangabad@gmail.com)

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

सरकार के संयुक्त सचिव, खेल विभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक–1/आ0 03–13/2024–533, दिनांक–21.11.2025 के आलोक में मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अंतर्गत औरंगाबाद जिलान्तर्गत इंडोर स्टेडियम, औरंगाबाद में मल्टी जिम के अधिश्ठापन हेतु सामग्रीयों के क्रय के लिए विभाग से स्वीकृति प्राप्त है।

निदेशक, खेल विभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक–1657, दिनांक–24.10.2025 द्वारा निर्गत मार्गदर्शिका के आलोक में मल्टी जिम उपकरण के क्रय एवं आपूर्ति हेतु दिनांक–19.02.2026 को पूर्वा/अप0 02:00 बजे तक निर्माता कंपनी/प्रतिश्ठित फर्म एवं ख्याति प्राप्त एजेंसी से तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग मुहरबंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधित अधिक जानकारी हेतु जिला खेल कार्यालय, औरंगाबाद में कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है अथवा जिले के वेबसाइट **https://aurangabad.bih.nic.in** पर भी देखा जा सकता है। इच्छुक निर्माता कंपनी/प्रतिश्ठित फर्म निबंधित डाक या हाथों–हाथ निर्धारित अवधि में जिला खेल कार्यालय, औरंगाबाद में निविदा जमा कर सकते हैं। निर्धारित अवधि तक प्राप्त निविदा को दिनांक–19.02.2026 को पूर्वा/अप0 04:00 बजे जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद द्वारा गठित समिति की अध्यक्षता में क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता स्वयं या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

**विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।**

PR- 023152 ( District ) 2025-26

जिला पदाधिकारी,
औरंगाबाद

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

## नगर आयुक्त ने वार्ड 49 का किया औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ के नगर आयुक्त कुमार निशांत ने उपनगर आयुक्त, लोक स्वच्छता पदाधिकारी एवं कनीय अभियंता के साथ वार्ड 49 का औचक निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान क्षेत्र की साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति, जलजमाव की स्थिति और वृद्धजन आश्रय स्थल का जायजा लिया गया। निरीक्षण में वार्ड पार्षद प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। नगर आयुक्त ने संबंधित कर्मियों को कार्य में सुधार और समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# इंटरमीडिएट परीक्षा में कदाचार पर सख्ती जिला पदाधिकारी के निरीक्षण में कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धांतिक) परीक्षा के दूसरे दिन द्वितीय पाली में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा राजेन्द्र मेमोरियल वूमेंस कॉलेज, नवादा, गांधी इंटर स्कूल, नवादा एवं बालिका इंटर स्कूल, नवादा स्थित परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर विधि-व्यवस्था, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, परीक्षार्थियों के बैठने की समुचित व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश-निकास व्यवस्था सहित कदाचार-मुक्त परीक्षा संचालन हेतु की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के निदेशों के आलोक में सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं कर्मियों को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचार-मुक्त परीक्षा संचालन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान आज द्वितीय पाली में गांधी इंटर स्कूल, नवादा से एक परीक्षार्थी (तुलसी मनी सिंह) तथा बालिका इंटर स्कूल, नवादा से एक परीक्षार्थी (मीना यादव) कुल 02 परीक्षार्थी कदाचार में लिप्त पाए गए, जिन्हें परीक्षा से निष्कासित करते हुए नियमानुकूल कार्रवाई की गई है। साथ ही परीक्षार्थियों की फ्रिस्किंग में लापरवाही बरतने से संबंधित वीक्षकों से स्पष्टीकरण की मांग करने का निर्देश दिया गया है। वहीं, परीक्षा के प्रथम पाली में ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल, नवादा से ज्योति कुमारी कदाचार में लिप्त पाई गई, जिन्हें परीक्षा से निष्कासित करते हुए नियमानुकूल कार्रवाई की गई। जिला नियंत्रण कक्ष, नवादा से प्राप्त सूचना के अनुसार जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों पर प्रथम एवं द्वितीय पाली की परीक्षा शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं कदाचार-मुक्त वातावरण में सम्पन्न हुई है। प्रथम पाली में गणित विषय की परीक्षा आयोजित की गई, जबकि द्वितीय पाली में राजनीतिक विज्ञान एवं फाउंडेशन कोर्स की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा का संचालन दो पालियों में किया जा रहा है, जिसमें प्रथम पाली की परीक्षा पूर्वाह्न 09:30 बजे से 12:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 02:00 बजे से 05:15 बजे तक आयोजित की जा रही है।



## पूर्व विधायक स्व कृष्णा प्रसाद के 32वें पुण्य स्मृति दिवस पर सर्वदलीय श्रद्धांजलि सभा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** पूर्व श्रम राज्यमंत्री राजबल्लभ प्रसाद के बड़े भाई सह पूर्व विधायक स्व कृष्णा प्रसाद की 32 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को बड़े पैमाने पर कार्यक्रम आयोजित किए गए । जिसमें श्रद्धांजलि सभा, माल्यार्पण, चिकित्सा शिविर, रक्तदान शिविर, सामूहिक भंडारा एवं सांस्कृतिक आयोजन शामिल है । मुख्य कार्यक्रम सदर विधायक विभा देवी के कार्यालय परिसर स्थित विशाल मंच से संचालन एमएलसी अशोक कुमार ने किया । पुण्यतिथि समारोह में एमएलसी अशोक कुमार द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया गया जिसमें 101 रक्तवीरों ने रक्त दान कर महान सामाजिक दायित्वों का निर्वहन किया । चिकित्सा शिविर में ब्लड शुगर, ब्लड प्रेषर, हिमोग्लोबिन, मूत्र रोग, चर्म रोग सहित विभिन्न स्वस्थ्य जांचों की सुविधा दी गई । जिले के प्रमुख जेनरल फिजीषियन डॉ रविश कुमार, जेनरल




हुआ, जहां हजारों की संख्या में उपस्थित, जनप्रतिनिधियों, नेताओं, कार्यकताओं एवं आम नागरिकों ने कृष्णा प्रसाद अमर रहे के नारे लगाए। नवादा के महान विभूति और जनजानक पूर्व विधायक स्वर्गीय कृष्णा प्रसाद की 32वीं पुण्य स्मृति दिवस पर जिलेभर से बड़ी संख्या में लोग श्रद्धांजलि देने पहुँचे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व0 कृष्णा प्रसाद की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि से हुआ। उनके पुत्र एमएलसी अशोक कुमार, स्नेहल राय, धर्मपत्नी प्रमिला देवी, विधायक विभा देवी समेत राजबल्लभ परिवार के सदस्यों ने पूजा-पाठ कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जिले के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों की लम्बी कतार श्रद्धांजलि अर्पित करते देखी गई। इस मौके पर सभी राजनीतिक दलों के नेता उपस्थित रहे। बीजेपी, कांग्रेस, जदयु, राजद, सीपीआई, सीपीएम, माले सहित विभिन्न दलों के वरिष्ठ नेताओ एवं कार्यकताओं ने एक साथ अपने लोकप्रिय नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की । मंचीय समारोह की अध्यक्षता, पूर्व श्रम राज्य मंत्री राजबल्लभ प्रसाद जी ने की, जबकि सर्जन डॉ पुष्कर चन्द्र, हड्डी एवं नस रोग विषेषज्ञ डॉ. आनन्द भूषण, डेन्टल सर्जन डॉ नीरज कुमार, नाक कान गला रोग विषेषज्ञ डॉ. आषुतोष कुमार, नेत्र रोग विषेषज्ञ डॉ. गिरिजेश कुमार ने निःशुल्क चिकित्सा सेवा प्रदान की और रोगियों के बीच दवाईयां वितरित की। इसके साथ ही पूरे दिन सामूहिक भंडारे का आयोजन चलता रहा। दूसरी ओर लोक गायक छोटू छलिया का सांस्कृतिक आयोजन चलता रहा जिसमें निर्गुण गायन की प्रधानता रही। इस भव्य समारोह में माननीय जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा राजवंशी, उपाध्यक्ष निशा चौधरी, जदयू जिलाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, एमएलसी अशोक यादव, नवादा विधायक विभा देवी, पूर्व विधायक प्रकाशवीर, जदयू नेता जयशंकर चंद्रवंशी, बीजेपी नेता व प्रो विजय कुमार सिन्हा, नवीन केसरी, मनोज चंद्रवंशी, अल्पसंख्यक नेता प्रिंस तमन्ना, शेखपुरा से विजय यादव, केपी सिंह, रवींद्र यादव, उमेश यादव, लालकेश्वर राय, उपेंद्र सिंह, अफरोजा खातून सहित सैंकड़ों वरिष्ठ नेताओं ने स्व0 कृष्णा बाबू को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## पुलिस ने चोरी की घटना का किया उदभेदन, चोर को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** बेन बाजार स्थित एक डेकोरेशन दुकान में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी का डीजे, एम्पलीफायर, लाइट, साउंड बॉक्स सहित अन्य डेकोरेशन का सामान बरामद किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान खुदागंज थाना क्षेत्र के पंचमटला गांव निवासी धनंजय कुमार , इस्लामपुर थाना क्षेत्र के नवा मुसहरी गांव निवासी सुमित कुमार, दीनदयाल गांव निवासी रितेश कुमार और नवा मुसहरी गांव निवासी रंजन कुमार के रूप में हुई है। बेन थाना प्रभारी रवि राजकुमार ने बताया कि 15 तारीख को डेकोरेशन दुकानदार शिव शंकर प्रसाद ने गोदाम से



एम्पलीफायर मशीन, लाइट, साउंड बॉक्स सहित अन्य सामान चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में बेन थाना पुलिस की विशेष टीम का गठन किया गया। सूचना इकाई नालंदा के सहयोग से 1 तारीख को छापेमारी अभियान चलाकर चारों आरोपियों को उनके घरों से चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

## राजगीर मलमास मेला - 2026 की तैयारियों को लेकर डीएम ने किया स्थल निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** राजगीर मलमास मेलाझ2026 की प्रारंभिक तैयारियों को लेकर जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार ने राजगीर मलमास मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया । निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी, राजगीर एवं कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, राजगीर को निर्देशित किया गया कि मलमास मेलाझ2026 तैयारी के परिप्रेक्ष्य में प्रारंभिक कार्य योजना अविलंब तैयार कर प्रस्तुत किया जाय। भ्रमण के क्रम में मलमास मेला के अवसर पर संभावित अपार भीड़ की संभावना के



मद्देनजर भीड़ प्रबंधन/नियंत्रण के मद्देनजर कार्य योजना तैयार करने का निदेश दिया गया। जिन स्थानों पर ज्यादा भीड़ होती है वहां भीड़ नियन्त्रण/ प्रबंधन हेतु क्या - क्या कार्य कराना है, इसे कार्य योजना में निश्चित रूप से शामिल करने का निदेश दिया गया। बताया जाता है कि मलमास मेला अत्यंत महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है, जिसमें देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक राजगीर पहुंचते हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि मलमास मेला के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए । इस अवसर पर प्रशिक्षु सहायक समाहर्ता,अनुमंडल पदाधिकारी राजगीर, भूमि सुधार उप समाहर्ता, कार्यपालक पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी आदि उपस्थित थें।

## राजगीर में राजस्व कर्मचारी 45 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने राजस्व विभाग के एक कर्मचारी को रिश्वत लेते हुए धर दबोचा। राजगीर अंचल कार्यालय में तैनात अखिलेश साह को 45 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही मुहिम में एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। मामला छबीलापुर थाना क्षेत्र के रटना निवासी राजीव कुमार की शिकायत से शुरू हुआ। परिवादी ने बताया कि उनकी जमीन के दस्तावेजों में परिमार्जन कराने के लिए कर्मचारी ने मोटी रकम की मांग की थी। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने तत्काल सत्यापन शुरू



किया। सत्यापन के बाद डीएसपी अखिलेश कुमार के नेतृत्व में विशेष धावादल गठित किया गया। मंगलवार को टीम ने सुनियोजित तरीके से जाल बिछाया और छबीलापुर रोड स्थित लेदुवा पुल के पास आरोपी को पैसे लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। विभाग ने स्पष्ट संदेश दिया है कि भ्रष्ट लोक सेवकों को बख्शा नहीं जाएगा और भविष्य में ऐसे किसी भी प्रयास को नाकाम किया जाएगा।

## रोह अंचल का राजस्व कर्मचारी घूस लेते गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** जिले के रोह अंचल में निगरानी विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्व कर्मचारी गुलशन कुमार को घूस लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। निगरानी की टीम ने उसे रोह के सीतापुर मोड़ के पास से उस समय पकड़ा, जब वह दाखिल-खारिज के नाम पर रिश्वत की रकम ले रहा था। जानकारी के अनुसार, आरोपी राजस्व कर्मचारी ने जमीन के दाखिल-खारिज से संबंधित कार्य के लिए 35 हजार रुपये की घूस की मांग की थी। पीड़ित द्वारा इसकी शिकायत निगरानी विभाग से किए जाने के बाद टीम ने योजना बनाकर जाल बिछाया। जैसे ही कर्मचारी ने तय राशि ली, निगरानी टीम ने उसे मौके पर ही धर दबोचा।

## पेंशनर भवन में मंगलवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज/नवादा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पेंशनर भवन में मंगलवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। इस अवसर पर कोसला निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक महेश्वरी प्रसाद सिंह के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की । अध्यक्षता पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद ने की। कहा गया उनके निधन होने से परिवार के साथ समाज व परिवार को अपूर्णीय क्षति पहुंची है। जिसकी भरपाई भी सम्भव नहीं है। मौके पर सचिव श्रीकांत सिंह, सियाशरण दास,सुखदेव प्रसाद, कामता प्रसाद सिंह, नरेश कुमार, रामाधीन सिंह समेत अन्य रहे। इसके



पहले इसी भवन में पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद की अध्यक्षता में संत शिरोमणि रैदास जी की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई। लोगों ने उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया।

## बिहार में स्थानीय निकाय शिक्षक अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग 6 से 11 फरवरी तक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** बिहार सरकार के शिक्षा विभाग (माध्यमिक शिक्षा निदेशालय) ने बिहार विशिष्ट शिक्षक नियमावली, 2023 के तहत आयोजित स्थानीय निकाय शिक्षक सक्षमता परीक्षा (तृतीय एवं चतुर्थ) में सफल अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग को लेकर महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। विभागीय आदेश के अनुसार, परीक्षा में सफल कुल 12,819 शिक्षक अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों का सत्यापन काउंसिलिंग के माध्यम से किया जाएगा। यह प्रक्रिया राज्य के सभी जिलों में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न होगी। जारी आदेश में बताया गया है कि काउंसिलिंग की अवधि 6 फरवरी 2026 से 11 फरवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। काउंसिलिंग प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शुरू होगी और इसे पांच अलग-अलग टाइम स्लॉट में पूरा किया जाएगा। पहला स्लॉट सुबह 9 बजे से 10:30 बजे तक, दूसरा 10:30 बजे से 12 बजे तक, तीसरा 12 बजे से 1:30 बजे तक, चौथा 1:30 बजे से 3 बजे तक तथा पांचवां स्लॉट 3 बजे से 4:30 बजे तक रहेगा। काउंसिलिंग संबंधित जिले के डीआरसीसी में कराई जाएगी। हालांकि वैशाली, दरभंगा एवं समस्तीपुर जिलों में काउंसिलिंग का कार्य जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा निर्धारित स्थानों पर संपन्न कराया जाएगा। किस अभ्यर्थी को किस तिथि एवं किस स्लॉट में उपस्थित होना है, इसका निर्धारण मुख्यालय स्तर से किया जाएगा और इसकी जानकारी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी।

## महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम में बड़ा सुधार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा ।** अधिनियम का उद्देश्य एवं कार्यक्षेत्र यह अधिनियम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम में एक बड़ा सुधार है, जो ग्रामीण रोजगार को वर्ष 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना के अनुरूप बनाता है। इसके अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार के लिए गारंटीकृत वेतनयुक्त रोजगार की अवधि 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दी जाएगी। रोजगार को टिकाऊ एवं उत्पादक परिसंपत्तियों के निर्माण से जोड़ा जाएगा। विकास योजनाएँ ग्राम पंचायतों द्वारा विकसित ग्राम पंचायत योजनाओं के माध्यम से तैयार की जाएँगी। सभी परिसंपत्तियों को विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक में समेकित किया जाएगा।

## रजौली में खुरपका-मुंहपका रोग से बचाव हेतु एफएमडी राउंड-6 टीकाकरण अभियान शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली ।** रजौली प्रखंड क्षेत्र में खुरपका-मुंहपका (एफएमडी) जैसे संक्रामक रोग से पशुओं को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एफएमडी राउंड-6 टीकाकरण अभियान की शुरूआत मंगलवार से की गई है। इस अभियान के तहत रजौली प्रखंड क्षेत्र में चार माह से अधिक आयु के लगभग 50 हजार से अधिक गाय एवं भैंसों का टीकाकरण किया जाएगा।अभियान के सफल संचालन हेतु भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रेषु कुमार को प्रखंड का नोडल पदाधिकारी नियुक्त किया गया है,जबकि डॉ. नीरज कुमार सिंह एवं डॉ. अभय कुमार को सहायक नोडल पदाधिकारी बनाया गया है। नोडल पदाधिकारी ने बताया कि जिला पशुपालन विभाग, नवादा द्वारा रजौली प्रखंड को पर्याप्त मात्रा में एफएमडी वैक्सीन के साथ सिरिंज एवं निडिल की आपूर्ति की गई है। उपलब्ध टीकों में से 90 प्रतिशत टीकों का उपयोग प्राथमिक टीकाकरण के लिए तथा 10 प्रतिशत टीकों का उपयोग बूस्टर डोज के रूप में किया जाएगा। सभी पशुओं को 2 एमएल वैक्सीन मांसपेशी (आईएम) में दी जाएगी। साथ ही बताया कि प्रखंड के सभी पंचायतों में टीकाकरण कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए निजी टीकाकर्मियों की सेवाएं भी ली जा रही हैं। पशुपालन विभाग द्वारा पशुपालकों से अपील की गई है।

## डीएम की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** मंगलवार को डीआरडीए सभागार में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में नीति आयोग के सम्पूर्णता अभियानझ2.0 का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। जिला पदाधिकारी ने बताया कि भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा संचालित इस अभियान का उद्देश्य सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं की शत-प्रतिशत संतृप्ति सुनिश्चित करते हुए अंतिम लाभार्थी तक प्रभावी पहुँच बनाना है। उन्होंने सभी विकास सूचकांकों की विभागवार समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं कृषि क्षेत्रों में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित 05 सूचकांकों एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम (अइढ) के अंतर्गत निर्धारित 06 सूचकांकों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर संतृप्त किया जाना है।

## संक्षिप्त समाचार

### पकरीबरावां में चार वारंटी गिरफ्तार

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पुलिस ने छापेमारी कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि सुदनपुर से मो.रिजवान, बरतारा से केदार भगत, उकौड़ा से देवशरण महतो एवं मेंहदीपुर से बबन चौहान को गिरफ्तार किया गया है। सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गौरतलब है कि वारंटियों एवं कांडों के आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

### नाले की सफाई की उठाई गई मांग

**पकरीबरावां।** वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र की विधायक अनिता ने विधानसभा में पकरीबरावां बाजार में नाले की सफाई का मुद्दा उठाया। विधायक ने सदन में कहा कि नाले की सफाई नहीं होने से दुकानों एवं घरों में पानी जमा रहता है। बरसात के दिनों में या बारिश होने पर परेशानी और भी बढ़ जाती है।

### विवरणी को पोर्टल पर करें अपलोड

**पकरीबरावां।** विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं सदस्यों की विवरणी को ई शिक्षाकोष पोर्टल पर अपलोड करने का निर्देश प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी राहुल रंजन ने विद्यालयों के प्रधानों को दी है। कहा है कि जिन विद्यालयों के प्रधानों ने इस कार्य को नहीं किया है वे अविलंब इसे करें।

### दो अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नारदीगंज/नवादा।** थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव में पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने इसी गांव के कांड संख्या 449/ 2025 के आरोपित सोना देवी उर्फ कांति देवी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष आदित्य कुमार ने कहा यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। आरोपित को सोमवार को न्यायालय भेजा गया है।

### इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा-2026 द्वितीय दिन शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न, कदाचार के प्रयास पर विधिसम्मत कार्रवाई

**नवादा ।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा दिनांक 03 फरवरी 2026 को आयोजित इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धांतिक) परीक्षाझ2026 का द्वितीय दिन नवादा जिले में शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं कदाचार-मुक्त वातावरण में सम्पन्न हुआ। जिला नियंत्रण कक्ष, नवादा से प्राप्त सूचना के अनुसार जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा सुचारु रूप से आयोजित की गई। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी परीक्षा केन्द्रों पर लगातार निरीक्षण एवं भ्रमणशील रूप से उपस्थित रहे तथा सभी परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। परीक्षा के द्वितीय दिन प्रथम पाली में गणित तथा द्वितीय पाली में राजनीतिक विज्ञान एवं व्यावसायिक कोर्स विषय की परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा दो पालियों में संचालित हुई, जिसमें प्रथम पाली पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 05:15 बजे तक आयोजित की गई। आज की उपस्थिति के अनुसार प्रथम पाली में कुल 14,233 परीक्षार्थियों में से 14,105 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 128 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए, जबकि 01 परीक्षार्थी को कदाचार के आरोप में निष्कासित किया गया। वहीं द्वितीय पाली में कुल 6,113 परीक्षार्थियों में से 5,986 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 127 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए, जबकि 02 परीक्षार्थियों को कदाचार के प्रयास में निष्कासित किया गया। वहीं, द्वितीय पाली की परीक्षा के दौरान निर्धारित समय के पश्चात कुछ परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिए जाने पर दीवार फाँदकर एवं अन्य अनुचित माध्यमों से अवैध रूप से परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने का प्रयास किया गया, जिसे परीक्षा की शुचिता एवं अनुशासन के प्रतिकूल मानते हुए 03 परीक्षार्थियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की गई। इस क्रम में नगर थाना, नवादा में कन्हाई इंटर विद्यालय, नवादा के 03 परीक्षार्थियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने हेतु कदाचार के किसी भी प्रयास पर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है तथा आगे भी परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## हरनौत कारखाना में इस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन ने किया प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के आह्वान पर ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन द्वारा सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत में सोमवार को ह्वअखिल भारतीय मांग दिवसह्व मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष महेश महतो एवं संचालन शाखा सचिव पूणार्नंद मिश्रा ने किया। सैकड़ों रेलकर्मी टाइम ऑफिस के समीप एकत्र हुए और बोर्ड स्तर से लेकर स्थानीय स्तर तक की विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शन की शुरूआत करते हुए शाखा अध्यक्ष महेश महतो ने कहा कि यह वर्ष का पहला विरोध प्रदर्शन है, जो कर्मचारियों के अधिकारों की लड़ाई में एक मील का पत्थर साबित होगा। प्रदर्शन का




नेतृत्व करते हुए शाखा सचिव पूणार्नंद मिश्रा ने कहा कि वर्ष 2024 में एआईआरएफ एवं उसकी अनुषंगी यूनियनों द्वारा पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली को लेकर देशभर में लगातार आंदोलन किया गया। दिल्ली में हुए विशाल प्रदर्शन के दबाव में सरकार को एनपीएस में सुधार के लिए समिति गठित करनी पड़ी। उन्होंने कहा कि एनपीएस के स्थान पर लाई गई यूपीएस योजना कर्मचारियों को स्वीकार्य नहीं है, यही कारण है कि मात्र 1 से 2 प्रतिशत कर्मचारियों ने ही इसे अपनाया है। कर्मचारियों को ओपीएस से कम कुछ भी मंजूर नहीं है। उन्होंने आठवें वेतन आयोग में हो रही देरी, इंसेंटिव, पदोन्नति, अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं के नियमितीकरण, प्राइवेट कर्मियों को न्यूनतम वेतन, रेलवे आवासों में 125 यूनिट मुफ्त बिजली सहित अन्य मुद्दों पर भी विस्तार से अपनी बात रखी। प्रदर्शन के समापन के बाद शाखा सचिव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य कारखाना प्रबंधक से मुलाकात कर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी के नाम 20 सूत्री मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में कोषाध्यक्ष मनोज मिश्र, उपाध्यक्ष रंजीत कुमार, प्रमोद कुमार गौतम, संयुक्त सचिव राकेश रंजन, संगठन सचिव गिरिजा प्रसाद, डीटीजीएम मंजय कुमार, शाखा पार्षद मृत्युंजय चौबे, सत्येंद्र कुमार सहित दर्जनों कर्मचारी शामिल थे। प्रमुख मांगों में आठवें वेतन आयोग का शीघ्र लाभ देने, ओपीएस लागू करने, लेवल-1 के 30 प्रतिशत पदों को लेवल-2 में अपग्रेड करने, कैडर रिस्ट्रक्चरिंग, इंसेंटिव एवं पीएलबी बोनस को वर्तमान वेतन की सीलिंग पर देने, ड्रेस अलाउंस, एलडीसीई/जीडीसीई का दायरा बढ़ाने, माता-पिता को पास व मेडिकल सुविधा में शामिल करने, पोस्ट सरेंडर पर रोक, रिक्त पदों को भरने, एक्ट अप्रेंटिस को नियमित करने, निजी कर्मियों को न्यूनतम वेतन, कारखाना विस्तार, कर्मचारियों के आवागमन हेतु ट्रेन सुविधा, हेल्थ यूनिट को डिविजनल अस्पताल में अपग्रेड करने, एईएन की पदस्थापना तथा रेलवे आवासों की नियमित मरम्मत और कारखाना में शौचालय, रेस्ट रूम एवं कैंटीन की संख्या बढ़ाने की मांग शामिल है।

# दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रही युवती गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** मंगलवार को बिहार इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 की दूसरी पाली के दौरान शेरघाटी स्थित विजय शंकर राय कॉलेज परीक्षा केंद्र पर कदाचार का एक गंभीर मामला उजागर हुआ। नियमित निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी शेरघाटी मनीष कुमार ने एक महिला अभ्यर्थी को दूसरे परीक्षार्थी के स्थान पर परीक्षा देते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। इस घटना से परीक्षा केंद्र पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ऐश्वर्या कुमारी नामक छात्रा के स्थान पर चांदनी कुमारी नाम की एक लड़की परीक्षा में शामिल होकर उत्तर पुस्तिका लिख रही थी। निरीक्षण के दौरान अभ्यर्थी की गतिविधियों और पहचान को लेकर संदेह उत्पन्न हुआ जब प्रवेश पत्र और पहचान पत्र की गहन जांच की गई तो प्रतिरूपण (इम्पर्सनेशन) का मामला स्पष्ट रूप से सामने आया। इसके बाद तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे परीक्षा कक्ष से बाहर निकाला गया। एसडीओ मनीष कुमार ने बताया कि बिहार बोर्ड परीक्षा की शुचिता, निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी और सघन निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि परीक्षा में कदाचार, नकल या प्रतिरूपण करने वालों के खिलाफ किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी के आदेश पर आरोपी महिला के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है तथा आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से स्थिति जल्द ही सामान्य हो गई। इस घटना के बाद अन्य परीक्षार्थियों में हड़कंप मच गया है, वहीं प्रशासन ने साफ संदेश दिया है कि परीक्षा व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## युवक से मारपीट, दो नामजद पर प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर में धान कुटाई के दौरान हुए विवाद में एक युवक के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। इस घटना में जमालपुर गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार (20 वर्ष), पिता कन्हाई यादव घायल हो गए। घायल का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच में कराया गया। पीड़ित द्वारा आंती थाना में दिए गए आवेदन के अनुसार वह विगत दिनों ग्राम फतेहपुर में राम ईश्वर यादव के दरवाजे पर ट्रैक्टर से धान कुटाई कर रहा था। इसी दौरान निशांत कुमार एवं उसके पिता राम नारायण यादव ने किसी अन्य व्यक्ति का धान कुटाई करने को कहा। ट्रैक्टर में तेल नहीं होने की बात कहने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि इस मामले में कांड संख्या 11/26 दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# बिहार की विकास यात्रा का रोडमैप है यह बजट : डॉ. मनीष पंकज मिश्रा

### वित्त मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव के द्वारा प्रस्तुत किया गया बजट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट वित्त मंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव के द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा सहित भाजपा नेताओं ने खुशी का इजहार करते हुए बजट का स्वागत किया। कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि बिहार की विकास यात्रा का रोडमैप है। वित्त मंत्री ने जनभावनाओं को समझते हुए ऐसे प्रावधान किए हैं जिनसे आम नागरिक के जीवन में प्रत्यक्ष सुधार दिखेगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि, बुनियादी ढांचे और सामाजिक सुरक्षा हर क्षेत्र में संतुलित निवेश का प्रावधान इस बजट को मजबूत बनाता है। डॉ. मिश्रा ने विशेष रूप से शिक्षा और युवाओं के लिए किए गए प्रावधानों की सराहना की। नए विद्यालयों, कॉलेजों, तकनीकी संस्थानों और कौशल विकास केंद्रों की योजनाएं बिहार के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होंगी। स्वास्थ्य क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के सुदृढ़ीकरण, जिला अस्पतालों के आधुनिकीकरण और मातृ-शिशु स्वास्थ्य पर जोर से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों को लाभ मिलेगा। यह कदम स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता दोनों को बेहतर बनाएगा। महिला सशक्तिकरण के लिए स्वयं सहायता समूहों, उद्यमिता और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को मजबूत करना राज्य के सामाजिक ताने-बाने को और सुदृढ़ करेगा। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेन्द्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कि यह बजट बिहार को विकसित राज्य बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। समावेशी विकास, सामाजिक न्याय और आर्थिक सशक्तिकरण के संतुलन के साथ प्रस्तुत यह बजट बिहार को चौमुखी विकास की श्रेणी में स्थापित करेगा और आने वाले वर्षों में राज्य की प्रगति को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी सहित एनडीए नेताओं को विकसित बिहार का बजट बनाने के लिए आभार प्रकट किया। स्वागत करने वालों में संतोष ठाकुर, राजू मिश्रा, संतोष कुमार, डॉ अशोक, सुनील मिश्रा, मंटू कुमार, बबलू गुप्ता आदि शामिल रहे।

# ग्रामीण बेरोजगारी व पलायन पर रोक के लिए 'विकसित भारत' ग्रामीण कृषि योजना की तैयारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती बेरोजगारी और पलायन की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण लगाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'विकसित भारत-ग्रामीण कृषि एवं वित्तीय वर्ष 2026-27' को जमीन पर उतारने की तैयारी तेज कर दी गई है। इस जी राम जी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर शेरघाटी प्रखंड स्तर पर गतिविधियां प्रारंभ हो चुकी हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए कार्यक्रम पदाधिकारी कौशल किशोर सिंह ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण श्रमिकों के लिए 125 दिनों के रोजगार की गारंटी तथा 60 दिनों की सवेतन छुट्टी का प्रस्ताव किया गया है। इस योजना के तहत सभी कार्य पारदर्शी तरीके से किए जाएंगे जिससे ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध हो सके और उन्हें रोजी-रोटी के लिए बाहर पलायन न करना पड़े। उन्होंने बताया कि इस अधिनियम के अंतर्गत होने वाले सभी कार्य विकसित भारत राष्ट्रीय ग्रामीण आर्थिक संरचना का अहम हिस्सा होंगे। योजना में जल सुरक्षा, ग्रामीण आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने, जलवायु परिवर्तन और प्रतिकूल मौसम के प्रभाव को कम करने वाले कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ ही कृषि से जुड़े संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। कार्यक्रम पदाधिकारी ने कहा कि योजना के अंतर्गत होने वाले विकास कार्यों की रूपरेखा विकसित ग्राम पंचायत योजना के माध्यम से तैयार की जाएगी। इन योजनाओं को पीएम गति शक्ति जैसी राष्ट्रीय स्थानिक योजना प्रणालियों से जोड़ा जाएगा।

# शाहाबाद को प्रमंडल बनाने के लिए अभियान शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** सभी मापदंड को पूरा करने के बावजूद शाहाबाद प्रक्षेत्र को अभी तक प्रमंडल का दर्जा नहीं मिलना दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। अब समय आ गया है कि यहां के लोगों को न्याय मिलना चाहिए। इसको लेकर शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति ने अभिनय व्यापक अभियान चलाने का निर्णय लिया है। ताकि सरकार करीब सवा करोड़ आबादी के भावनाओं का ख्याल रखते हुए न्याय करे। इस सम्बन्ध में शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष अखिलेश कुमार ने बताया कि प्रथम चरण में बिहार के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री तथा शाहाबाद के सभी विधानसभा एंव विधानसभा परिषद सदस्यों को पत्र दिया जा रहा है। साथ हीं इस गंभीर मुद्दे को विधानसभा के वर्तमान बजट सत्र के दौरान सदन में उठाने का आग्रह किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आजादी के दौरान वर्तमान बिहार में कुल 11 जिला था जिसमें 9 जिला प्रमंडल बन चुका है जबकि शाहाबाद को नजरंदाज कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बिहार के भागलपुर और कोसी इन दोनों प्रमंडलों से अधिक आबादी तथा क्षेत्रफल अकेले शाहाबाद है। कोसी तीन तथा भागलपुर मात्र दो जिला मिलकर प्रमंडल बना है जबकि शाहाबाद में रोहतास भोजपुर बक्सर तथा कैमूर चार जिला अवस्थित है। यहां का बोलचाल भाषा और खान-पान पटना प्रमुख के शेष भाग पटना नालंदा से अलग है। वहीं नौहट्टा अधौरा चैनपुर चांद जैसे क्षेत्र के लोगों वर्तमान प्रमंडल मुख्यालय पहुंचने के लिए 250 किलोमीटर तक दूरी तय करने को मजबूर होना पड़ता है। अखिलेश कुमार ने कहा कि शाहाबाद 22 में से 19 विधायक सरकार के साथ हैं और नीतीश सरकार विकास को लेकर काफी सक्रिय है। ऐसे में शाहाबाद प्रमंडल का दर्ज़ा जरूर मिलना चाहिए।

## मध्य विद्यालय सरैया में हाइजिन अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** स्टार्टअप सेल, गया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, गया के द्वारा मध्य विद्यालय सरैया, गया में हाइजीन अवेयरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराना तथा किशोरियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सैनिटरी पैड का वितरण करना रहा।

इस अवसर पर कॉलेज की ओर से स्टार्टअप सेल के फैकल्टी इंचार्ज प्रो. लवकुश गुप्ता एवं स्टार्टअप सेल कोऑर्डिनेटर सुशांत कुमार उपस्थित रहे। स्टार्टअप सेल के छात्र-छात्राओं अनन्या कुमारी, रोहित राज, अनामिका कुमारी, किमी कुमारी ने सक्रिय रूप से भाग लेते हुए जागरूकता सत्र, संवाद एवं वितरण कार्य को सफल बनाया। विद्यालय की ओर से जयशंकर कुमार ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता, हाथ धोने की सही विधि, मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन तथा स्वच्छ वातावरण के लाभों पर विस्तार से जानकारी दी गई। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विषय से जुड़े प्रश्न भी पूछे।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजन सरकार ने इस पहल की सराहना करते हुए आश्वासन दिया कि इस प्रकार के स्वच्छता जागरूकता एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कॉलेज प्रशासन आगे भी स्टार्टअप सेल के माध्यम से विद्यालयों और समाज के हित में ऐसे जनकल्याणकारी अभियानों को पूरा सहयोग प्रदान करेगा।

# हत्या मामले में दो अभियुक्तों को आजीवन कारावास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** हत्या से जुड़े 4 साल पुराने एक मामले में मंगलवार को सजा के बिंदू पर सुनवाई करते हुए जिला जज 10 उमेश राय की अदालत ने मामले में दो अभियुक्तों गुड्डू सिंह उर्फ अयोध्या सिंह एवं रामसागर सिंह दोनों निवासी ग्राम रामपुर, थाना कोचस को तीस-तीस हजार रुपए अर्थदंड सहित आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मामले के दो अन्य अभियुक्तों राज नारायण सिंह एवं चंदन सिंह को कोर्ट ने पर्याप्त साक्ष्य के आभाव में रिहा करने का आदेश जारी किया है। मामले की प्राथमिकी कोचस थाना कांड संख्या 38/ 2022 में दर्ज हुई थी जिसका ट्रायल सत्रवाद संख्या 713/ 2022 में चल रहा था। इस मामले में अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता अपर लोक अभियोजक राज किशोर विश्वकर्मा ने बताया कि उक्त घटना 14 फरवरी 2022 को कोचस थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में घटी थी जहां अभियुक्तों ने अपने दो अन्य साथियों राज नारायण सिंह एवं चंदन सिंह के साथ मिलकर मामले की सूचिका देवकन्या देवी के पुत्र धनजी सिंह को घर से बुलाकर गांव से सटे शंकर जी के मंदिर के पास गोली मारकर हत्या कर दी थी। अभियोजन पक्ष के तरफ से इस मामले में कुल आठ गवाहों की गवाही न्यायालय में दर्ज कराई गई थी जिसके बाद कोर्ट ने अभियुक्तों को शस्त्र अधिनियम की धारा 27 एवं भारतीय दंड विधान की धारा 302 के तहत दोषी पाते हुए उक्त सजा सुनाई है।

## श्वेतांशु ने किया 30वां रक्तदान, बने समाज सेवा की प्रेरणा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** पूनम ब्लड बैंक में श्वेतांशु ने अपना 30वां रक्तदान कर मानव सेवा के प्रति अपने निरंतर समर्पण को एक बार फिर साबित किया। रक्तदान जैसे महादान के माध्यम से वे न केवल जरूरतमंदों को जीवनदान दे रहे हैं, बल्कि समाज में जागरूकता भी फैला रहे हैं। श्वेतांशु सिंह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आनुषंगिक संगठन हिंदू जागरण मंच के जिला सह संयोजक के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और वर्षों से सामाजिक, धार्मिक एवं सेवा कार्यों में अग्रसर हैं।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. एमसी_डब्ल्यूसी_ 2500वैगन _आरएसपी_2आर25, दिनांक 29.01.2026,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर, पूर्व रेलवे, सियालदह, कक्ष सं. 42, प्रथम तल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित निविदा प्रारूप में पर्याप्त अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त ठेकेदारों से "एकल पैकेट प्रणाली" में मुहरबंद खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम/विवरण:** 01 वर्ष के लिए नैहाटी डिपो में आरओएच कार्य के लिए सभी किस्म के ग्रुप के 2500 वैगनों की मरम्मत। **निविदा मूल्य :** रु.5,70,44,228.65, **बयाना राशि :** रु. 4,35,200/-, **ठेका अवधि :** 01 वर्ष , **निविदा कागजात का मूल्य :** रु. 10,000/-, **बोली प्रारंभ करने की तिथि :** दिनांक 07.02.2026, **निविदा के बंद होने की तिथि और समय :** दिनांक 21.02.2026 को 11.00 बजे। **निविदा के खुलने की तिथि और समय :** दिनांक 21.02.2026 को 11.00 बजे। ई-निविदा सूचना एवं कार्य के पात्रता मानदंड समेत निविदा कागजात **www.ireps.gov.in** (वेबसाइट यूआरएल) से देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।
SDAH-376/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



**पूर्व मध्य रेल**

**ई. निविदा सूचना**

**ई-निविदा सूचना सं०- CWMPD-02-2025-26**
**दिनांक 30.01.2026**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, ब्रिज वर्कशॉप, पूर्व मध्य रेल, प्लान्ट डिपो, पं० दीन दयाल उपाध्याय द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनके प्रतिनिधि के रूप में निम्नलिखित कार्य के लिये प्रतिष्ठित फर्मो से ऑन लाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती है।

**ई-निविदा बंद होने की तिथि- 24.02.2026**

**1. कार्य का नाम एवं लोकेशन :** प्लान्ट डिपो, डीडीयू द्वारा कच्चे/निर्मित सामग्रियों जैसे पुल गर्डर, स्लैब, ग्ल्यूड ज्वाइन्ट इत्यादि का परिवहन का कार्य। **2. कार्य का अनुमानित लागत:** रू० 3,79,74,989.00, **3. जमानत राशि:** रू० 3,39,900.00, **4. ई-निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:** 24.02.2026, 12:00 बजे। **5. वेबसाईट पर ई-निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : www.ireps.gov.in**

**मुख्य कारखाना प्रबंधक/बी० डब्ल्यू० प्लान्ट डिपो, पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय**
**पीआर/1730/डी०डी०यू०/एमईसीएच./टी/25-26/32**


# श्री वेंकटेश मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा निकली




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** प्रखंड क्षेत्र के गौहरपुर स्थित मातृंड कात्यायनी शक्तिपीठ में कली मर्दन श्री वेंकटेश मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा सनातनी महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया है। यह महायज्ञ तीन फरवरी से ग्यारह फरवरी आयोजित होगा। आयोजन ब्रह्म कालिक अवतार फाउंडेशन के तत्वावधान में संपन्न किया जा रहा है। महायज्ञ के अंतर्गत सनातन धर्म, शिव पंचानन, आत्म-विकास एवं धर्माचरण से जुड़े प्रेरक संदेशों का प्रसार किया जाएगा। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक जागरण का संदेश भी दिया जाएगा। महायज्ञ से जलेश्वर नाथ पाण्डेय के नेतृत्व में भव्य जल यात्रा निकाली गई। यह जल यात्रा कात्यायनी शक्तिपीठ, गौहरपुर से प्रारंभ होकर कुडवा बाजार, बीजोपुर, सलेमपुर होते हुए फल्गु नदी बराज पुल के निकट पहुंची जहां विधि-विधान से पूजा-पाठ के उपरांत जल कलश में जल भरकर पुनः कात्यायनी शक्तिपीठ लाई गई। जल यात्रा में कुल 251 कलश शामिल रहे जिसमें 5 प्रधान कलश थे। यात्रा के दौरान डीजे, बाजा-गाजा एवं घोड़ा-गाड़ी आकर्षण का केंद्र रहा। आयोजन समिति के अनुसार यह महायज्ञ नौ दिवसीय है जिसमें प्रतिदिन वैदिक विधि से पूजा-अर्चना की जाएगी। इस महायज्ञ का आयोजन जे. एन. पांडे, योगेश शर्मा एवं संपूर्ण कात्यायनी परिवार के संयुक्त प्रयास से किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान वैदिक अनुष्ठान, हवन, प्रवचन, भजन-कीर्तन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का विशेष आयोजन होगा। श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण एवं दरबार में दर्शन-पूजन की समुचित व्यवस्था की गई है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि इस महायज्ञ से पूरे क्षेत्र में धार्मिक आस्था, आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक एकजुटता का वातावरण बनेगा। मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर दूर-दराज से साधु-संत, विद्वान पंडित एवं भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे परिवार सहित इस दिव्य और भव्य सनातनी महायज्ञ में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें और आयोजन को सफल बनाएं।


**बिहार सरकार**

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग

**बिहार के सभी जिलों में संचालित 39 अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों में पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के छात्राओं के निःशुल्क आवासन एवं शिक्षण हेतु सत्र 2026-27 के लिए वर्ग - VI में 1560, वर्ग-VII में 338, वर्ग-VIII में 123 एवं वर्ग - IX में 157 सम्भावित रिक्तियों के विरूद्ध नामांकन से संबंधित सूचना**

**परीक्षा हेतु आवश्यक सूचनाः-**

- ✓ वर्ग-VI, VII, VIII एवं वर्ग-IX में नामांकन वस्तुनिष्ठ परीक्षा के आधार पर होगा। कुल 100 अंको का वस्तुनिष्ठ प्रश्न पत्र दो घंटे का होगा, जिसमें हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान प्रत्येक विषयों से 20-20 अंको का प्रश्न पूछा जाएगा।
- ✓ नामांकन हेतु 01.04.2026 को आयु सीमा वर्ग-VI के लिए 10-13 वर्ष, वर्ग-VII के लिए 11-14 वर्ष, वर्ग-VIII के लिए 12-15 वर्ष एवं वर्ग-IX के लिए 13-16 वर्ष होनी चाहिए।
- ✓ आवेदन पूर्ण रूपेण ऑनलाईन (bcebconline.bihar.gov.in) के माध्यम से किया जा सकेगा। ऑनलाईन आवेदन करने में कठिनाई होने की स्थिति में आवेदक अपने जिला के जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय में सम्पर्क कर अपेक्षित सहयोग प्राप्त कर सकते है।
- ✓ प्रवेश परीक्षा हेतु प्रवेश-पत्र ऑनलाईन विभागीय पोर्टल bcebconline.bihar.gov.in से डाउनलोड किया जा सकेगा अथवा संबंधित जिला के जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण कार्यालय से निर्धारित अवधि में प्राप्त किया जायेगा।
- ✓ ऑनलाईन आवेदन भरते समय अभ्यर्थियों को अंचल द्वारा निर्गत जाति, आय, आवासीय प्रमाण-पत्र, फोटोग्राफ, हस्ताक्षर को निर्धारित स्थान पर अपलोड करना आवश्यक है।
- ✓ **आवेदिका के माता-पिता/अभिभावक की वार्षिक आय तीन लाख तक हो।**
- ✓ **परीक्षा एवं नामांकन निःशुल्क**
- ✓ **नामांकन हेतु आवेदिका की जन्म तिथि उनके शैक्षणिक प्रमाण-पत्र (विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र (S.L.C.) में अंकित तिथि ही अंतिम रूप से मान्य होगा।**

**नामांकन प्रक्रिया की तिथिः-**

- ✓ आवेदन-पत्र समर्पण -10.01.2026 से 16.02.2026 तक
- ✓ प्रवेश-पत्र प्राप्ति - 21.02.2026 से 28.02.2026 तक
- ✓ परीक्षा तिथि - 01.03.2026 (रविवार)
- ✓ परीक्षाफल प्रकाशन - 13.03.2026
- ✓ नामांकन - 16.03.2026 से 23.03.2026 तक
- ✓ कक्षा प्रारम्भ - 01.04.2026



जिलावार अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय में शैक्षणिक वर्ष 2026-27 में नामांकन हेतु कक्षावार रिक्त सीटों की विवरणी :-

| क्र0 सं0 | जिला | संचालित जिला | कक्षा-VI | कक्षा-VII | कक्षा-VIII | कक्षा-IX |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अररिया | अररिया | 40 | 2 | 4 | 1 |
| 2 | अरवल | अरवल | 40 | 28 | 0 | 15 |
| 3 | औरंगाबाद | औरंगाबाद | 40 | 11 | 1 | 2 |
| 4 | भागलपुर | भागलपुर | 40 | 0 | 2 | 0 |
| 5 | बक्सर ** | बक्सर | 40 | 21 | 6 | 7 |
| 6 | दरभंगा | दरभंगा | 40 | 2 | 1 | 2 |
| 7 | गया | गया | 40 | 1 | 2 | 0 |
| 8 | गोपालगंज ** | गोपालगंज | 40 | 12 | 5 | 7 |
| 9 | जहानाबाद | जहानाबाद | 40 | 8 | 2 | 3 |
| 10 | कैमूर | कैमूर | 40 | 12 | 1 | 7 |
| 11 | खगड़िया | खगड़िया | 40 | 2 | 2 | 2 |
| 12 | किशनगंज | किशनगंज | 40 | 0 | 1 | 2 |
| 13 | मधेपुरा | मधेपुरा | 40 | 1 | 0 | 2 |
| 14 | मुंगेर | मुंगेर | 40 | 1 | 1 | 1 |
| 15 | नालंदा | नालंदा | 40 | 4 | 2 | 1 |
| 16 | नवादा | नवादा | 40 | 15 | 6 | 9 |
| 17 | पटना (मोकामा) | मोकामा, पटना | 40 | 3 | 1 | 1 |
| 18 | पूर्णियाँ | पूर्णियाँ | 40 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | रोहतास | रोहतास | 40 | 9 | 2 | 5 |
| 20 | सहरसा | सहरसा | 40 | 3 | 0 | 0 |
| 21 | समस्तीपुर | समस्तीपुर | 40 | 1 | 2 | 1 |
| 22 | शेखपुरा | शेखपुरा | 40 | 3 | 0 | 2 |
| 23 | सिवान | सिवान | 40 | 14 | 13 | 10 |
| 24 | सुपौल | सुपौल | 40 | 1 | 1 | 4 |
| 25 | भोजपुर * | रोहतास में संचालित | 40 | 24 | 5 | 9 |
| 26 | जमुई ** | मुंगेर में संचालित | 40 | 13 | 5 | 0 |
| 27 | कटिहार * | पूर्णियाँ में संचालित | 40 | 0 | 0 | 2 |
| 28 | लखीसराय * | शेखपुरा में संचालित | 40 | 16 | 2 | 3 |
| 29 | मधुबनी * | दरभंगा में संचालित | 40 | 11 | 5 | 7 |
| 30 | मुजफ्फरपुर* | खगड़िया में संचालित | 40 | 3 | 4 | 3 |
| 31 | पटना* | जहानाबाद में संचालित | 40 | 8 | 0 | 0 |
| 32 | पश्चिम चम्पारण * | प0चम्पारण में संचालित | 40 | 17 | 5 | 2 |
| 33 | पूर्वी चम्पारण ** | | 40 | 16 | 3 | 14 |
| 34 | छपरा (सारण)* | सिवान में संचालित | 40 | 14 | 0 | 0 |
| 35 | शिवहर* | मधेपुरा में संचालित | 40 | 25 | 17 | 16 |
| 36 | सीतामढ़ी * | सहरसा में संचालित | 40 | 10 | 3 | 4 |
| 37 | बाँका ** | बाँका में संचालित | 40 | 6 | 5 | 4 |
| 38 | बेगूसराय ** | समस्तीपुर में संचालित | 40 | 8 | 7 | 2 |
| 39 | वैशाली* | | 40 | 13 | 7 | 7 |
| | कुल रिक्तियां | | **1560** | **338** | **123** | **157** |

* उक्त विद्यालय अन्य जिलों में संचालित है।

** मई, 2026 तक विद्यालय अपने जिला में नव निर्मित भवन में संचालित कर दिया जायेगा।

अधिक जानकारी हेतु संबंधित जिला पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी/प्रमंडलीय उप निदेशक, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण के कार्यालय से एवं विभाग के वेबसाईट : https://bcebconline.bihar.gov.in/schoolmis/Default.aspx से प्राप्त कर सकते है।

**निदेशक,**
पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार, पटना।

PR. No. 023313 (BC & EBC) 2025-26

संपादकीय

# सुनेत्रा पवार : भाजपा का खेला!

महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस (अजित) के दिवंगत नेता और उप मुख्यमंत्री अजित पवार के अंतिम संस्कार के दो दिन बाद ही उनकी पत्नी और राज्यसभा सांसद सुनेत्रा पवार का राकांपा विधायक दल का नेता चुना जाना और तत्काल उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ले लेना न केवल हैरान करता है बल्कि साफ संकेत देता है कि अब आगे राकांपा भाजपा के हिसाब से चलेगी। इसके पीछे एक सुनियोजित सियासी स्क्रिप्ट है। अजित पवार ने राज्य में भाजपा के साथ सत्ता में साझेदारी करते हुए भी पार्टी की अलग पहचान बनाए रखने की पूरी कोशिश की थी। लेकिन राकांपा में वही होगा, जो भाजपा चाहेगी। शिवसेना (उद्धव) के सांसद संजय राउत ने इस जल्दबाजी पर सवाल उठाया है कि आखिर शपथ लेने की इतनी भी क्या जल्दी थी कि शोकावधि समाप्त होने का इंतजार भी नहीं किया गया। जबकि राज्य के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने सुनेत्रा पवार को डिप्टी सीएम बनाकर भी वित्त जैसा अहम विभाग नहीं दिया। सुनेत्रा पवार के उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस तरह उन्हें सोशल मीडिया पर पोस्ट कर राज्य की पहली महिला मुख्यमंत्री होने की बधाई दी, उसी से रणनीति साफ हो गई। सवाल यह है कि राज्य में शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) के साथ अच्छा ख़ासा बहुमत होने के बाद भी बीजेपी ने सुनेत्रा पवार को डिप्टी सीएम क्यों बनाया? गौरतलब है कि पिछले विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने महायुति के झंडे तले लड़ा था, एनसीपी और शिवसेना (शिंदे) के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। महाराष्ट्र विधानसभा में 288 सीटें हैं और सरकार बनाने के लिए 145 सीटों की ज़रूरत होती है। गठबंधन में चुनाव लड़ने के बावजूद बीजेपी 132 सीटें जीत कर अकेले बहुमत हासिल करने के क़रीब पहुंच गई थी। फिर भी उसने 57 सीट वाली शिवसेना और 41 सीट वाली एनसीपी को सरकार का हिस्सा बनाया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सुनेत्रा पवार को इतनी जल्दी डिप्टी सीएम बनाकर बीजेपी राज्य की राजनीति में कई बिंदुओं को साधा है। पहला तो यह कि भाजपा और शिवसेना की विचारधारा भाजपा के समान है, लिहाजा उससे भाजपा को कोई खतरा नहीं है। लेकिन राकांपा महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ी ताक़त है। उसमें सेंधमारी करना भाजपा का लक्ष्य रहा है। हकीकत में मराठा लॉबी पर शरद पवार का असर खत्म करने के लिए भाजपा ने यह दांव चला है। यही कारण है कि राकांपा विधायक दल में निर्णय ले लिया गया और सुनेत्रा के ससुर शरद पवार को इसकी जानकारी नहीं दी गई। इतना ही नहीं सुनेत्रा पवार द्वारा राज्यसभा की सीट खाली करने पर उनकी जगह पार्थ पवार को भेजने का फैसला भी कर लिया गया। शपथ लेने से पहले सुनेत्रा शरद पवार से मिलने तक नहीं गई। इस घटनाक्रम के बाद राकांपा के एक होने की संभावनाओं पर भी पलीता लग गया है। उधर शरद पवार ने फिर से राज्यसभा जाने से इंकार कर दिया है। वैसे भी उनके पास विधानसभा में इतनी सीटें नहीं हैं कि वो राज्यसभा में जा सकें। अब संभावना इस बात की है कि राकांपा शरद पवार वाला धड़ा अंततः बीजेपी में ही शामिल हो जाए। या फिर सुनेत्रा पवार को नेतृत्व स्वीकार कर राकांपा के दोनों धड़ों का विलय हो जाए। लेकिन उस स्थिति में शरद पवार की बेटी और लोकसभा सांसद सुप्रिया सुले का क्या होगा, यह भी बड़ा सवाल है। कुल मिलाकर भाजपा का सुनेत्रा दांव महाराष्ट्र की राजनीति से शरद पवार की ताकत को पूरी तरह खत्म करना है और प्रकारांतर से सात दशकों से हावी रही मराठा लॉबी को भी कमजोर करना है। जिसमें वह फिलहाल तो सफल होती दिखती है।

# आर्थिक सर्वेक्षण और बिहार का बजट दिखाती त्वरित विकास का आईना

**डॉ. वाई एल दास**
**निदेशक, शोध, बिहार विद्यापीठ**



आर्थिक सर्वेक्षण अर्थ व्यवस्था की दशा दिखाती है जबकि बजट भावी विकास की रूप रेखा प्रस्तुत करती है। बिहार का आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 बिहार की विकास की तीव्र प्रगति की तस्वीर प्रस्तुत करती है। आर्थिक सर्वेक्षण से यह तथ्य प्रकट होता है कि बिहार का विकास काफी तेज रहा है। वर्ष 2024-25 में बिहार का विकास दर 13.1 प्रतिशत रही है जो विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि यह एक ओर जहाँ राष्टीय विकास दर (7.3 प्रतिशत) से काफी अधि एक है वहीं कई अन्य राज्यों की विकास दर की तुलना में भी अधिक है।

बिहार में प्रति व्यक्ति आय जो 2023-24 में 68.624/- रूपये थी वह बढ़कर 76.490/-रूपये हो गयी। इस प्रकार वार्षिक वृद्धि दर 11.46 प्रतिशत रही।

आर्थिक सर्वेक्षण से विदित है कि वर्ष 2021 से 2024-25 के बीच सरकारी पदों पर भर्तियों के उद्देश्य से 4.94 लाख पदों के लिए विज्ञापन जारी हुआ। केवल 2023-24 में कुल विज्ञापन का 87 प्रतिशत पद विज्ञापित हुआ। वस्तुतः यह सरकारी क्षेत्र में रोजगार प्रदान करने की सराहनीय प्रयास रही है। आगे भी यह प्रयास जारी रहे, इसे और अधिक बढ़ाया जाय, यह सर्वथा आवश्यक है।

राज्य का सकल घरेलू उत्पाद, शिक्षा, ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, प्रोसेसिंग, ऊर्जा आदि पर व्यय की दृष्टि से भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। अब आगे इसे और गतिमान करने के लिए बजट में (2026-27) में प्रावधान किया गया है। उक्त वर्ष का कुल बजट 3.47,589/- (तीन लाख सैतालिस हजार पाँच सौ नवासी) करोड़ का है जो विगत वर्ष की तुलना में 30.000/- (तीस हजार) करोड़ से अधिक का है। इस प्रकार बजट का आकार यह संकेत देती है कि विकास की गति को तीव्र करने की संकल्पना है। शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास, औद्योगिक विकास, इत्यादि बजट की मुख्य केन्द्रबिन्दु है। शिक्षा पर 68.216 करोड़, स्वास्थ्य पर 21.270 करोड़ और ग्रामीण विकास पर 23,701 करोड़ रूपये का आवंटन हुआ है। यह इस बात का द्योतक है कि सर्वाधिक आवश्यकता और सर्वाधिक महत्य शिक्षा क्षेत्र को है।

औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन सरकार की उच्च प्राथमिकता रही है। इस दृष्टि से उद्योग में 50 लाख करोड़ के निजी निवेश की उद्घोषणा भी उत्यधिक महत्वपूर्ण है।

पाँच नये एक्सप्रेसवे का निर्माण, शहरी गरीबों को आवास देने का प्रावधान और किसानों को पहले से अधिक 3000/- रूपये सलाना देने का संकल्प सराहनीय है।

कुल मिलाकर ऐसा प्रतीत होता है कि बिहार सरकार त्वरित विकास का सघेष्ट प्रयास करने हेतु कृत संकल्पित है। बजट की सफलता प्रावधानों के सही क्रियान्वयन से ऑकी जायेगी। सरकारी सेवा एवं निजी क्षेत्रों में तथा उद्योगों में रोजगार सृजन बजट के सफलता का परिचायक होगा। अपेक्षित है कि एक करोड़ लोगों के रोजगार देने के लिए बड़े उद्योग (थीनी मिल, जूट मिल, सूत मिल इत्यादि) की स्थापना को उच्च प्राथमिकता दी जाय। साथ ही लघु उद्योगों को भी प्रोत्साहन दी जाय ताकि चतुर्दिक विकास का संकल्प पूरी हो सके।

# एटम बम और गांधी: जीत किसकी होगी

**रघु ठाकुर**

अमेरिकी लोकतंत्र पूँजीशाही का और कारपोरेट का लोकतंत्र रहा परंतु इस जीवनशैली में उदारवाद के कुछ गुण भी थे। अब वह पूंजीवादी लोकतंत्र के साथ साथ कट्टरपंथी और व्यक्ति नियंत्रित तानाशाह लोकतंत्र में बदल रहा है। अमेरिका की प्रणाली संसदीय नहीं वरन् राष्ट्रपति प्रणाली है। अमेरिका का संवैधानिक ढाँचा राज्यों को अधिकार तो देता है परंतु समूचे देश के नियंत्रण व निर्णय के अधिकार राष्ट्रपति में निहित है। अब स्थिति यह है कि श्री डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका के कई सदियों के लोकतांत्रिक इतिहास को भुलाकर अपने देश के हर क्षेत्र को चाहे वह पूंजी का हो, व्यापार का हो, शिक्षा का हो, विदेश नीति का हो, अपने सीधे नियंत्रण में लेना शुरू कर दिया है। मैं मानता और जानता हूँ कि कई मजहबी जमातों में कट्टरपंथ का गहरा प्रवेश है कुछ इसलिए भी की उनके धर्मग्रंथ उन्हें अपने ही विचार के लिए अंतिम रूप से श्रेष्ठ मानने के लिए प्रेरित करते है और इसका परिणाम अन्यों के प्रति प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष घृणा और दुर्भाव में होता है। इसके भी कितने ही उदाहरण हमारे सामने है। हालांकि इन मजहबी प्रतिक्रियाओं का नुकसान अभी तक उन्हीं मुल्कों को ज्यादा उठाना पड़ा है जिनकी तरफ से प्रतिक्रियाँ हुई थी। न्यूयॉर्क में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के हमले के बाद समूची दुनिया ने अमेरिका का समर्थन किया और अमेरिका ने ओसामा बिन लादेन को खत्म करने के साथ-साथ वर्षों तक अफगानिस्तान में अपने सेना का नियंत्रण बना के रखा। यह भी किसी से छिपा नहीं है कि अफगानिस्तान में तालिबान को पैदा करने का काम भी अमेरिका ने ही किया था यद्यपि तालिबान के शासन के पहले भी वह इस्लामिक देश ही था, उसका इस्लामिक शासक था परंतु रूस समर्थक था और तालिबान ने मजहब के नाम पर अपने शासक की हत्या कर, उसे चौराहे पर टांग दिया था। बाद में जब तालिबान ने महसूस किया कि वे ही शक्तिमान है तो उसने अमेरिका पर आतंकवादी हमला किया और परिणामस्वरूप अफगानी अनेको वर्षों तक गुलामी में रहे और पिटे और मिटे। ईरान में शाह की सत्ता को हटाने के बाद, खामनई धर्मगुरु की सत्ता आई और जब उसने शाह की संपत्ति को अमेरिका से वापस माँगा और अमेरिका के द्वारा वापिस नहीं दिए जाने पर, ईरान में अमेरिका की लगाई गई पूंजी को जब्त किया वहीं अमेरिकी सत्ता के खिलाफ शक्तियों के साथ दोस्ताना सम्बंध शुरू किया।

ईरान को काबू करने के लिए अमेरिका ने सद्दाम हुसैन को आगे बढ़ाया और ईरान बनाम इराक की आग लगाई। प्रारंभिक दौर में सद्दाम हुसैन अमेरिका की आँख के तारे रहे। यहाँ तक की उस दौर में चालीस लाख से अधिक लोग मारे गए परंतु जब सद्दाम ने अपने मर्जी से राज करना शुरू किया और अमेरिकी डॉलर को चुनौती देकर यूरो को बढ़ावा दिया, तेल के व्यापार को यूरो में बढ़ाने का प्रयास किया तो नरसंहारक हथियारों के नाम पर अमेरिका ने सद्दाम को खत्म किया और ईराक को एक प्रकार की अराजक स्थिति में ला दिया।

हालांकि जब जांच रपटें आई तब मालूम पड़ा की इराक़ के पास नरसंहारक हथियार थे ही नहीं। हालांकि सद्दाम का शासन भी इराक में लगभग व्यक्ति परक शासन था और उन्होंने अमर्यादित व्यवहार शुरू किया था। इराक़ में उस होटल के सामने जहाँ विदेशी मेहमान आकर ठहरते थे, सद्दाम ने फर्श पर सीनियर जॉर्ज बुश का चित्र बनवा दिया था ताकि विदेशी मेहमान उनके चित्र पर जूते रखकर निकले। शायद इराक़ी सरकार और सद्दाम को मिटाने का एक कारण यह वैयक्तिक अमर्यादित आचरण भी था जिसका बदला उनके बेटे बुश ने राष्ट्रपति बनकर लिया।

अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प फिर से लगभग दो-तीन दशक के बाद अमेरिका को पुनः विश्व शक्ति स्थापित करने के नाम पर और अमेरिका के विदेश नीति के छोड़े हुए स्थान को फिर से वापस लाने की योजना में है। इसके लिए उन्हें सामरिक और आर्थिक शक्ति चाहिए। सामरिक शक्ति तो उनके पास है ही परंतु अमेरिका और चीन में आर्थिक समझौते के बाद जिस तरह चीन ने अमेरिकी बाजार पर कब्जा किया था, उसने अमेरिकी आर्थिक क्षमता को घटाया था तथा जिन जिन देशों पर अपने नियंत्रण को अमेरिका ने अपने आर्थिक तंगी की वजह से छोड़ा था उन सभी केंद्रों पर अब पुनः अमेरिका की नजर है। अपनी आर्थिक क्षमता को पुनरू स्थापित करने के लिए डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका में आने वाले दुनिया के आयातित सामनों पर टैरिफ बढ़ाना शुरू किया है। यह टैरिफ हथियार भी अणु बम से कम खतरनाक नहीं है क्योकि जो दुनिया के छोटे कमजोर या रंगीन देश अमेरिका में अपने माल भेजकर अपनी अर्थ क्षमता को बढ़ा रहे थे और अमरीकी कोष घटता जा रहा था।

## अध्यात्म

### हर स्थिति में रहना चाहिए सकारात्मक

जीवन में उतार-चढ़ाव तो आते-जाते रहते हैं। कभी हालात हमारे मन के मुताबिक होते हैं, तो कभी बिल्कुल उलट। ऐसे में सबसे जरूरी है- धैर्य और हमारी सोच का सकारात्मक होना। निराशा व्यक्ति को आगे बढ़ने से रोक देती है, जबकि सकारात्मक सोच मुश्किल से मुश्किल हालात में भी रास्ता दिखा देती है और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। धैर्य और सकारात्मकता ही सफल जीवन के मूल सूत्र हैं। ये बात एक लोक कथा से समझ सकते हैं, जानिए ये लोक कथा... पुराने समय की बात है। किसी क्षेत्र में एक संत बहुत प्रसिद्ध थे। उनकी बुद्धिमानी और शांत स्वभाव के कारण सभी उनका सम्मान करते थे। लोग दूर-दूर से अपनी समस्याएं लेकर उनके पास आते थे और संत अपने सरल उपदेशों से सभी को सही रास्ता दिखा देते थे। संत के आश्रम में कई शिष्य भी उनके साथ रहते थे। गांव के लोग रोज आश्रम आते और संत के प्रवचन सुनते। एक दिन संत का एक धनी भक्त आश्रम पहुंचा और उसने गाय दान में दी। गाय को देखकर सभी शिष्य बहुत खुश हो गए। सबके मन में एक ही बात थी कि अब रोज ताजा दूध पीने को मिलेगा। शिष्यों ने खुशी-खुशी यह बात अपने गुरु को बताई। संत ने मुस्कुराते हुए कहा कि अच्छी बात है, अब सभी को दूध मिलेगा। इसके बाद कुछ दिनों तक आश्रम में सभी को भरपूर दूध मिलने लगा। शिष्य और संत सभी नियमित रूप से दूध पी रहे थे, लेकिन कुछ समय बाद वही दानी व्यक्ति आश्रम आया और उसने अपनी गाय वापस मांग ली। संत ने बिना किसी झिझक के गाय उसे लौटा दी। यह देखकर सभी शिष्य उदास हो गए। उन्हें लगा कि अब ताजा दूध नहीं मिलेगा। शिष्यों के निराश चेहरे देखकर गुरु ने कहा कि निराश होने की कोई जरूरत नहीं है। अब हमें गाय का गोबर और गंदगी साफ नहीं करनी पड़ेगी। इससे हमारा काफी समय बचेगा। अब हम उस समय का उपयोग तप, ध्यान और पढ़ाई में कर सकते हैं। एक शिष्य ने पूछा कि गुरुजी, क्या आपको इस बात का दुख नहीं हुआ कि अब दूध नहीं मिलेगा? गुरु ने उत्तर दिया कि हमें हर हाल में सकारात्मक रहना चाहिए। यही सुखी और सफल जीवन का रहस्य है। जब गाय मिली, तब भी हमने ज्यादा खुशी नहीं मनाई और जब चली गई, तब भी हम दुखी नहीं हुए। गाय की वजह से सफाई में समय जाता था। अब वही समय हम अपने विकास में और प्रभु की भक्ति में लगाएंगे। सभी शिष्य गुरु की बात समझ गए और उनके मन की निराशा दूर हो गई।

# आत्मनिर्भरता के लिए उद्योग केंद्रित बजट

**बजट में जैविक औषधीय दवाओं के उत्पादन के लिए 40 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान है। बायोफार्मा के क्षेत्र में भारत को वैश्विक हब बनाया जाएगा।सरकार आयुर्वेद दवाओं के निर्माण को बढ़ावा देगी। इन दवाओं का निर्माण इसलिए जरूरी है, क्योंकि ये रोग को जड़ से दूर करती हैं।सात द्रुत गति के रेल गलियारे बनेंगे। पटना और वाराणसी में जहाजों की मरम्मत के कारखाने खुलेंगे।छोटे नगरों में तीर्थस्थल विकसित होंगे।इस उपाय से छोटे नगरों में धार्मिक पर्यटन बढेगा।इससे स्थानीय लोगों को धर्म संबंधी रोजगार मिलेंगे। एक जिला,एक उत्पाद योजना को बढ़ावा दिया गया है।साफ है यह बजट अन्य आम बजटों से एकदम अलग है। इसमें मतदाता को लुभाने और आयकरदाताओं को संतुष्ट करने का कोई प्रावधान नहीं है।यह युवाओं की आत्मनिर्भरता और रोजगार के लिए उद्योग केंद्रित बजट है, जिसके स्थाई और फलदायी परिणाम धीमी गति से आएंगे।**

**प्रमोद भार्गव**

नए आम बजट से उम्मीद की जा रही थी कि यह आयकर की सारिणी में छूट और पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर लोक-लुभावन बजट होगा।लेकिन यह बजट इसके विपरीत आत्मनिर्भरता के लिए उद्योग केंद्रित बजट है। जिसके स्थाई और रोजगार देने वाले परिणाम आने में थोड़ा समय लगेगा। इस बजट की उम्मीदों में तमाम आर्थिक उथल-पुथल और भू-राजनीतिक तनावों के बावजूद अगले वित्त वर्ष में भारत के तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाने की बुनयाद रख दी है।इस समय भारत उद्योग, प्रौद्योगिकी और दवाओं के कच्चे माल के लिए चीन पर निर्भर है, किंतु यह बजट कालांतर में चीन को चुनौती बनने वाला है। क्योंकि इस बजट में दुर्लभ खनिजों के उत्खनन को बढ़ावा देने के द्वार खोले जा रहे हैं।

अमेरिका की निगाहें वेनेजुएला के तेल, डेनमार्क के ग्रीनफील्ड और आर्कटिक के दुर्लभ खनिजों पर टिकी हैं। चीन और रूस आर्कटिक क्षेत्र में खनिज उत्खनन में लग गए हैं। भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ खनिज के साथ कृषि भी है। अतएव ईयू से जो संधि हुई है, उसके तहत भारत को स्टील, एल्युमिनियम, सीमेंट, पेपर, ग्लास, तेल रिफाइनरी और खाद के निर्यात का लाभ मिलेगा। इस दृष्टि से भारत भूमि को कुदरत ने अटूट प्राकृतिक संपदा दी हुई है। इस संपदा का उत्खनन और उसका उपयोग देश के लोगों के लिए हो, इस नजरिए से दुर्लभ खनिजों के उत्खनन के लिए बजट में ओडिशा, केरल और आंध्रप्रदेश के बीच गलियारा बनाए जाने के लिए 10 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय जलमार्ग भी बनाए जाएंगे। साथ ही वस्त्र,खेलकूद सामग्री, जैविक दवाओं, कंटेनर, इलेक्ट्रॉनिक्स, के उत्पादन को बढ़ावा दिया गया है। रसायन पार्क विकसित होंगे।सेमीकंडक्टर मिशन दो की शुरुआत की जाएगी। चूंकि सरकार कृत्रिम बुद्धिमत्ता को बढ़ावा देने के उपाय निरंतर कर रही है, इस हेतु सेमीकंडक्टर की उपलब्धता जरूरी है। इस दृष्टि से यह उत्पादन और निर्माण के ढांचागत विकास को स्थापित करने का महाबजट है।

दुर्लभ खनिजों के उत्खनन की सुविधा हेतु संसद के मानसून सत्र में माइंस और मिनरल्स संशोधन विधेयक पहले ही पारित हो चुका है। इस नए कानून से व्यवसायियों को लीज पर खनन करने के लिए बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के लीथियम, कोबाल्ट, निकल, हीरा जैसे दुर्लभ खनिजों के उत्खनन की सुविधा भी मिल गई है। भारत इन खनिजों के लिए अब तक चीन पर निर्भर था, लेकिन चीन ने इनके निर्यात पर रोक लगा दी थी। यही वे खनिज हैं, जो क्वांटम कंप्यूटर, इलेक्ट्रिक कारों की बैटरी और अंतरिक्ष उपकरणों में काम आते हैं। हालांकि ट्रंप द्वारा लगाए गए अनर्गल टैरिफ के बाद चीन ने भारत को उपरोक्त खनिज देने का वादा किया हुआ है।हालांकि ईयू से समझौते के बाद दुर्लभ खनिजों के आयात-निर्यात का दायरा विस्तृत हो गया है। भारत ने अब खनिज क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का अभियान चलाया हुआ है। क्योंकि भारत की धरती पर इस नजरिए से प्रचुर मात्रा में धरती के गर्भ में हर तरह के खनिज मौजूद हैं। इसीलिए भारत अब अपनी शर्तों पर विकसित देशों के साथ व्यापार भी करेगा। इस बजट से इस व्यापार को मजबूती मिलेगी।




ओडिशा, केरल,आंध्र,राजस्थान,जम्मू-कश्मीर और मध्यप्रदेश की धरती के गर्भ में खनिजों का खजाना भरा पड़ा है। इसके दोहन के लिए उद्योगपति बेरकरार हैं। लेकिन पर्यावरणीय अड़चनों के कारण पूंजीनिवेश से बचते हैं। लेकिन अब माइंस और मिनरल्स संशोधन विधेयक पारित हो जाने से उद्योगपति निवेश के लिए आगे आएंगे। मध्यप्रदेश की धरती हीरा और सोना तो उगलती ही है, तांबे और चूने का यहां सबसे ज्यादा उत्पादन होता है। कटनी में चूने के भंडार हैं। शडहोल और उमरिया में कोयला एवं बॉक्साइड, छिंदवाड़ा में कोयला, बैतूल में ग्रेफाइड और सतना में सिमेंट के भंडार भरे पड़े हैं। मध्यप्रदेश में ईंधन खनन के लिए 12 क्षेत्र चिन्हित किए हैं। कोयला आधारित 37 प्रतिशत मीथेन का उत्पादन प्रदेश में हो रहा है। जबलपुर में सोने के नए भंडार मिले हैं। ग्रेफाइट सहित 30 दुर्लभ खनिज तत्वों की खोज की गई है। इनके उत्खनन व प्रसंस्करण के बाद लीथियम और लौह अयस्क के लिए सीधी में एक क्षेत्र चिन्हित कर दिया गया है।

इसके अलावा बजट में जैविक औषधीय दवाओं के उत्पादन के लिए 40 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान है। बायोफार्मा के क्षेत्र में भारत को वैश्विक हब बनाया जाएगा।सरकार आयुर्वेद दवाओं के निर्माण को बढ़ावा देगी। इन दवाओं का निर्माण इसलिए जरूरी है, क्योंकि ये रोग को जड़ से दूर करती हैं।सात द्रुत गति के रेल गलियारे बनेंगे। पटना और वाराणसी में जहाजों की मरम्मत के कारखाने खुलेंगे।छोटे नगरों में तीर्थस्थल विकसित होंगे।इस उपाय से छोटे नगरों में धार्मिक पर्यटन बढेगा।इससे स्थानीय लोगों को धर्म संबंधी रोजगार मिलेंगे। एक जिला,एक उत्पाद योजना को बढ़ावा दिया गया है।साफ है यह बजट अन्य आम बजटों से एकदम अलग है। इसमें मतदाता को लुभाने और आयकरदाताओं को संतुष्ट करने का कोई प्रावधान नहीं है।यह युवाओं की आत्मनिर्भरता और रोजगार के लिए उद्योग केंद्रित बजट है, जिसके स्थाई और फलदायी परिणाम धीमी गति से आएंगे। जो देश की अर्थव्यवस्था को न केवल मजबूती देंगे, बल्कि देश को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने का काम करेंगे।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

व्यापार से जुड़े लोगों को कठिन निर्णय लेने पड़ सकते हैं। आज किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

**वृषभ**

कारोबार में विस्तार करने के लिये दिन अनुकूल है। किसी महत्वपूर्ण कार्य को लेकर योजना पर चर्चा कर सकते हैं। उत्तम भोजन का आनन्द लेंगे।

**मिथुन**

आज पुराने मामले को लेकर परेशानी हो सकती है। विद्यार्थियों की शिक्षा में थोड़ी बाधा उत्पन्न हो सकती है। अनावश्यक खर्चों पर नियन्त्रण रखें।

**कर्क**

व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक लाभ हो सकता है। प्रेमीजन के साथ एकान्त में समय बिताना पसन्द करेंगे। अपने खानपान की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।

**सिंह**

किसी महत्वपूर्ण परियोजना को लेकर दुविधा की स्थिति में फँस सकते हैं। जीवनसाथी के लिये आज कुछ कीमती वस्तुओं को खरीद सकते हैं।

**कन्या**

यात्राओं के दौरान थोड़ी सावधानी रखनी चाहिये। उच्चाधिकारियों के बीच आपकी अत्यधिक चर्चा होगी। विद्यार्थियों के लिये दिन बहुत ही अच्छा है।

**तुला**

सोच-विचार कर ही काम करें। अपने काम से असन्तुष्ट हो सकते हैं। अनावश्यक खर्च अचानक से बढ़ सकते हैं। इसके कारण जीवन में कुछ उथल-पुथल हो सकती है।

**वृश्चिक**

कार्यक्षेत्र में आप अपने काम में सुधार लाने का प्रयास करेंगे। राजनीतिक लोगों को उच्च पद प्राप्त हो सकता है। आपको काफी कुछ सीखने को मिलेगा।

**धनु**

आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहेगा। सामाजिक जिम्मेदारी को लेकर थोड़े तनाव में हो सकते हैं। किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं।

**मकर**

जीवनसाथी के साथ रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। बच्चों के व्यवहार से आप थोड़ा परेशान हो सकते हैं। व्यापार में अधिक परिवर्तन न करें। भौतिक सुख-साधनों पर आप धन खर्च कर सकते हैं।

**कुंभ**

परिवार के किसी सदस्य को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। मौसम में बदलाव के कारण सिरदर्द हो सकता है। अपनी जीवनशैली को अनुशासित रखें।

**मीन**

कार्यक्षेत्र के लिये इन्टरव्यू दे रहे हैं तो आपको सफलता मिल सकती है। कड़ी मेहनत के द्वारा आपके कार्य सफल होंगे। अपने सम्पर्क क्षेत्र का व्यावसायिक उपयोग करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज में सम्मान समारोह आयोजित

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय परिसर में मंगलवार के दिन प्रशिक्षण ले रहे छात्र-छात्राओं का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य निशा कुमारी के द्वारा आगंतुक अतिथियों का स्वागत एवं अंग वस्त्र देकर सम्मान किया गया। इस मौके पर डॉक्टर जितेंद्र कुमार जिला माध्यमिक शिक्षा संघ के सचिव, पटना के पूर्व जिला कार्यक्रम पदाधिकारी श्याम नंदन, एवं पटना कॉलेजिएट विद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉक्टर करुणारेश सहित कई गणमन अतिथि ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान करीब एक दर्जन बाढ़ के उत्क्रमित मध्य विद्यालय के नव नियुक्त प्रधानाध्यापक को सम्मानित किए जाने के साथ-साथ छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिका सहित दर्जनों लोगों ने कार्यक्रम में हिस्सा लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### परीक्षा के दौरान छात्र की तबीयत बिगड़ी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इंटरमीडिएट परीक्षा का दूसरे दिन अनुग्रह नारायण सिंह उच्च विद्यालय के परीक्षा केंद्र पर परीक्षा के दौरान एक छात्रा की तबीयतअचानक बिगड़ गई केंद्र पर तैनात चिकित्सा कर्मी ने पहले तो उसे होश में लाने का प्रयास किया लेकिन बाद में छात्रा को परीक्षा के दौरान ही अनुमंडल अस्पताल में लाकर चिकित्सकों से इलाज करने के बाद तबीयत सुधारने पर छुट्टी दी गई।

### कॉलेज द्वारा अवैध वसूली का विरोध

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, कॉलेज ईकाई अनुग्रह नारायण सिंह कॉलेज बाढ़ में स्नातक सेमेस्टर -3 की परीक्षा में डिजास्टर रिस्क मैनेजमेंट की कार्यशाला के आंतरिक मूल्यांकन नाम पर छात्र /छात्राओं से पहले 400 रुपये काउंटर पर जमा करने को बोला गया था लेकिन विद्यार्थियों के विरोध के कारण स्थगित कर दिया गया। मंगलवार को फिर से कार्यशाला के आंतरिक मूल्यांकन के नाम पर एक आदेश निकाला गया कि जो विद्यार्थी 200 रुपये जमा करेंगे उनको ही कार्यशाला में भाग लेने दिया जायेगा। आदेश आते ही छात्र /छात्राओं का गुस्सा फुट पड़ा । कॉलेज मंत्री रौशन भारद्वाज के नेतृत्व में सैकड़ो छात्र /छात्राओं ने कोर्स समन्वयक और ठएढ नोडल पदाधिकारी से बात की गई तो बात को घुमाने फिराने लगें और धमकी भरे स्वर में बोला गया कि जब तक पैसा नही दोगे तो हम कार्यशाला के आंतरिक मूल्यांकन में सबको फेल कर देंगे। जिंदगी बर्बाद कर देंगे तुम सब हमको नही पहचानता है। जब हमलोग प्रचार्या के पास गए तो पता चलता है कि प्रचार्या महोदय सप्ताह में एक दिन आती है और हिसाब किताब करके अपना हिस्सा लेके पटना चली जाती है। जिसके कारण प्रचार्य महोदया से संपर्क नही हो पाया ।

### एनटीपीसी के सामान चोरी मामले में पांच गिरफ्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एनटीपीसी थाना अंतर्गत एनटीपीसी मुख्य गेट के पास सोमवार की रात्रि एनटीपीसी के लिए लाया जा रहा सामान को चोरों के द्वारा में गेट के पास खड़ी ट्रक से चोरी कर लिया। चोरी के दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को पकड़ लिया और उसकी निशानदहे पर चार अन्य लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों में गुलाब बाग निवासी रवि कुमार, अवधेश कुमार मच्छरहट्टा बाजार निवासी, और तीन विधि विरुद्ध बालक की पुलिस ने गिरफ्तारी कर ली है और उसके पास से चोरी किए गए सामान भी बरामद कर ली है। मामले को लेकर बाढ़ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बाढ़ 01 आनंद कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि एक कबाड़ खाने से सामान बरामद भी कर ली गई है इस मामले में पुलिस और भी जांच कर रही है। फिलहाल सभी को जेल भेजा जा रहा है चोरी किए गए सामानों की कीमत करीब 60 लाख के आसपास की है ।

### बदमाशों की गोली से घायल व्यवसायी की मौत

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 6 दिन पूर्व श्रीनगर के पास अपराधियों की गोली से घायल हुए बांस टाल व्यवसाई विनय पांडे की इलाज के दौरान पटना के प्राइवेट अस्पताल में मौत हो गई। उनके मौत के बाद परिवार वालों के बीच कोहराम मच गया है। वही इस घटना को लेकर गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। इधर मनेर पुलिस मामले की जांच कर कार्रवाई के लिए जुटी हुई है। बताया जाता है कि 28 जनवरी को बांस टाल व्यवसाई व श्रीनगर गांव निवासी विनय पांडे अपने बांस टाल पर थे। इस बीच रात का अंधेरा के फायदा उठाकर बदमाशों ने उनके सिर में गोली मार दी थी। जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिसे परिवार वालों ने उन्हें इलाज के लिए पटना के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान मंगलवार को उनकी मौत हो गई। इधर मनेर पुलिस ने बताया कि घटना का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। एफएसएल के टीम मामले में जांच के लिए जुटी हुई है। घटना में अगर अपराधी शामिल होंगे तो जल्द ही गिरफ्तार किए जाएंगे।

### सोन नहर से मिला शव, नालंदा का था मृतक

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के भेड़हरिया इंग्लिग के पास सोन नहर से एक व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया है ।मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को भेड़हरिया इंग्लिग के पास सोन नहर में एक शव को ग्रामीणों ने देखा जिसकी सूचना पालीगंज थाने को दी। सूचना पाकर पहुंची पालीगंज पुलिस ने सोन नहर से शव को बाहर निकलवाया। मृतक व्यक्ति की पहचान नालंदा जिले के नूरसराय थाने के मनारा गांव निवासी चंद्रिका मोची के 52 वर्षीय पुत्र महेंद्र रविदास के रूप में हुआ है।वह ईट भट्ठा पर कम करता था जो पिछले गुरुवार से लापता था। इस संबंध में पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि अरवल की ओर से नहर ने बहकर शव आया था जिसे नहर से निकालकर कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल पालीगंज भेज दिया है।परिजनों को खबर के दिया गया है।

### विदाई समारोह में बही फगुआ बयार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी अनुमंडल के निवर्तमान जिला सहायक आपूर्ति पदाधिकारी सह धनरूआ आपूर्ति पदाधिकारी निर्भय कुमार का धनरूआ में सभी जन वितरण दुकानदारों ने भव्य रूप से विदाई समारोह का कार्यक्रम किया, जिसकी अध्यक्षता डीलर संघ के अध्यक्ष सदय कुमार ने की, मौके पर प्रखंड एडीएसओ राणा सिंह, विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी, बीपीआरओ



आशीष कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मसौढ़ी वीरेंद्र भारती, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मिथिलेश कुमार के साथ-साथ मसौढ़ी एवं धनरूआ प्रखंड के सभी जन वितरण दुकानदार शामिल रहे, दरअसल निवर्तमान जिला सहायक आपूर्ति पदाधिकारी निर्भय कुमार का हिल्सा अनुमंडल में एडीएसओ के रूप में तबादला हो गया है। जिसको लेकर धनरूआ पर भव्य आयोजन किया गया, इस मौके पर फगुआ ब्यार भी बही। जहां पर अबीर गुलाल लगाकर लोगों ने ने वनिर्तमान एडीएसओ को विदा किया, वहीं विदा हो रहे एडीएसओ ने फगुआ गीत गाकर लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। मौके पर राजेश कुमार, तपेश्वर पांडे उत्पल कुमार वरना कुमार, जयप्रकाश कुमार राजकिशोर प्रसाद पंचायत समिति सदस, गिरिजा प्रसाद, सुधांशु पांडे, धनंजय कुमार डॉक्टर अजय कुमार समेत सभी डीलर शामिल रहे।

### परीक्षार्थियों से मम्मी-पापा का नाम पूछ कर कराई गई एंट्री

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार इंटरमीडिएट की चल रही कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा के दूसरे दिन पहली पाली में सभी परीक्षार्थियों से उसके मम्मी पापा का नाम पूछ कर परीक्षा केंद्र की के अंदर प्रवेश कराया गया है यह तस्वीर मसौढ़ी के श्रीमती गिरिजा कुंवर हाई स्कूल के बने परीक्षा केंद्र की है जहां पर परीक्षा केंद्र के गेट पर मजिस्ट्रे ने सभी परीक्षार्थियों से



बड़ी-बड़ी मम्मी और पापा का नाम पूछ कर और किस विद्यालय से आए हैं उसका नाम पूछ कर ही परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश कराया गया है, दरअसल बताया जा रहा है कि मजिस्ट्रेट को फर्जी परीक्षार्थी होने की सूचना मिली थी, जिसको लेकर सघन जांच कराई जा रही है, दूसरे के बदले परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर सघन जांच करने के निर्देश दिए गए हैं पूरे मसौढ़ी अनुमंडल में साथ परीक्षा केंद्र सिर्फ लड़कियों के लिए ही बनाया गया है जहां 4850 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। इन सात परीक्षा केंद्रों के लिए 37 स्टैटिक दंडाधिकारी तीन उड़न दस्ता, जोनल दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। अनुमंडल कार्यालय मसौढी को कंट्रोल रूम बनाया गया है।

---

**मसौढ़ी का डाकबंगला किसका... ? सबके अपने-अपने दावे**

# नगर परिषद एवं जिला परिषद आमने-सामने

**डीडीसी ने किया स्थल निरीक्षण,कहा दस्तावेज का होगा सत्यापन**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढी शहर के बीचो-बीच बना डाक बंगला का परिसर आखिर किसका है, इन दिनों नगर परिषद और जिला परिषद के बीच कागजी विवाद पनपा हुआ है। इस विवाद के बीच मंगलवार को उप विकास आयुक्त ने स्थल निरीक्षण करते हुए पूरा परिसर को घूम-घूम कर जायजा लिया, उसके बाद सबों ने अपने-अपने दावे प्रस्तुत किए, नगर परिषद के वार्ड पार्षद सह स्थाई सशक्त कमेटी के सदस्य शंभू सिंह ने डीडीसी के समक्ष यह जमीन नगर परिषद होने का दावा किया, डीडीसी ने मंगलवार की शाम को 4:00 बजे पूरे साक्ष्य और दस्तावेज के साथ कार्यालय में बुलाया है। वहीं जिला परिषद सदस्य उपेंद्र बिंद, उदय सिंह एवं जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि वीरेंद्र उर्फ यादव ने दावा किया है की डाक बंगला का पूरा परिसर जिला बोर्ड जमीन रही है। यहां अनुमंडल रहा है इसके सारे प्रमाण भी हैं। बावजूद नगर परिषद बीच में टांग अड़ा रहा है। वही नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन



ने कहा है कि डाक बंगला परिषद की पूरी जमीन आम गरमजरूआ बकास्त ठेकेदार है और अंचलाधिकारी ने इसको लेकर एनओसी भी दिया है। कई प्रमाण भी हैं ऐसे में जमीन नगर परिषद की है। बहरहाल यह तो जांच का विषय है और दस्तावेज का सत्यापन के बाद यह जमीन किसका हिस्से जाएगी वह आने वाला वक्त ही बताया, लेकिन डाक बंगला की भूखंड पर निर्माण नहीं होने से मसौढी शहर में कई विकास अधूरे हैं इस पर सरकार को गंभीरता लेनी होगी और अगर इस जमीन पर मार्केट कंपलेक्स बन जाता है तो सब्जी मंडी, फल मंडी मछली मंडी जैसे खुदरा दुकानदारों के लिए एक बेहद ही राहत भरी खबर होगी।

## मसौढ़ी में शब-ए-बारात पर लोगों ने मांगी दुआ, पूरी रात मजारों पर पढ़ी गई नमाज

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी में शब-ए-बारात पर रात भर अकीकतमंदों ने अपने गुनाहों से तौबा करने के लिए अल्लाह ताला से दुआ मांगी, अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए दुआ कर अपने और पूरे परिवार के गुनाहों के लिए माफी मांगने के लिए लोग इबादत किया। बताया जाता है की शब-ए-बारात के दिन मुस्लिम समाज के लोग मस्जिदों में खुदा की इबादत करते हैं. कब्रिस्तान में मजारों पर जाकर अपने पूर्वजों के लिए मगफिरत की दुआ भी मांगते हैं। मों शहनवाज अहमद ने बताया कि शब-ए-बारात की रात मालिक की रहमत बरसती है, इस रात में जो भी मालिक की इबादत करता है या गुनाहों की माफी मांगता है, तो उसे गुनाहों से माफी मिल जाती है।मसौढ़ी के तारेगना डीह स्थित मखदूम सुलेमानी के मजार पर और संघत पर पीर लाहोरी स्थान के अलावा,मलिकाना एवं धनरूआ के बरनी और साईं एवं विभिन्न मजारों पर



लोग कुरान पढ़ कर इबादत की. हर कोई अपने मालिक से रहमत की दुआ मांग रहे थे।अकीततमंदों ने कब्रिस्तान में जाकर मजारों पर अपनी गुनाहों से तौबा करते हुए अल्लाह से दुआ करते हैं,वही वही वह इस मौके पर मेराज अहमद, शाहिद आलम ने बताया की इस दिन लोग अपनी कमाई का एक हिस्सा भी गरीबों को देते हैं.

## तीन लाख की छिनतई नाकाम, बैंक से निकले शख्स के बैग पर ब्लेड मारते ही सड़क पर बिखरे नोट

**भाग रहे लूटेरे को भीड़ ने दबोचकर धुना**

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ अनुमंडल क्षेत्र में प्रखंड कार्यालय के पास मंगलवार को अपराधियों ने दिनदहाड़े एक छिनतई की घटना को अंजाम देने की कोशिश की, लेकिन पीड़ित की सतर्कता और स्थानीय लोगों के सहयोग से बदमाश के मंसूबे विफल हो गए। बैंक से तीन लाख रुपये की मोटी रकम निकालकर अपने घर जा रहे एक व्यक्ति के बैग को अपराधियों ने ब्लेड मारकर काट दिया, जिससे पैसा सड़क पर गिर गया। इस दौरान भागने की कोशिश कर रहे एक बाइक सवार लुटेरे को पीड़ित ने दबोच लिया, जिसके बाद मौके पर जुटी भीड़ ने उसकी जमकर धुनाई कर दी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पीड़ित युवक बैंक से करीब तीन लाख रुपये निकालकर एक बैग में रखकर ले जा रहा था। वह अभी कुछ दूर ही गया था कि बाइक सवार बदमाशों ने उस पर नजर गड़ा दी। मौका मिलते ही एक अपराधी ने बेहद शातिर तरीके से पीड़ित के रुपयों वाले बैग पर ब्लेड से वार किया। बैग कटते ही उसमें रखे नोटों की गड्डी सड़क पर गिर गई। पैसा गिरते देख पीड़ित ने तुरंत स्थिति को भांप लिया और गजब की हिम्मत दिखाते हुए बाइक सवार अपराधी को पीछे से पकड़ लिया। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग और राहगीर भी मदद को दौड़ पड़े। लोगों ने लुटेरे को चारों तरफ से घेर लिया और उसकी जमकर खातिरदारी (मारपीट) कर दी। गनीमत रही कि सड़क पर गिरे सारे पैसे सुरक्षित बरामद कर लिए गए, जिससे पीड़ित को बड़ी राहत मिली।

### दिनदहाड़े हत्या मामले में पांच नामजद और दो साजिशकर्ता के खिलाफ मामला दर्ज

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल के पंडारक थाना क्षेत्र के अंबुजा फैक्ट्री रोड में हुई सोमवार की दोपहर दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या मामले में पुलिस ने मृतक के पिता बैद्यनाथ राय के लिखित आवेदन के आलोक में पंडारक थाना में मामला दर्ज कर लिया है दर्ज मामले में थाना क्षेत्र के पांच लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है जिसमें धर्मराज कुमार, धर्मराज प्रसाद, मनीष कुमार, अशोक यादव और त्रिपुरारी कुमार का नाम सामने आया है उक्त बातों की जानकारी देते हुए बाढ़ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आनंद कुमार सिंह ने बताया कि ₹500000 की रंगदारी नहीं देने को लेकर हत्या की घटना को अंजाम दिया गया था, मामले में दो साजिशकर्ता भी सामने आया है जिसमें रणवीर यादव सहित दो लोगों का नाम आया है पुलिस ने बताया कि मामले पर अभी और भी अनुसंधान चल रही है।

## सामाजिक बदलाव से खत्म होगा लिंग भेद, लैंगिक समानता को लेकर जेंडर फोरम की बैठक

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी प्रखण्ड मुख्यालय में मंगलवार को 'वर्तमान एवं सुनहरे भविष्य के लिए लैंगिक समानता' विषय पर प्रखण्ड स्तरीय जेंडर फोरम मीटिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड विकास पदाधिकारी श्री प्रभाकर कुमार ने की। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभाकर कुमार ने



बाल विवाह, महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा तथा सामाजिक कुरीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला और इन पर रोक लगाने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ रामानुज, सीडीपीओ अनिता कुमारी,जीविका के प्रखण्ड परियोजना प्रबंधक दिग्विजय नारायण समदर्शी ने महिलाओं से जुड़े भेदभाव, उनके अधिकारों और सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी।वहीं जिला स्तर से उपस्थित प्राची प्रिया ने दीदी अधिकार केंद्र के उद्देश्यों एवं कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार महिलाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु विभिन्न स्तरों पर कार्य किया जा रहा है।बैठक में सीडीपीओ, प्रखण्ड जीविकोपार्जन विशेषज्ञ यूसुफ सिद्दीकी, लहसुना थाना प्रभारी खुशबू, क्षेत्रीय समन्वयक जयप्रकाश शर्मा, तीनों सीएलएफ की अध्यक्ष शर्मिला कुमारी, बबीता देवी एवं रितिका कुमारी, डाक कोऑर्डिनेटर निशा कुमारी, सक्षमा दीदी सहित जीविका दीदियाँ, आशा सेविकाएँ एवं अन्य कर्मियों की सक्रिय भागीदारी रही।कार्यक्रम के माध्यम से लैंगिक समानता, महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षित समाज निर्माण के लिए जागरूकता का संदेश दिया गया।

## इंटर्न ने किया हाई स्कूल में पौधारोपण

**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां के समीपवर्ती महादेव उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रेम यूथ फाउंडेशन से इंटर्नशिप कर रहे इंटर्न ने पौधारोपण किया। मौके पर उपस्थित राष्ट्रपति पुरुस्कार से सम्मानित शिक्षिका निशी कुमारी ने बताया के पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण अति आवश्यक है। आज हम भौतिक सुखों के लिए प्रकृति में उपलब्ध संसाधनों का बेतहाशा दोहन कर रहे हैं। पर्यावरण से



छेड़छाड़ मानव सभ्यता के लिए खतरे की घँटी है। वही फाउंडेशन के निदेशक देवानंद कुमार ने बताया कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत सभी छात्र- छात्राओं के लिए इंटर्नशिप अनिवार्य किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंटर्नशिप को अनिवार्य कर शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही महत्वपूर्ण कदम उठाया है। 60 से लेकर 120 घंटा तक इंटर्न सामाजिक मुद्दों पर अध्ययन एवं अनुसंधान का कार्य कर रहे हैं।

### पालीगंज में पंचायत समिति सदस्य सोमर राजवंशी का निधन

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज थाना क्षेत्र के रानीपुर कुरकुरी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सोमर राजवंशी का बीमारी के कारण निधन हो गया। मिली जानकारी के अनुसार वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे और कैंसर से पीड़ित थे। उनके निधन की खबर मिलते ही रानीपुर गांव सहित आसपास के इलाकों में शोक की लहर दौड़ गई।

### दहेज हत्या मामले में एडीजे-1 शंकेस चंद्रा की कोर्ट में 12 साल की सुनाई सजा, 20 हजार का अर्थदंड

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सिविल कोर्ट मसौढी में एडीजे-1, शंकेस चंद्रा की कोर्ट में मंगलवार को दहेज हत्या मामले में आरोपी निरंजन कुमार पिता रामनंदन बिंद खरांट को 12 वर्ष की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही ₹20 हजार का अर्थ दंड भी लगाया गया है। जुमार्ना नहीं जमा करने पर एक वर्ष की सजा अतिरिक्त बढ़ सकती हैं। दरअसल यह मामला मसौढ़ी थाना क्षेत्र के खराट गांव की हैं जहां बीते 21.03 2021 को रूंती देवी पति निरंजन बिंद को ससुराल वालों ने गला दबाकर हत्या कर दी थी, इस मामले में मृतक रिंती देवी के पिता दिनेश बिंद पिता राजाराम बिंद, धधरबीघा फलवा जहानाबाद ने मसौढी थाने पर अपने दामाद निरंजन बिंद समेत सभी ससुराल पक्षों पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। अपर लोक अभियोजक धनंजय कुमार ने बताया कि मंगलवार को एडीजे-1 संकेत चंद्रा की कोर्ट दहेज हत्या के मामले में 12 वर्ष की सजा सुनाई गई है।

## एसडीएम ने इंटर परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

**केंद्राधीक्षकों को कदाचार मुक्त परीक्षा कराने के लिए दिए दिशा-निर्देश**

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कड़ी सुरक्षा के बीच चल रहे बिहार इंटरमीडिएट परीक्षा के दूसरे दिन परीक्षा का जायजा लेने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी



अभिषेक कुमार श्रीमती गिरिजा कुवर हाई स्कूल के बने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया।उन्होंने केंद्राधीक्षकों और वीक्षकों को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित और कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले केंद्र पर पहुंचना होगा। परीक्षा केंद्रों के आसपास और प्रवेश द्वार के साथ-साथ अंदर भी कड़ी निगरानी रखी जाएगी, जिसके लिए मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे।परीक्षा के दौरान केंद्रों के आसपास फोटोस्टेट, चाय, पान, नाश्ता और किताब की दुकानें पूरी तरह बंद रहेंगी। सभी परीक्षा केंद्रों के 500 गज की परिधि में भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत धारा 163 लागू रहेगी। सोशल मीडिया पर भी पैनी निगरानी रखी जाएगी और भ्रामक व अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। परीक्षार्थियों को इलेक्ट्रॉनिक गैजेट ले जाने की अनुमति नहीं होगी,इसके अलावा ने बताया कि केंद्रों पर पुलिस बल तैनात रहेगा, वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी और सीसीटीवी से कड़ी निगरानी रखी जाएगी। यातायात व्यवस्था को लेकर भी निर्देश जारी किए गए हैं।

### विधायक भाई वीरेंद्र ने विधानसभा में मनेर में डिग्री कॉलेज नहीं होने का मामला उठाया

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विधायक भाई वीरेंद्र ने मनेर प्रखंड में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं होने का मामला विधानसभा में पुरजोर ढंग से उठाया।विधायक भाई वीरेंद्र ने बिधानसभा में मामले को उठाते हुए सूबे के उच्च शिक्षा मंत्री सुनील कुमार से जानना चाहा कि मनेर में डिग्री कॉलेज के नहीं होने से छात्र छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित हो रहें हैं। सरकार वहां डिग्री कॉलेज स्थापित करना चाहती है या नहीं ? जवाब में उच्च शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि सरकार इस बारे में निर्णय लिया है कि जिस भी प्रखंड में डिग्री कॉलेज नहीं है वहां महाविद्यालय के स्थापना हेतु भूमि उपलब्धता के लिए जिला अधिकारी को पत्र लिखा गया है।सभी जिला पदाधिकारी भूमि की उपलब्धता के संबंध में प्रतिवेदन देंगे।बताते चलें कि में उच्च शिक्षा के लिए मनेर प्रखंड के छात्र व छात्राओं को दूरी और खर्च एक बड़ी बाधा है, जिससे प्रखंड में डिग्री कॉलेज खोलने की मांग लगातार उठ रही है।

## मसौढी जेल में बंदियों के लिए पुस्तकालय की अनूठी पहल

**अपराधी पढ़ रहे हैं जीवन दर्शन, दिखेगा सकारात्मक बदलाव**

शशि तुलस्यान

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उपकारा में बंदियों के सुधार के लिए लाइब्रेरी की अनूठी पहल की गई है, जहाँ कैदी पुस्तकें पढ़कर अपना जीवन सुधारने का प्रयास कर रहे हैं। यह कदम जेल में शिक्षा और सकारात्मक बदलाव लाने के उद्देश्य से उठाया गया है, ताकि बंदी समाज में वापस लौटकर बेहतर जीवन जी सकें। बहरहाल यहां बंद कैदी किसी न किसी अपराध के मामले में भले ही बंद हो





लेकिन वो आज अपनी जिंदगी सुधारने के लिए लगे हुए हैं। इसके लिए वो किताबें पढ़ रहे हैं।आम तौर पर जेल के बारे में सोंचते ही मन में एक खौफनाक तस्वीर बनती नजर आती है।जेल में कैदियों के सुधार के लिए कई प्रयास कर रही है. यहां धार्मिक, साहित्यिक और मार्गदर्शन करने वाली किताबें कैदियों को पढ़ने के लिए मुहैया कराई जा रही हैं. इसके लिए बकायदा पुस्तकालय खोला गया जिसमें तकरीबन फिलहाल 218 पुस्तक हैं ।है.वहीं, सबसे अच्छी बात ये है कि प्रशासन की इस मुहीम में कैदी भी रुचि ले रहे हैं. वो भी अपने जीवन को सुधारने में लगे हुए हैं. जेलर गौतम बताते हैं कि कैदी जेल में बने पुस्तकालय में आकर किताबें पढ़ते हैं. उन्हें बैरक में भी किताबें ले जाने की अनुमति दी गई है. रोजाना पढ़ाई का ये सिलसिला चल रहा है.बता दें कि इस जेल में कुल 190 कैदी विचाराधीन हैं,इनमें से 15 कैदी रोजाना किताबें पढ़ रहे हैं. इन्हें पढ़ते देख अन्य कैदियों में भी जागरुकता आ रही है. धीरे-धीरे ये संख्या बढ़ रही है।जेलर गौतम ने बताया कि बंदियों में सुधार और सकारात्मक सोच विकसित करने के लिए जेल प्रशासन ने यह पहल की है। जेल के अंदर एक लाइब्रेरी बनाई गई है, जिसमें विभिन्न प्रकार की पुस्तकें उपलब्ध हैं, जो कैदियों को पढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं। कैदी इन पुस्तकों को पढ़कर अपना समय सुधारने में लगा रहे हैं।लाइब्रेरी के अलावा, कैदियों को अन्य कौशल सिखाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

## बिहार लोकभवन में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली एवं चंडीगढ़ स्थापना दिवस पर 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पटना स्थित बिहार लोकभवन में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली एवं चंडीगढ़ के स्थापना दिवस के अवसर पर "एक भारत, श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार के माननीय राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान द्वारा किया गया। अपने संबोधन में राज्यपाल महोदय ने कहा कि विभिन्न राज्यों के स्थापना दिवस का सामूहिक आयोजन भारत की एकता में विविधता और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक है। ऐसे कार्यक्रम राष्ट्रीय एकात्मता को सुदृढ़ करते हैं तथा विभिन्न संस्कृतियों और





परंपराओं के बीच सौहार्द को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के दौरान भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा संबंधित राज्यों की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई, जिन्हें उपस्थित अतिथियों ने अत्यंत सराहा। इस अवसर पर दिलजीत खन्ना, अध्यक्ष, पंजाबी ब्रादरी पटना, ने अपने संबोधन में कहा कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत" जैसे आयोजन राष्ट्रीय एकता एवं सांस्कृतिक समरसता को सुदृढ़ करने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि पंजाबी ब्रादरी केवल सांस्कृतिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के गरीब, वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों के लिए निरंतर सामाजिक सेवा एवं उरफ कार्यों में सक्रिय है। शिक्षा सहायता, स्वास्थ्य सेवाएँ, आपदा राहत तथा सामुदायिक सहयोग जैसे क्षेत्रों में संगठन नियमित रूप से सेवा कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलना ही सच्चे राष्ट्रनिर्माण की भावना है। इस अवसर पर पंजाबी बरादरी के सम्मानित सदस्य एवं महिला विंग की प्रतिनिधियों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिनमें डॉ. रॉबर्ट एल. चोंगथू माननीय राज्यपाल बिहार के प्रधान सचिव; लेडी गवर्नर श्रीमती रेशमा आरिफ, मेजर जनरल ए. एस. बजाज, अतिरिक्त महानिदेशक, एनसीसी निदेशालय पटनाः माननीय न्यायमूर्ति अनिल कुमार सिन्हा, डॉ. सत्यजीत सिन्हा, पंजाबी बरादरी के पूर्व अध्यक्ष देश बंधु गुप्ता, गुरमीत सिंह, रमन सिंधी, महासचिव बुध प्रकाश धवन; उपाध्यक्ष अशोक सोनी, संजय कुमार सहित अनेक प्रतिष्ठित सदस्य शामिल थे।

### ट्रक में बिजली के तार फंसने से तीन पोल टूटे, बड़ा हादसा होने से बचा

**मनेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 मनेर पड़ाव पर बीती रात एक तेज गति से जा रही ओवर लोड ट्रक में हाईवोल्टेज चलित तार के फंस कर खींच जाने के कारण तीन बिजली के पोल व तार टूट गए।हालांकि घटना देर रात हुई नही तो टूटे हाई वोल्टेज तार के करेंट से बड़ा हादसा हो सकता था।पोल के टूटने से लगभग 20 घँटे से बिजली बाधित है। जानकारी के अनुसार मनेर पड़ाव काली मंदिर के समीप लगे ट्रांसफार्मर में सड़क को पार कर हाई वोल्टेज कभर वाले तार से सप्लाई था।बीती रात काफी ऊपर तक लकड़ी लादकर जा रहे तेज गति में जा रहे ट्रक में तार फंस गया।ट्रक चालक ने वाहन को रोकने के बदले तार को खिंचते हुए भागा जिससे तीन बिधुत चलित पोल व तार टूट कर जमीन पर गिर पड़े।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला उत्पीड़न मामले में सात पर मुकदमा

**मैनाटांड़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इनरवा थाना के इनरवा बाजार में महिला के साथ मारपीट कर घर से निकाल देने के मामले में सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया कि कलामसून खातून ने पुलिस को दिए आवेदन में उल्लेख किया है कि मेरी शादी बिते वर्ष 30 नवंबर 2023 को मुस्लिम रिति रिवाज के अनुसार इनरवा के नौशाद आलम के साथ हुई। शादी के बाद से मेरे पति नौशाद आलम समेत ससुराल वाले बारह लाख की मांग करने लगे। महिला ने अपने पति नौशाद आलम का किसी दुसरे के साथ अवैध रिश्ता होने का भी आरोप लगाया है। पिडीत महिला ने पति नौशाद आलम पर आपतिजनक फोटो फेसबुक पर अपलोड कर वायरल कर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया है। विरोध करने पर मारपीट कर घर से निकाल देने के मामले में महिला ने पति नौशाद आलम सास मैमून नेशा शमशाद आलम समेत सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### लड़की के अपहरण मामले में केस दर्ज

**मैनाटांड़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इनरवा थाना क्षेत्र से नाबालिग लड़की की अपहरण कर लेने के मामले में लड़की की मां ने गोपालपुर थाना के बरईठ गांव के 3 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है। इनरवा थाना क्षेत्र से नाबालिक लड़की को अगवा कर लेने के मामले में लड़की की पिता ने गौनाहा थाना के सेमरी डुमरी गांव के मुन्ना चौधरी पर मुख्य रूप से आरोप लगाते हुए गौनाहा के 13 लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

फॉर्मर आईडी में लापरवाही पर भड़के बीडीओ

### सीएससी संचालक को लगाई फटकार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फॉर्मर रजिस्ट्री को लेकर तीसरे चरण में अभियान की शुरूआत हो गयी है। सभी पंचायत कार्यालयों एवं सीएससी केंद्रों पर किसानों का फॉर्मर आईडी बनाया जा रहा है। वही नोडल सह बीडीओ सूरज कुमार ने मंगलवार को कुकुरा, गोखुला व चमुआ पंचायत के लगे कैंप का निरीक्षण किया । इस दौरान चमुआ में सीएससी केंद्र संचालक का कार्य में लापरवाही पर बीडीओ ने जमकर फटकार लगाते हुए जवाब तलब किया है। इस दौरान बीडीओ ने कम से कम 100 किसानों की फार्मर आईडी बनाने का निर्देश दिया। इसके अलावा बीडीओ ने राजस्व कर्मचारी, किसान सलाहकार, सर्वे अमीन समेत कार्यपालक सहायकों को भी फॉर्मर आईडी कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। बीडीओ श्री सिंह ने बताया कि पंचायत सरकार भवन व पंचायत कार्यालय में कैंप के माध्यम से किसानों का फॉर्मर आईडी बनाया जा रहा है। इसके अलावा सीएससी केंद्रों पर भी किसानों की निःशुल्क फार्मर आईडी बनानी है।

### सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के सभाकक्ष में सोमवार की शाम सेवानिवृत्त हुए पंचायत सचिव बाबूराम प्रसाद यादव के लिए विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने किया। इस दौरान बीडीओ और बीपीआरओ ने उनके कार्यकाल की सराहना की और उनके सुखद जीवन की कामना करते हुए फूल माला और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वही अन्य पंचायत सचिवों ने भी फूलमाला व पुष्प गुच्छ आदि देकर सम्मानित किया। पंचायत सचिव ने भावुक होते हुए कहा कि नरकटियागंज प्रखंड में कई पदाधिकारियो के अंदर में काम करने का अनुभव रहा है। लेकिन बीडीओ सूरज कुमार के साथ काम करने का एक बड़ा गई सुखद अनुभव रहा। इनके कार्यालय हमेशा से सराहनीय रहा है। बीडीओ ने भी पंचायत सचिव के कार्यकाल पर प्रकाश डाला और नए लोगो को उनके कार्यकाल से सीखने को कहा। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि चंदन कुमार साह, ऑडिटर सरोज रंजन, नाजिर प्रदीप कुमार, पंचायत सचिव विक्रांत आज, राकेश कुमार, अर्थेश कुमार, अमरेश कुमार, मो जलालुद्दीन, जगदीश हाजरा, पीटीए इम्तेयाज आलम, दीपक कुमार, पूजा कुमारी आदि उपस्थित थे।

**Name Change**

I, hitherto known as Sarsvati Devi w/o Mahendra Pandit, vill-Sadikpur, PO-Sahri, PS-Barh, Dist-Patna, Bihar PIN- 803214 have changed my name and I shall hereafter be known as Sarswati Devi. Date 06.01.26

# कुमारबाग थाना क्षेत्र से पांच नाबालिग लड़कियां लापता

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कुमारबाग थाना क्षेत्र के एक गांव से सोमवार की दोपहर पांच नाबालिग लड़कियों के अचानक लापता हो जाने से इलाके में हड़कंप मच गया है। सभी लड़कियां परिजनों को बिना बताए घर से निकली थीं और देर शाम तक वापस नहीं लौटीं। मामले को लेकर परिजनों ने देर शाम थाना पहुंचकर प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने खोजबीन तेज कर दी है।

**पुलिस ने हर एंगिल से शुरू की तलाश**

दर्ज एफआईआर के अनुसार, एक लापता किशोरी के भाई ने बताया कि सोमवार को करीब 11 बजे गांव की पांचों नाबालिग लड़कियां अपने-अपने घरों से कपड़ा सिलवाने, खेत में घास काटने और साग खोटने की बात कहकर निकली थीं। लेकिन शाम होने के बावजूद जब वे घर नहीं लौटीं तो परिजन चिंतित हो उठे। परिजनों ने पहले अपने स्तर से खोजबीन शुरू की। गांव, आसपास के इलाकों, रिश्तेदारों और परिचितों के यहां पूछताछ की गई, लेकिन किसी प्रकार की जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद सभी परिजन कुमारबाग थाना पहुंचे और लिखित शिकायत दर्ज कराई।मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस हरकत में आ गई है। रात करीब आठ बजे एसडीपीओ-1 विवेक दीप स्वयं गांव पहुंचे और लापता नाबालिगों के परिजनों एवं ग्रामीणों से विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने परिजनों को त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और नाबालिग लड़कियों की तलाश के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। संभावित मार्गों और स्थानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इसके साथ ही तकनीकी और मानवीय इनपुट के आधार पर पुलिस की टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। फिलहाल देर रात तक कोई ठोस सफलता नहीं मिली है, लेकिन पुलिस का कहना है कि हर संभावित पहलू पर जांच की जा रही है। घटना के बाद से गांव में दहशत और चिंता का माहौल है, वहीं परिजन बेसब्री से बेटियों की सकुशल वापसी की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

## फाइलेरिया अभियान को ले प्रखण्ड समन्वय समिति की बैठक

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आदापुर में मंगलवार को आगामी 10 फरवरी से शुरू होने वाले एमडीए फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए सीएचसी परिसर में प्रखण्ड समन्वय समिति की बैठक की गई। बीडीओ की



अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में अभियान के प्रभावी एवं सफल क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संतोष कुमार सिन्हा ने कहा कि फाइलेरिया जिसे हाथीपाँव भी कहते हैं यह मच्छर के काटने से होने वाली गंभीर बीमारी है फाइलेरिया के संक्रमण से हांथ-पाँव में असामान्य सूजन, अंडकोष में सूजन हो सकती है।

# राजस्व कर्मचारियों ने काला पट्टी बांधकर किया दैनिक कार्य, जताया विरोध

**अपनी मांगों के समर्थन में 5 फरवरी को जिला मुख्यालय पर देंगे धरना**

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार राजस्व कर्मचारी संघ के आवाहन पर मंगलवार को राजस्व कर्मचारियो ने अपनी प्रमुख मांगों के समर्थन में काला पट्टी बांधकर विरोध जताते हुए दैनिक कार्य को किया। उनकी प्रमुख मांगो में गृह जिला पदस्थापना, वेतन संशोधन, सेवा संपुष्टि, अतिरिक्त प्रभार की समाप्ति, सुरक्षा और सम्मान समेत11 सूत्री मांग शामिल है। राजस्व कर्मचारियों का कहना है कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव द्वारा उनकी 11 सूत्री पुरानी मांगों पर अब तक कोई पहल नहीं किया गया है, जिससे संघ में भारी आक्रोश है। इतना ही नहीं बिना स्पष्टीकरण के निलंबन और वेतन रोकने जैसी दमनकारी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही, राजस्व महाअभियान, फॉर्मर रजिस्ट्री के नाम पर बिना अवकाश के लगातार काम लिया गया। उन्होंने कहा कि संघ के आवाहन पर 3 फरवरी को काला पट्टी बांधकर दैनिक कार्य को किया जा रहा है। वही 5 फरवरी को जिला मुख्यालय पर धरना तथा 9 फरवरी को गर्दनी बाग पटना में एकदिवसीय धरना दिया जाएगा। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं हुआ, तो सभी कर्मचारी एक बार फिर निश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। इस दौरान राजस्व कर्मचारी धीरज कुमार, आशीष कुमार, अमल शाश्वत, अमित कुमार, अंकित कुमार, रौशन कुमार, अमितेश कुमार गुप्ता, रिंटू राज, रूपेश कुमार और अमित तिवारी सहित अन्य शामिल रहे।

# दस कार्टन विदेशी शराब जब्त, दो गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मद्य निषेध उत्पाद विभाग की टीम ने सोमवार की सुबह नगर के सुप्रिया रोड़ में छापेमारी कर कार में लोड़ 10 कार्टन विदेशी शराब के साथ दो धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है। मद्य निषेध विभाग के इंस्पेक्टर आर्यन राज ने बताया कि कार पर लोड 86.40 लीटर विदेशी शराब के साथ बैरिया थाना क्षेत्र के फुलझरिया निवासी आनंद कुमार व बगही निवासी चंद्रशेखर सिंह को गिरफ्तार किया गया है। शराब व कार को जब्त कर लिया गया है। पूछताछ के बाद दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जब्त शराब एट पीएम टेट्रा पैक है। शराब बैरिया की ओर से लाई जा रही थी, जिसे मोतिहारी ले जाने की साजिश थी। जानकारी के अनुसार उत्पाद विभाग की टीम को गुप्त सूचना मिली कि शराब के धंधेबाज कार में शराब छुपा कर बाहर ले जाने की फिराक में है। सूचना पर सोमवार की सुबह करीब सात बजे मद्य निषेध विभाग के अवर निरीक्षक प्रिंस कुमार सुप्रिया रोड में यामाहा शोरूम के समीप कार का इंतजार करने लगे। एक संदेहास्पद कार को रोककर तलाशी ली गई तो इसमें छुपा कर रखे गए शराब बरामद हुई। तब कार व शराब जब्त कर चालक व उस पर सवार धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया गया।



## शराब तस्कर से डील मामला में सैफ चालक समेत दो गिरफ्तार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारपूर पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। सूचना के आधार पर शनिवार को कोइरगांवा से 503 कार्टून शराब लदी ट्रक पकड़ी गई, लेकिन चालक और तस्कर मौके से फरार हो गए। इस बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें ट्रक में बैठे सैफ जवान राजेश कुमार और बिट्टू कुमार को कथित रूप से शराब छोड़ने की डील करते दिखाया गया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक डा. शौर्य सुमन ने सख्ती बरतते हुए एसडीपीओ नरकटियागंज को कार्रवाई का निर्देश दिया।



## फर्जी आइएएस बनकर जिलाधिकारी से मिलने पहुंचा युवक, आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय परिसर में एक युवक फर्जी आईएएस अधिकारी बनकर जिलाधिकारी से मिलने पहुँच गया। संदेह होने पर पूछताछ की गई, जिसमें उसका झूठ सामने आ गया। इसके बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर आरोपी को गिरफ्तार कर टाउन थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। घटना शनिवार की दोपहर करीब 3 बजे की है।



समाहरणालय में तैनात आदेशपाल को एक युवक मिला, जिसने अपना नाम रीतेश कुमार, पिता कृष्णा पंडित, ग्रामझबसाढ़ी, थानाझछपरा मुफस्सिल बताया। उसने आदेशपाल को अपनी पहचान मेरठ में पदस्थापित आईएएस अधिकारी के रूप में दी और जिलाधिकारी से मिलने की अनुमति मांगी। आदेशपाल ने उसे कार्यालय प्रकोष्ठ में भेज दिया। जिलाधिकारी से मुलाकात के दौरान जब युवक से पहचान पत्र प्रस्तुत करने को कहा गया, तो वह कोई भी प्रमाण पत्र देने में असमर्थ रहा। संदेह बढ़ने पर उसके बैकग्राउंड की जानकारी ली गई। पूछताछ में युवक ने स्वीकार किया कि वह आईएएस या किसी भी सरकारी पद पर कार्यरत नहीं है। उसने बताया कि वह धौंस जमाने और सरकारी अधिकारियों पर प्रभाव दिखाने के लिए खुद को आईएएस बताता था।

साथ ही सरकारी दफ्तरों में लोगों का काम करवाने के नाम पर मोटी रकम वसूलने की बात भी सामने आई। जिलाधिकारी के निर्देश पर आरोपी रीतेश कुमार के खिलाफ टाउन थाना में प्राथमिकी दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

## मैनेजर सिंह की पुण्यतिथि पर कंबल वितरण

**मशरक (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के बड़हिया टोला के निवासी समाजसेवी स्व. मैनेजर सिंह की पुण्यतिथि पर सोमवार को श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में व्यापारी मुकेश कुमार सिंह, पूर्व उप प्रमुख साहेब हुसैन उर्फ टुनटुन, शेषनाथ पांडेय समेत कई लोग मौजूद रहे।

## प्रधानाध्यापक की सेवानिवृत्ति पर समारोह का आयोजन

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उत्तक्रमित मध्य विद्यालय, झखरा कॉलोनी में पदस्थापित पूर्व प्रधानाध्यापक सह चुनाव प्रबंधन कोषांग के मुख्य प्रशिक्षक नागेंद्र प्रसाद के सेवानिवृति को शिक्षकों द्वारा समारोह का आयोजन कर यादगार बना दिया। समारोह का आयोजन शहर स्थित एक निजी होटल में मंगलवार को किया गया। पूर्वी चंपारण में नागेंद्र प्रसाद की ख्यातिलब्ध शिक्षकों में गिनती होती है। समारोह में शिक्षकों ने उनके उत्कृष्ट कार्य व व्यक्तिगत जुड़ाव पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। पूर्व डीपीओ मिथिलेश कुमार सिंह, प्रणव कुमार, गया प्रसाद आदि शिक्षकों ने कहा कि नागेंद्र प्रसाद की बच्चों के सर्वांगीण विकास, नवाचार को बढ़ावा व प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों में जोश भर साकारात्मक परिणाम देने में अहम भूमिका रही।

# महापौर एवं निगम पार्षद ने नवनिर्मित सड़क-नाला का किया निरिक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 21, रमना मिस्कॉट मुहल्ला में नगर निगम द्वारा निमार्णाधीन शेड युक्त छठ घाट तथा नव-निर्मित सड़क एवं नाला का निरीक्षण महापौर श्रीमती प्रीति कुमारी जी द्वारा स्थानीय निगम पार्षद प्रतिनिधि हरेंद्र कुमार जी के साथ किया गया। इस अवसर पर कनीय अभियंता सौरभ राज जी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान वार्ड में संचालित साफ - सफाई कार्यो का गहन सर्वेक्षण किया गया। संबंधित एजेंसी एवं नगर निगम के सफाई कर्मियों की उपस्थिति पंजी की जांच की गई तथा वार्ड में बेहतर, नियमित एवं प्रभावी सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यो की गुणवत्ता एवं समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित की जाए, ताकि स्थानीय नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएँ उपलब्ध हो सकें । नगर निगम मोतिहारी वार्ड के समग्र विकास एवं स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।



**समाहरणालय, गढ़वा (जिला पंचायत शाखा)**

email – dprogarhwa@yahoo.com/dprogarhwa84@gmail.com

**आम–सूचना**

राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड, रॉची द्वारा निर्गत प्रेस–नोट संख्या 187दिनांक 27.01.2026 के आलोक में गढ़वा जिला अंतर्गत 03 नगरपालिका निर्वाचन क्षेत्र यथा गढ़वा नगर परिशद् (वर्ग–ख), श्री बं ीधरनगर नगर पंचायत एवं मझिऑव नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं वार्ड पार्शद पद के लिए मतदान की तिथि दिनांक 23.02.2026 (सोमवार) को तथा मतगणना की तिथि दिनांक 27.02.2026 ( ुक्रवार) निर्धारित है।

नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 के निमित्त तीनों नगरपालिका निर्वाचन क्षेत्रों में अध्यक्ष पद एवं वार्ड पार्शद पद के नाम निर्दे ान संबंधी कार्य सम्पादित करने हेतु आयोग द्वारा अधिसूचित निर्वाची पदाधिकारी के लिए कक्ष का निर्धारण किया गया है जो निम्नवत् हैः–

| क0 | शहरी स्थानीय निकाय का नाम | पद | निर्वाचन क्षेत्र/प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र संख्या/नाम | नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | गढ़वा नगर परिषद् (वर्ग–ख) | अध्यक्ष | I गढ़वा/01 गढ़वा नगर परिषद् (वर्ग–ख) | स्थान – अपर समाहर्त्ता, गढ़वा का कार्यालय प्रकोष्ठ, भू–तल, कमरा संख्या –101, समाहरणालय भवन, गढ़वा |
| 2 | श्री बंशीधनगर नगर पंचायत | अध्यक्ष | I गढ़वा/01 श्री बंशीधरनगर नगर पंचायत | स्थान – अनुमण्डल पदाधिकारी, श्री बंशीधर नगर का कार्यालय प्रकोष्ठ, कमरा सं0–01, भू–तल, अनुमण्डल कार्यालय भवन, श्री बंशीधर नगर |
| 3 | मझिऑव नगर पंचायत | अध्यक्ष | I गढ़वा/02 मझिऑव नगर पंचायत | स्थान – अनुमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा का कार्यालय प्रकोष्ठ, प्रथम तल, अनुमण्डल कार्यालय भवन, गढ़वा |
| 4 | गढ़वा नगर परिषद् (वर्ग–ख) | वार्ड पार्षद | I गढ़वा/01 गढ़वा नगर परिषद् वर्ग (ख)/वार्ड संख्या –01 से 04 तक | स्थान – प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, गढ़वा का कार्यालय कक्ष कमरा संख्या–01, प्रथम–तल, प्रखण्ड –सह– अंचल कार्यालय, गढ़वा |
| 5 | गढ़वा नगर परिषद् (वर्ग–ख) | वार्ड पार्षद | I गढ़वा/01 गढ़वा नगर परिषद् वर्ग (ख)/वार्ड संख्या –05 से 08 तक | स्थान – अंचल अधिकारी, गढ़वा का कार्यालय कक्ष, कमरा संख्या–30, भू–तल, प्रखण्ड –सह– अंचल कार्यालय, गढ़वा |
| 6 | गढ़वा नगर परिषद् (वर्ग–ख) | वार्ड पार्षद | I गढ़वा/01 गढ़वा नगर परिषद् वर्ग (ख)/वार्ड संख्या –09 से 12 तक | स्थान–कमरा संख्या – 11, बी0पी0आर0ओ0 हॉल, प्रथम तल, प्रखण्ड–सह– अंचल कार्यालय, गढ़वा |
| 7 | गढ़वा नगर परिषद् (वर्ग–ख) | वार्ड पार्षद | I गढ़वा/01 गढ़वा नगर परिषद् वर्ग (ख)/वार्ड संख्या –13 से 16 तक | स्थान – कमरा संख्या – 12, प्रथम तल, प्रखण्ड –सह– अंचल कार्यालय, गढ़वा |
| 8 | गढ़वा नगर परिषद् (वर्ग–ख) | वार्ड पार्षद | I गढ़वा/01 गढ़वा नगर परिषद् वर्ग (ख)/वार्ड संख्या –17 से 21 तक | स्थान – कमरा संख्या – 16, प्रथम तल, प्रखण्ड –सह– अंचल कार्यालय, गढ़वा |
| 9 | श्री बंशीधनगर नगर पंचायत | वार्ड पार्षद | I गढ़वा/01 श्री बंशीधरनगर नगर पंचायत/वार्ड संख्या –01 से 04 तक | स्थान – अंचल अधिकारी, नगर उॅटारी का कार्यालय कक्ष, भू–तल, प्रखण्ड –सह– अंचल कार्यालय, नगर उॅटारी |
| 10 | श्री बंशीधनगर नगर पंचायत | वार्ड पार्षद | I गढ़वा/01 श्री बंशीधरनगर नगर पंचायत/वार्ड संख्या –05 से 08 तक | स्थान – भू–तल पर अवस्थित मिटिंग हॉल, प्रखण्ड –सह– अंचल कार्यालय, नगर उॅटारी |
| 11 | श्री बंशीधनगर नगर पंचायत | वार्ड पार्षद | I गढ़वा/01 श्री बंशीधरनगर नगर पंचायत/वार्ड संख्या –09 से 12 तक | स्थान – भू–तल पर अवस्थित JE स्टाफ हॉल, प्रखण्ड –सह– अंचल कार्यालय, नगर उॅटारी |
| 12 | श्री बंशीधनगर नगर पंचायत | वार्ड पार्षद | I गढ़वा/01 श्री बंशीधरनगर नगर पंचायत/वार्ड संख्या –13 से 17 तक | स्थान – प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, नगर उॅटारी का कार्यालय कक्ष, प्रथम–तल, प्रखण्ड –सह– अंचल कार्यालय, नगर उॅटारी |
| 13 | मझिऑव नगर पंचायत | वार्ड पार्षद | I गढ़वा/02 मझिआँव नगर पंचायत/वार्ड संख्या –01 से 04 तक | स्थान – प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, मझिऑव का कार्यालय कक्ष, प्रथम–तल, प्रखण्ड –सह– अंचल कार्यालय, मझिऑव |
| 14 | मझिऑव नगर पंचायत | वार्ड पार्षद | I गढ़वा/02 मझिआँव नगर पंचायत/वार्ड संख्या –05 से 08 तक | स्थान – अंचल अधिकारी, मझिऑव का कार्यालय कक्ष, भू–तल, प्रखण्ड–सह–अंचल कार्यालय,मझिऑव |
| 15 | मझिऑव नगर पंचायत | वार्ड पार्षद | I गढ़वा/02 मझिआँव नगर पंचायत/वार्ड संख्या –09 से 12 तक | स्थान – बाल विकास कार्यालय, मझिऑव सभागार कक्ष, भू–तल, प्रखण्ड –सह– अंचल कार्यालय, मझिऑव |

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह– उपायुक्त, गढ़वा।

PR.NO.372226 Election(25-26):D

# महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय समावेशन को अपनी अकादमिक संस्कृति का अभिन्न हिस्सा मानता है : कुलपति

**दिव्यांगजनों के भविष्य पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का एमजीसीयू में शुभारंभ**

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय मोतिहारी के सेल फॉर पर्सन्स विद डिसएबिलिटीज के तत्वावधान में 'भारत में दिव्यांगों का भविष्य' विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ विश्वविद्यालय परिसर में गरिमामय वातावरण में हुआ। यह सम्मेलन समावेशी शिक्षा, गरिमा-केंद्रित विकास तथा दिव्यांगजनों के अधिकारों और सहभागिता को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण अकादमिक एवं सामाजिक पहल के रूप में सामने आया। उद्घाटन सत्र में मुख्य प्रॉक्टर प्रो. प्रसून दत्त ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमें किसी भी व्यक्ति को उसकी शारीरिक सीमाओं के आधार पर नहीं, बल्कि आत्मा के गुणों के आधार पर समझना चाहिए। उन्होंने भारतीय चिंतन और मनीषा का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति दिव्यांगता को दुर्बलता नहीं, बल्कि विशिष्ट सामर्थ्य के रूप में देखती है। 'दिव्यांग सहारा' और 'दिव्यांग अमर' जैसी अवधारणाएँ इसी दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करती हैं। इस क्रम में उन्होंने नागेश भट्ट का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि संकल्प और आत्मबल किसी भी सीमा से बड़ा होता है। सम्मेलन की पृष्ठभूमि और उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए डॉ. दीपक, सदस्य सचिव, सेल फॉर पर्सन्स विद डिसएबिलिटीज, ने कहा कि यह सम्मेलन समावेशन की व्यापक अवधारणा को केंद्र में रखता है। उन्होंने कहा कि किसी न किसी रूप में प्रत्येक व्यक्ति समाज में हाशिए पर होता है और इस सम्मेलन का उद्देश्य सभी प्रकार के वंचित एवं सीमांत समूहों को एक साझा मंच पर लाकर संवाद, सहयोग और समाधान की दिशा में आगे बढ़ना है। उन्होंने




## बैंक रोड पर बन रहे नाले के बीच खड़ा जर्जर बिजली पोल, हादसे की आशंका

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के सबसे व्यस्त इलाके बैंक रोड में निमार्णाधीन नाले के बीच एक जर्जर बिजली पोल खड़ा होना लोगों के लिए गंभीर खतरे का कारण बन गया है। यह पोल सड़क किनारे स्थित है और इसके ठीक बगल में सड़क निर्माण का कार्य भी जारी है। लगातार आवागमन और निर्माण कार्य के चलते यहां हर समय दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार नाला और सड़क निर्माण के दौरान इस पुराने बिजली पोल को हटाने या शिफ्ट करने की कोई व्यवस्था नहीं की गई। नाले के बीच खड़ा यह पोल नीचे से क्षतिग्रस्त दिखाई दे रहा है, जबकि आसपास पानी भरा हुआ है। ऐसे में हल्की सी लापरवाही भी बड़े हादसे को जन्म दे सकती है। खासकर व्यस्त बैंक रोड पर दिनभर पैदल राहगीरों, दोपहिया और चारपहिया वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। लोगों का कहना है कि बरसात के मौसम में जलजमाव और खुले नाले के कारण करंट फैलने का खतरा भी बढ़ जाता है। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने नगर प्रशासन एवं विद्युत विभाग से मांग की है कि जनहित को देखते हुए इस जर्जर पोल को तत्काल हटाकर सुरक्षित स्थान पर नया पोल लगाया जाए तथा निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन कराया जाए।



# डॉ. अज्म का काव्य संग्रह 'पेंसिल के निशां' साहित्य की दुनिया में छोड़ेगा अमिट छाप

**विद्वानों की समालोचना व भव्य मुशायरे के साथ लोकार्पण समारोह संपन्न**

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** माया नगरी मुंबई के चर्चित गीतकार एवं छपरा निवासी डॉ. मोअज्जम अज्म के द्वितीय काव्य संग्रह 'पेंसिल के निशां' का लोकार्पण करीमचक स्थित राहत पैलेस में गरिमामय वातावरण में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विद्वानों और साहित्यकारों ने पुस्तक पर सारगर्भित समालोचना प्रस्तुत की और इसे साहित्य जगत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा काव्य संग्रह का लोकार्पण कर किया गया। भाषाविद जुनैद मीर ने कहा कि पेंसिल के निशान भले मिट जाते हों, लेकिन डॉ. मोअज्जम अज्म की रचनाओं के निशान शाश्वत हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी कला-चाहे शोध कार्य हो, पेंटिंग हो या कोई योजना-उसकी शुरूआत पेंसिल से होती है। उसी प्रकार डॉ. अज्म की रचनाएं विभिन्न पड़ाव पार कर परिपक्वता को प्राप्त हुई हैं। लगभग चार दशकों का उनका साहित्यिक सफर उनकी विनम्रता और निरंतर सृजनशीलता का प्रमाण है। जेपीयू के उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो. मजहर किबरिया ने कहा कि डॉ. मोअज्जम ने अपने संग्रह में जो हौसला और संवेदनशीलता दिखाई है, उससे निराश मन को नई ऊर्जा मिलेगी तथा जिले की साहित्यिक धरोहर में भी वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि आज के समय में ऐसे आयोजन अत्यंत प्रासंगिक हैं। प्रो. अब्दुस्सलाम अंसारी ने कहा कि डॉ. मोअज्जम अपनी रचनाधर्मिता से राज्य, देश व फिल्म जगत में सारण का नाम रोशन कर रहे हैं। उनकी रचनाएं कलात्मकता, बौद्धिकता, आधुनिकता और उम्मीद का संदेश लिए हुए हैं। उन्होंने बताया कि इस आयोजन ने सामाजिक एकता और भाईचारे को भी मजबूत किया है। राजेंद्र कॉलेज के उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ. अलाउद्दीन खान ने साहित्यिक दृष्टिकोण से डॉ. अज्म की सेवाओं को रेखांकित किया। प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. मुश्ताक अहमद ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि डॉ. मोअज्जम न केवल एक बेहतरीन शायर हैं, बल्कि एक उत्कृष्ट इंसान और चिंतक भी हैं। उन्होंने कहा कि उनके माध्यम से इतने सकारात्मक विचार वाले लोगों का एकत्र होना इस आयोजन की बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने विश्वास जताया कि डॉ. अज्म का साहित्यिक सफर आगे और चमकेगा तथा अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी वे सारण की नुमाइंदगी करेंगे। वरीय शायर शहजाद अहमद ने अरबी-फारसी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. एस.एम. रफीक आजम द्वारा लिखित प्रस्तावना को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। साथ ही यह भी बताया कि प्रसिद्ध फिल्म गीतकार एवं शायर शकील आजमी ने भी इस पुस्तक का परिचय लिखा है, जो महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मेजबान डॉ. मोअज्जम अज्म ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर जगदम कॉलेज के विभागाध्यक्ष प्रो. हसीबुर्रहमान के शानदार संचालन और डॉ. यूएस विश्वकर्मा की अध्यक्षता में मुशायरा भी आयोजित किया गया।



# सीएचसी में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर बैठक

## प्रखंडस्तरीय पदाधिकारी करेंगे अभियान का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा।** प्रखंड के सीएचसी हसपुरा के सभागार में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा कुणाल कामाख्या नारायण की अध्यक्षता में फाईलेरिया उन्मूलन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बताया जाता है कि आगामी 10 फरवरी से चलने वाले सर्व जन दवा सेवन (फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम) की सफलता हेतु प्रखंड समन्वय समिति की ओर जागरूकता अभियान है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुणाल कामख्या नारायण ने कहा कि फाइलेरिया बीमारी से कैसे बचें इसकी विस्तृत चर्चा की गई और इसके महत्व पर प्रकाश डाला गया गया। कार्यक्रम पदाधिकारी संचारी रोग पिरामल के अताउल्लाह खान ने कार्यक्रम की योजनाओं पर चर्चा की जिसमे बताया गया कि 168858 लोगों को आशा दीदी के द्वारा 10 फरवरी से 24 फरवरी तक घर घर जाकर फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जाएगी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 2 वर्ष से अधिक आयु के लाभार्थी को दवा खिलाई जाएगी। इसके साथ ही 25 फरवरी से 27 फरवरी तक प्रखंड के सभी स्कूलों पर शिक्षक और बच्चों को दवा की खुराक दी जाएगी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि यह दवा बिल्कुल सुरक्षित है और हाथी पांव से बचाव हेतु ये दवा सभी को खाना आवश्यक है। याद रखने वाली बात है कि खाली पेट में दवा नहीं खानी है।

## महायज्ञ को लेकर बैठक

**हसपुरा।** हसपुरा प्रखंड क्षेत्र के कोइलवां गांव में श्री सीताराम महायज्ञ श्री राम कथा दिनांक 19 मार्च से 27 मार्च 2026 तक सती स्थान कोईलवा में होना सुनिश्चित हुआ है। 3 फरवरी दिन मंगलवार को ठाकुरबारी कोइलवां हसपुरा में यज्ञ के लिए आचार्य पंडित लालमोहन शास्त्री की अध्यक्षता सभा का आयोजन किया गया। आज महायज्ञ कार्यालय का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी जिला के महामंत्री अमन कुशवाहा ने फीता काटकर किया। महायज्ञ के सचिव पूर्व मुखिया अजय कुमार ने सभी आगंतुकों को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। कोषाध्यक्ष बृज बिहारी शर्मा मृत्युंजय शर्मा, सचिव सूर्यवंश शर्मा, संरक्षक सियाराम शर्मा, संयोजक प्रवीण शर्मा, डॉक्टर प्रेम कुमार, बबन मेहता, शिवनारायण प्रसाद सिंह, मुनील पासवान, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, सियाराम शर्मा, अजीत कुमार, योगेंद्र प्रसाद सिंह, बैकुंठ पासवान, सरपंच राम, कृत माला, दिलीप कुमार, तनिक शर्मा, सोनू चंद्रवंशी, अंबिका

# रक्तदान यात्रा के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में बमेंद्र ने लिया ब्लड बैंक का जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** आपस में भिन्न भिन्न मुद्दों पर आए दिन जाति और धर्म पर घमासान हुआ करता है।परन्तु जाति और धर्म का नशा तब टूट जाता है जब किसी को रक्त की आवश्यकता पड़ती है। कोई अपना रक्त की कमी के कारण जीवन और मौत से जूझता रहता है। ऐसे में उन्हें अपनी जाति और अपने धर्म के खून की आवश्यकता नहीं पड़ती बल्कि उस ब्लड ग्रुप के खून की आवश्यकता होती है जो मरीज का होता है। फिर आपस में भाई चारा की जगह जाति, धर्म को लेकर क्यों लड़ते हैं लोग। उक्त बातें छत्तीसगढ़ रक्तदान जागरूकता यात्रा पर गए बमेंद्र ने सूरजपुर में युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक करते हुए कहा। ओम साईं रक्तदार्थ सेवा समिति छत्तीसगढ़ के सूरजपुर संभाग के अध्यक्ष भूषण प्रसाद चंद्रवंशी के सहयोग एवं साथ से



बमेंद्र ने सूरजपुर जिला मुख्यालय में युवाओं से रक्तदान जागरूकता को लेकर बात की। शासकीय जिला अस्पताल सूरजपुर के ब्लड बैंक में भी जाकर जिला में रक्तदान की स्थिति एवं संस्थाओं के सहयोग से रूबरू हुए। ब्लड बैंक की प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ यशोदा मृद्धा ने बताया कि यहां रक्तदान के प्रति जागरूकता की काफी कमी है जिस वजह से ब्लड बैंक में रक्त का किल्लत बना रहता है। यहां 30 थैलीसीमिया पीड़ित बच्चे हैं जिन्हें हर माह लगभग पचास यूनिट रक्त बहुत मुश्किल से हो पाता है। एक को छोड़ यहां संस्थाओं का सहयोग भी नहीं मिल पाता है। युवाओं से रक्तदान पर चर्चा के दरम्यान बमेंद्र ने नियमित रक्तदान करने एवं अन्य युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।

# भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के कौआ खाप गांव में भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की है। प्रथम पक्ष की ओर से नंदू मिस्त्री ने गांव के ही अखिलेश मिस्त्री, मुन्ना शर्मा, अमित कुमार, रविशंकर कुमार एवं रवि रंजन कुमार को नामजद अभियुक्त बनाते हुए आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने आरोप लगाया है कि सभी आरोपी लाठी-डंडा लेकर उनके घर पहुंचे और उनके साथ मारपीट की, साथ ही घर का रास्ता भी बंद कर दिया।

वहीं दूसरे पक्ष की ओर से अमित कुमार ने नंदू मिस्त्री एवं उनकी पत्नी को नामजद करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनकी मां तेतरी देवी के नाम से जमीन खरीदी गई थी, जिस पर वे लोग साग-सब्जी एवं प्याज की खेती कर घेराबंदी किए हुए थे, इसी को लेकर विवाद हुआ। इस संबंध में थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना पुलिस ने भूमि विवाद से जुड़े एक मामले में नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान बरुणा गांव निवासी अजय शर्मा के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि कांड संख्या 536/25 के तहत दर्ज भूमि विवाद मामले में अजय शर्मा को नामजद आरोपी बनाया गया था। घटना के बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को उसके गांव से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## विश्व कैंसर दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददातास)।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर आज यानी बुधवार को शहर के सीतयोग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी संस्थान में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इसमें औरंगाबाद की प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ शीला वर्मा कैंसर और उससे बचने के लिए वैक्सीनेशन का उपयोग पर लोगों को जानकारी देंगी। गौरतलब है कि हर 5 मिनट में एक व्यक्ति की मौत कैंसर के कारण हो रही है। ऐसे में इस भयानक बीमारी से बचाव के लिए जागरूकता बहुत जरूरी है जिसको लेकर इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

# प्रा. विद्यालय उच्छाहल बिगहा की छत जर्जर

## जान जोखिम में डालकर पढ़ रहे बच्चे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** सरकारी विद्यालयों में संसाधन का अभाव है। अधिकांश विद्यालय भवन जर्जर अवस्था में है। जिससे कोई देखने वाला नहीं है। यह तो यह है कि जर्जर होने के कारण बच्चे विद्यालय में भय के माहौल में पढ़ाई करते हैं। भवन की छत कब गिर जाए कहा नहीं जा सकता। बता दें कि हसपुरा प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय उच्छावल बिगहा के दो कमरे में चलता है। कमरे की छत इतनी जर्जर है कि कब गिर जाए कहा नहीं जा सकता। वैसे बाहर से विद्यालय देखने में चकाचक लगता है। अंदर जाने पर पता चलता है कि छत कई जगह गिर चुकी है। कई जगहों पर दरार है। दो कमरे में विद्यालय चलता है जिसमें एक कमरा आंगनबाड़ी केंद्र का है। एक कमरे में कार्यालय के साथ वर्ग एक से लेकर पांच तक के बच्चे पढ़ाई करते हैं। बच्चे बरामदा में बैठकर शिक्षा ग्रहण करते हैं। वर्षा के दिनों में छत से पानी टपकता है। बच्चे कहां बैठेंगे उन्हें जगह नहीं मिलती है। विद्यालय के भवन की स्थिति की जानकारी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दी गई है परंतु अबतक भवन के मामले में कोई आदेश प्राप्त नहीं है। छत गिरने का डर शिक्षक एवं बच्चों दोनों को है। खुले छत के नीचे मध्याह्न भोजना बनाना मुश्किल होता है। विद्यालय में शौचालय व बिजली तो है परंतु पेयजल की समस्या गंभीर है। पानी पीने बच्चे अपने घर चले जाते हैं। विद्यालय की चहारदीवारी जर्जर है। छत जर्जर होने के कारण अभिभावक अपने बच्चों को इस विद्यालय में नहीं भेजना चाहते हैं। प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय में पर्याप्त कमरे का निर्माण कराने की जरूरत है। भवन कभी भी गिर सकता है। चापाकल न होने से बच्चें के साथ शिक्षकों को परेशानी होती है।

# शहर के कई मुहल्लों में नहीं जलती है स्ट्रीट लाइट

## काफी समय से नालियों की सफाई नहीं होने से नाला हो गया जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता।**



**औरंगाबाद।** शहर को चमकाने के लिए लाख प्रयास किए जा रहे हैं परंतु धरातल पर कुछ और दिख रहा है। वार्ड सं-24 में समस्याओं का अंबार लगा है। यहां सफाई की कमी के कारण नाली का गंदा पानी सड़कों पर बहता रहता है जिससे वर्षा के समय पानी नागरिकों के घर में घुस जाता है। शाहपुर रोड पर स्थित दुर्गा मंदरि, गणेश मंदिर, सिद्धि विनायक मंदिर काफी महत्वपूर्ण है। वार्ड में तेली मोहल्ला, इस्लाम टोली, शाहपुर और टिकरी मोहल्ला का कुछ हिस्सा शामिल है जिसकी कुल आबादी लगभग चार हजार है। इस वार्ड की सीमाओं की बात करें तो पूरब में दुर्गा मंदिर रोड, पश्चिम में शाहगंज, उत्तर में पुरानी जीटी रोड एवं दक्षिण में टिकरी रोड है। यह मोहल्ला महत्वपूर्ण होने के बावजूद विकास की किरणों से ओझल है। यहां के नागरिकों की स्थिति गांव से भी बदतर हो गई है। यहां नाली का गंदा पानी घरों में प्रवेश कर जाता है जिससे लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। नालियों की सफाई लंबे समय से नहीं हुई है जिसके कारण यह स्थिति उत्पन्न हो गई है। वार्ड-24 की पहचान अब बजबजाती नालियों से हो गई है। नल-जल योजना के तहत पाइप बिछाने के लिए वार्ड की कई सड़कों को तोड़ दिया गया है। हालांकि पाइप बिछाने का काम पूरा हो गया है परंतु सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है। इतना होने के बावजूद भी नगर परिषद के अधिकारियों का ध्यान इस ओर नहीं है।

# शब ए बरात पर मस्जिदों, खानकाहो और मजार शरीफ को किया गया रोशन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** जिले के शहरी व ग्रामीण इलाके में इबादत की रात शब ए बरात श्रद्धा वो अकीदत के साथ मनाया गया। इस मौके पर मस्जिदों, खानकाहों, घरों और दुकानों को रंग रोगन कर रंग विरंगे रौशनी से सजाया गया था। बड़ी संख्या में लोगों ने इस रात का एहतराम करते हुये अपने परिवार व पूर्वजों के लिए खुदा से मगफ़ेरत की दुआ मांगी। इधर इस मौके पर शब ए बरात पर मस्जिदो व घरों में तिलावते कुरान शरीफ लोगों ने की और नफल की नमाज पूरी रात अदा करते रहे। साथ ही अपने पूर्वजों के नाम नियाज फातिहा खानी कराया। मिली जानकारी अनुसार जिले भर में मुस्लिम समुदाय द्वारा इबादत का पर्व शबेबरात संपन्न हो गई। इस के लिए जिले भर के मस्जिदों, खानकाहो, इबादतगाहों में लोग इबादत करते हुए देखे गए। मध्यरात्रि में कब्रिस्तान जाकर अपने पूर्वजों के लिए दुआ ए मगफिरत के लिए फातेहा व दरूद का एहतमाम किया गया। मुस्लिम लोग मंगलवार शाम से लेकर रात भर इबादत किए। इससे पहले हर मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय द्वारा रात भर अल्लाह ताला से अपनी गुनाहों से तौबा कर आने वाली जिंदगियों में खुशहाली की दुआएं मांगते रहे। सभी इबादतगाहों में दरूद फातिहा का एहतमाम किया गया और सामूहिक रूप से पूरे दुनिया में अमन चैन और खुशहाली के लिए दुआ किया गया। जानकारी अनुसार उलमाय एकराम ने बताया कि इस्लाम धर्म के अंतिम पैगंबर मोहम्मद साहब सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने फरमाया कि जब अरबी माह शाबान की 15वीं रात यानी शबे बारात आए तो रात में जाग कर इबादत करनी चाहिए। उक्त बातें मदरसा दारूल उलूम फैज ए रहमानी, वीर नगर विसर्या, भरगामा के नाजिम मुफ्ती मोहम्मद आरिफ सिद्दीकी साहब ने शबेबरात की फजीलत पर कहीं।

# बसडीहा के वार्ड 8 में ग्रामीणों को नहीं मिलता नल से जल

## पीएचइडी विभाग के अधिकारी नहीं देते ध्यान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या को देखते हुए सरकार के द्वारा सात निश्चय योजना के तहत हर घर नल जल योजना की शुरुआत की गई थी परंतु ग्रामीणों को पानी की समस्या से न जूझना पड़े। सरकार के द्वारा चालू किया गया नल जल योजना पूरी तरह से धरातल पर नहीं उतर सकी है। बता दें कि नबीनगर प्रखंड के बसडीहा पंचायत के वार्ड नं-आठ में ग्रामीणों को नल से जल नहीं मिल पा रहा है। वहीं वार्ड में कार्य के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई है। योजना के सारे पैसे की निकासी हो गई परंतु अभी ग्रामीणों को नल-जल योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। बसडीहा पंचायत के बसडीहा गांव के वार्ड नं- आठ में 100 से अधिक घरों में नल जल योजना का पानी पहुंचाने के लिए बीते वर्ष 2020 में पाइप बिछाने का कार्य प्रारंभ किया गया था जो आज चार वर्ष बीतने के बाद भी पूर्ण नहीं हो सका है। गांव में पानी टंकी के लिए टावर का निर्माण कराया गया है। गांव में जमीन के अंदर पाइप बिछायी गई लेकिन एक भी घर में नल नहीं लगा। वार्ड में नल जल योजना का कार्य शुरू हुए पांच वर्ष बीतने के बाद भी ग्रामीणों को नल जल योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। स्थानीय ग्रामीण ददन सिंह, लवकुश कुमार सिह सहित ने बताया कि पांच वर्ष पहले नल-जल योजना वार्ड में शुरू हुई तो ग्रामीण काफी खुश हुए थे। जब से योजना लगी है तब से आज तक ग्रामीणों को योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। अधूरा पड़े नल-जल को चालू कराने के लिए कई बार पीएचइडी विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई परंतु अभी तक योजना का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रही है।

# औरंगाबाद के वार्ड 1 में कच्ची सड़क से बढ़ी परेशानी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

## सफाई का अभाव

**औरंगाबाद।** नगर परिषद हमेशा अपने कार्यों को लेकर चर्चा में रहता है। हालांकि पहले से स्थिति बेहतर हुई है परंतु सफाई के मामले में सुधार की जरूरत है। कई मोहल्ले में विकास की दरकार है। नागरिक मुलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। शहर के वार्ड सं-एक के मोहल्लों की सड़कें कच्ची दिखी। देखने से नहीं लगा कि ये शहर का हिस्सा है। मिसिर बिगहा, क्षत्रीय नगर में सड़क का अभाव है। नागरिकों को आवागमन करने में समस्या होती है। कुछ बने हुए सड़क के गड्ढों में पानी भर जाता है जिससे परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड में कई ऐसे मोहल्ले हैं जहां लाइट की समस्या बनी हुई है। रात होने के बाद मोहल्ला अंधेरे में डूब जाता है। वार्ड की आबादी करीब 10 हजार की है। वार्ड की चौहद्दी की बात करें तो पूरब में वार्ड सं-दो, पश्चिम में एनएच-139, उत्तर में धबौल एवं दक्षिण में खैराबिद पंचायत की गांव है। वार्ड की क्षेत्रों में विकास की जरूरत है। नागरिक दिवाकर पासवान ने बताया कि जीटी रोड से मिसिर बिगहा आने वाली सड़क पूरी तरह से नहीं बना है। एनएच-139 से मिसिर बिगहा होते कर्मा रोड जाने वाली सड़क को भी बनवाया जाए। एक सामुदायिक भवन की जरूरत है। वोल्टेज की समस्या से नागरिक परेशान हैं। यहां किसी का कोई ध्यान नहीं है। सफाई की कार्य में सुधार की जाने चाहिए।

# मदनपुर में जीटी रोड पर खड़े रहते हैं वाहन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर बाजार के समीप जीटी रोड पर वाहनों की अवैध तरीके से पार्किंग होती है। अतिक्रमण के कारण प्रतिदिन दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। यहां सड़क पर टेंपो और अन्य वाहनों की पार्किंग होती है जबकि दोनों तरफ फुटपाथी दुकानदारों ने अतिक्रमण कर रखा है। सड़क पर मछली बाजार भी लगता है जिससे यातायात में बाधा उत्पन्न होती है। टेंपो चालक यात्रियों को सड़क पर ही बैठाते हैं जिससे तेज रफ्तार में गुजरते कार, ट्रक और अन्य वाहनों के बीच दुर्घटनाएं होने का खतरा बढ़ जाता है। स्थानीय प्रखंड सह अंचल के अधिकारी और थाना पुलिस इस स्थिति को प्रतिदिन देखते हैं परंतु अतिक्रमण के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती है। जिला और पुलिस प्रशासन के उच्च अधिकारी भी इस समस्या को नजरअंदाज कर रहे हैं। मदनपुर निवासी बब्लू कुमार, गणेश कुमार ने बताया कि मदनपुर बाजार के पास अतिक्रमण के कारण यात्रियों की जान को खतरा है। सड़क पर दुकानों के लगने और मछली बाजार के कारण गंदगी फैलती है जिससे लोगों को चलने में कठिनाई होती है। जीटी रोड से अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर शांति समिति और बीस सूत्री की बैठक में भी आवाज उठाई गई है परंतु जिला प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

# बैठक में स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार से जोड़ने को लेकर डीएम ने दिया जोर

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में औद्योगिक विकास को नई गति देने और स्टार्टअप्स की समस्याओं के त्वरित निष्पादन हेतु आज जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन में मंगलवार को आयोजित इस बैठक में जिलाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी ने भागलपुर के उत्पादों को वैश्विक बाजार से जोड़ने और स्थानीय बुनियादी ढांचे को सुधारने पर विशेष जोर दिया। इसके अलावा जिले से निर्यात बढ़ाने के लिए एक



'डेडिकेटेड कंसल्टेंट' के गठन का प्रस्ताव संबंधित विभाग को भेजने के लिए कहा गया। यह सेल स्थानीय उद्यमियों को इंटरनेशनल मार्केटिंग और डॉक्यूमेंटेशन में मदद करेगा। उन्होंने जिले में मत्स्य पालन के क्षेत्र में आधुनिकता लाने के लिए मत्स्य पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वे स्टार्टअप्स के साथ तालमेल स्थापित करें जिससे नई तकनीक का लाभ क्षेत्र को मिल सके। स्टार्टअप्स द्वारा निरंतर पॉवर कट की समस्या उठाए जाने पर इसे गंभीरता से लेने और विद्युत विभाग के साथ समन्वय कर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी स्टार्टअप उद्यमियों से व्यक्तिगत संवाद कर उनके कार्यों की सराहना की और सभी से कहा कि 'भागलपुर के उद्यमियों और स्टार्टअप्स की हर जरूरत को पूरा करना प्रशासन की प्राथमिकता है। बिजली की समस्या हो या बाजार की उपलब्धता, हम हर बाधा को दूर करेंगे ताकि यहाँ का हुनर वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना सके।'

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू**
**समाहरणालय भवन ब्लॉक-सी, कमरा नं०-09, मेदिनीनगर**
ई-मेल- jepcpalamau1@gmail.com & jepcpalamau@rediffmail.com

**नामांकन संबंधी आम सूचना**

राज्य परियोजना कार्यालय, राँची के पत्रांक–1583, दिनांक 24.04.2025 के निदेशानुसार शैक्षणिक सत्र 2026–27 में झारखण्ड शिक्षा परियोजना पलामू अन्तर्गत संचालित नेताजी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, (कक्षा 01 से 08 एवं 09) में एवं पत्रांक 755, दिनांक 24.04.2014, पत्रांक 1714, दिनांक 31.08.2015, पत्रांक 249, दिनांक 02.02.2017 के आलोक में कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय/झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में रिक्त सीटों (कक्षा–6) में नामंकन किया जाना है। नामाकंन निम्न कोटि के बच्चों का लिया जाता है।

**नेताजी सुबाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में बालक हेतुः**–1. अनाथ बच्चे। 2. एकल माता–पिता के बच्चे। 3. बिना वयस्क संरक्षण के रहनें वाले बच्चे। 4. उग्रवाद से प्रभावित परिवार के बच्चे। 5. मानव तस्करी गतिविधियों से प्रभावित बच्चें। 6. सड़क पर रहने वाले बच्चे। 7. घर से भागे हुये बच्चे। घुमन्तु बच्चे। 8. अभ्रक खदानों या अन्य खदानों में काम करने वाले श्रमिकों के बच्चे और बाल श्रमिक। 9. प्रवासी परिवार के बच्चे। 10. आदिम जनजाति परिवार के बच्चें। 11. एच0आई0वी0 एट्स से संक्रमित/प्रभावित परिवार के बच्चें। 12. भिखारी बच्चे।

**कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय/झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में बालिका हेतुः**– 1. अनाथ। 2. एकल माता–पिता। 3.नक्सल प्रभावित बच्चें 4. दैनिक मजदूर बच्चे। सुदूरवर्ती क्षेत्र के बच्चे। एवं अन्य कारणों से पढ़ाई से वंचित बच्चे। उपरोक्त कोटि के छात्र–छात्राओं के माता–पिता/अभिभावक से अनुरोध है कि यदि अपने बच्चो का नामांकन उक्त विद्यालय में कराना चाहते हैं तो नजदीकी विद्यालय से सम्पर्क कर 14 फरवरी 2026 तक नामांकन संबंधी जानकारी एवं प्रपत्र की प्राप्ति कर सकते हैं।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू।

PR.NO.372239 District(25-26):D

**कार्यालय : जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, पलामू**
(पंचायत शाखा)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण एवं सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि पलामू जिला अन्तर्गत नगरपालिका (आम) निर्वाचन, 2026 के निमित्त चुनाव संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायत निम्नलिखित Toll Free No. पर की जा सकती है।

**Toll Free No.**

| | |
|---|---|
| Control Room No.<br>व्यय अनुश्रवण,<br>(वाणिज्यकर भवन) | 9973240121 |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)
–सह– उपायुक्त, पलामू

PR 372277 Palamu (25-26)_D

# पीएमएवाई अंतर्गत सर्वे सूची सत्यापन पूर्ण करने का निर्देश

## डीएम श्रीकांत शास्त्री ने बछवाड़ा प्रखंड की जनता से किया संवाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** मंगलवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के अंतर्गत बछवाड़ा प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण एवं जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा जिलास्तरीय एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों के साथ बैठक कर विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षा की गई। सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी द्वारा जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों के साथ प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सर्वे सूची के सत्यापन को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही शौचालय विहीन परिवारों का सर्वे कर ओडीईपी तैयार कर शौचालय निर्माण सुनिश्चित कराने तथा सामुदायिक शौचालयों के निर्माण हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए। सामुदायिक सोख्ता की प्रगति शून्य पाए जाने पर जिला पदाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए बीडीओ को जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर अविलंब कार्य प्रारंभ कराने का निर्देश दिया गया। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को आरटीपीएस से प्राप्त आवेदनों की शीघ्र जांच कर निष्पादन सुनिश्चित करने तथा जहां-जहां जन वितरण प्रणाली के डीलरों के पद रिक्त हैं। वहां अनुमंडल पदाधिकारी एवं आपूर्ति पदाधिकारी को अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम पदाधिकारी, मनरेगा को पिछले एक वर्ष में सक्रिय मजदूरों की सूची तैयार कर श्रम पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सभी मजदूरों का लेबर कार्ड बनवाने हेतु नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने पंचायतों की समस्याएं जिला पदाधिकारी के समक्ष रखी गईं। चमथा पंचायत के मुखिया द्वारा एपीएचसी चमथा भवन की जर्जर स्थिति एवं प्रसव सुविधाओं का मामला उठाया गया। जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा भवन की मरम्मति हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। साथ ही सिविल सर्जन को संबंधित एपीएचसी का निरीक्षण कर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान नल-जल योजना, सोलर लाइट सहित अन्य विकासात्मक विषयों को भी जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाया गया। जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसके बाद जिला पदाधिकारी द्वारा आम जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी गईं। इस क्रम में एक वृद्ध महिला द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत बकाया राशि भुगतान से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी को लंबित पेंशन राशि की गणना कर सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया, ताकि भुगतान हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।मौके पर जिला पदाधिकारी द्वारा सात निश्चय-3 से संबंधित सभी बिंदुओं की जानकारी जनप्रतिनिधियों को विस्तारपूर्वक दी गई। उन्होंने सबका सम्मान जीवन आसान कार्यक्रम के तहत प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को जनता दरबार आयोजित करने का निर्देश देते हुए आम नागरिकों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं के समाधान हेतु जनता दरबार में उपस्थित होकर संबंधित पदाधिकारियों को अवगत कराएं। ताकि त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, तेघड़ा, भूमि सुधार उप समाहर्ता, तेघड़ा; जिला पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बछवाड़ा सहित अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## जिले में 5936 किसानों का फॉर्मर रजिस्ट्रेशन एवं 7158 किसानों का हुआ ई केवाइसी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिला के सभी पंचायतों में किसानों के हित में फार्मर रजिस्ट्रेशन का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर संपादित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को दिए गए हैं। फार्मर रजिस्ट्रेशन कार्य के सुचारु संचालन के लिए पंचायत स्तर पर विशेष कैम्पों का आयोजन किया गया है। जहां किसानों को पंजीकरण की प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। इस दौरान पात्र किसानों का ऑनलाइन पंजीकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी द्वारा किसानों से अपील की गई है कि वे अपने संबंधित पंचायत में आयोजित कैम्पों में उपस्थित होकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ समय पर फार्मर रजिस्ट्रेशन कराएं। साथ ही सभी प्रखंड एवं पंचायत स्तर के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि पंजीकरण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा अधिक से अधिक किसानों को इस प्रक्रिया से जोड़ा जाए। जिला पदाधिकारी के नेतृत्व में वरीय पदाधिकारियों द्वारा कार्य की प्रगति की निरंतर समीक्षा की जा रही है। सभी प्रखंडस्तरीय पदाधिकारियों के साथ समन्वय बैठक आयोजित कर अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित कराया जा रहा है। जिले में मंगलवार को 5936 किसानों का फॉर्मर रजिस्ट्रेशन किया गया साथ ही 7158 किसानों का इकेवाईसी किया गया है।

## अगवा युवती बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र से अगवा हुई युवती को पुलिस ने आरोपित युवक के साथ मंगलवार को बरामद कर लिया। ज्ञात हो कि अपहृता के पिता ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कर गांव के एक युवक द्वारा बहला फुसला कर अगवा करने का आरोप लगाकर नामजद किया था। उसने बताया कि रविवार की सुबह वह कपड़ा सिलवाने की बात बताकर घर से निकली थी। जब शाम तक वापस नहीं लौटी, तब जाकर उसकी खोजबीन शुरू की गई। इसी क्रम में पता चला कि नामजद युवक उसे लेकर कही अन्यत्र चला गया है। प्रशिक्षु एसडीपीओ सह थानाध्यक्ष अमरजीत तिवारी मामला दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी। मोबाइल लोकेशन के आधार पर उन्हें हसनपुर में रहने की जानकारी मिली। पुलिस पदाधिकारी विश्वजीत कुमार के नेतृत्व में उक्त स्थल पर छापामारी कर युवती तथा युवक को बरामद कर थाना लाया गया। युवती का बयान दर्ज कराने हेतु न्यायालय में उपस्थापित किया गया।

## स्कूली बच्चे शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मुख्यमंत्री बिहार परिभ्रमण योजना के तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय चकमुजफ्फर के 50 स्कूली बच्चे शैक्षणिक भ्रमण पर नालंदा, पावापुरी एवं राजगीर के लिए मंगलवार को रवाना हुए। इस शैक्षणिक यात्रा को विद्यालय की प्रधानाध्यापिका इन्दु कुमारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विद्यालय परिसर से रवाना होते ही बच्चों के चेहरों पर ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों को देखने एवं जानने की उत्सुकता साफ झलक रही थी। इस अवसर पर शिक्षक कन्हैया कुमार ने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने प्रांत के गौरवशाली इतिहास, सांस्कृतिक धरोहरों और ऐतिहासिक स्थलों से प्रत्यक्ष रूप से परिचित कराना है। इससे बच्चे विद्यालय की चारदीवारी से बाहर निकलकर व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।उन्होंने कहा कि ऐसे परिभ्रमण से बच्चों में अनुशासन, सहयोग और सहकार की भावना विकसित होती है। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को शांति स्तूप, जरासंध का अखाड़ा, वेणु वन, नालंदा विश्वविद्यालय सहित अन्य ऐतिहासिक स्थलों को देखने और समझने का अवसर मिलेगा।

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को लेकर आशा कार्यकर्ताओं को दी गई ट्रेनिंग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखण्ड क्षेत्र में 10 फरवरी से होने वाले चौदह दिवसीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की सफलता हेतु दल कर्मियों को पीएचसी में ट्रेनिंग दी गई। मॉनिटर शंभूनाथ चौधरी ने कार्य करने की विधि को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया का सामान्यतः कोई लक्षण परिलक्षित नहीं होता है। यह मादा क्यूलैक्स मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर फाइलेरिया से ग्रसित लोगों को काटने के बाद स्वस्थ व्यक्ति को काटते है तो इसका प्रसार होता है। इसका प्रभाव जननांग तथा अंडकोष में सूजन के रूप में अथवा हाथ तथा पैर में सूजन के रूप में होता है। एमडीए गोली का सेवन दो वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों तथा खाली पेट रहने पर नहीं करानी है। साथ ही एलबेंडाजोल की गोली चबाकर खानी है। दवा सेवन के बाद यदि किसी व्यक्ति को सिर में चक्कर आना, मितली आना अथवा बुखार आने पर घबराने की आवश्यकता नहीं है। उस व्यक्ति पर दवा फाइलेरिया के किटाणु से लड़ने हेतु काम करना शुरू कर दिया है। माइक्रो प्लान के मुताबिक दल कर्मियों को कार्य करने की तरकीब बताई गई। कार्य के बाद टेलीशीट भरने के तौर तरीके के संबंध में भी बताया गया। प्रथम फ़ेज मे प्रथम छह दिन घर घर जाकर दवा सेवन करानी है। यदि किसी कारणवश किसी घर में व्यक्ति दवा सेवन करने से वंचित रह गया है तो सातवें दिन रीविजिट कर उस व्यक्ति को दवा सेवन करानी है। द्वितीय फ़ेज में भी इसी प्रक्रिया को अपनाने को कहा गया। किसी भी आपात स्थिति से मेडिकल टीम गठित की गई है। दवा सेवन के उपरांत किसी प्रकार की कठिनाई होती है तो मेडिकल टीम को रिपोर्ट करने की नसीहत दी गई। मौके पर बी सीएम उषा कुमारी, केटीएस सुनील कुमार, पीड़ामल फाउंडेशन के चंदन कुमार, दल कर्मी, पर्यवेक्षक मौजूद थे।

## बिहार सरकार की बजट आधारभूत संरचना को देगी मजबूती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** मंगलवार को भाजपा नेता ब्रजेश कुमार ने वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव द्वारा विधानसभा में पेश बिहार बजट 2026-27 पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट बिहार के विकास को आगे बढ़ाने वाला और आधारभूत संरचना को मजबूत करने वाला बजट है। बिहार के इस बजट में छात्रों, किसानों, उद्यमियों, युवाओं एवं महिलाओं सहित समाज के हर वर्ग पर फोकस किया गया है। इस साल बिहार का बजट 3 लाख 47 हजार करोड़ रुपये का है, जो यह बताने के लिए काफी है कि बिहार विकास की ओर तेजी से अग्रसर है। इस बजट में किसानों की आय बढ़ाने को लेकर प्रयास किए गए हैं, तो आधी आबादी के सशक्तिकरण को लेकर भी कदम उठाए गए हैं। यह बजट जहां सबका साथ सबका विकास के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना को साकार करेगा, वहीं नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार को समृद्धि की ओर ले जाएगा। बिहार की अर्थव्यवस्था को समावेशी विकास में यह बजट महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।

## विधायक ने एनटीपीसी के संविदा कर्मियों का मामला उठाया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** जिले के कहलगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक शुभानंद मुकेश ने आज बिहार विधानसभा में एनटीपीसी के कहलगांव विद्युत परियोजना में कार्यरत संविदा कर्मियों की हर छह महीने में चरित्र प्रमाण पत्र बनवाने की अनिवार्यता का मामला उठाते हुए इस ओर राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। विधायक मुकेश ने मंगलवार को विधानसभा सत्र में शून्य काल के दौरान उक्त मामला उठाते हुए एनटीपीसी जैसे बड़े सार्वजनिक उपक्रम के कहलगांव विद्युत परियोजना में वर्षों से काम कर रहे संविदाकर्मियों को हर छह महीने के अंतराल में बार-बार चरित्र प्रमाण पत्र बनवाने के लिए थाना, अंचल और प्रशासनिक कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इससे न सिर्फ कर्मियों का समय और पैसा बर्बाद होता है, बल्कि अनावश्यक मानसिक परेशानी भी झेलनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि छह महीने की अवधि में बार-बार प्रमाण पत्र की मांग करना व्यावहारिक नहीं है और इसका कोई ठोस औचित्य भी नजर नहीं आता। इससे सिर्फ कर्मियों को परेशानी झेलनी पड़ती है और कभी कभी समय पर नया चरित्र प्रमाण-पत्र नहीं बन पाने के कारण उन कर्मियो की सेवा समाप्त कर दी जाती है। विधायक ने राज्य सरकार से मांग की कि इस नियम की समीक्षा की जाए और चरित्र प्रमाण पत्र की अवधि बढ़ाई जाए या स्थायी समाधान निकाला जाए। ताकि एनटीपीसी के संविदा कर्मियों को राहत मिल सके। इधर कहलगांव विधायक के इस सवाल के बाद सदन में मौजूद अन्य कई सदस्यों ने भी इस समस्या को गंभीर बताया। उम्मीद जताई जा रही है कि सरकार इस विषय पर विचार कर जल्द कोई सकारात्मक निर्णय लेगी, जिससे बिहार में स्थित एनटीपीसी के विभिन्न विद्युत परियोजनाओं में बड़ी संख्या में कार्यरत संविदा कर्मियों को राहत मिल सके।

## केंद्रीय बजट में शिक्षा को दी गई प्राथमिकता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** शहर के माउंट लिट्रा पब्लिक स्कूल की प्राचार्या डॉ शीतल देवा ने केंद्रीय बजट में शिक्षा को दी गई बढ़ावा को सराहनीय करार दिया। कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री भारत सीतारमण ने भारत के उज्जवल भविष्य के लिए केंद्रीय बजट 2026-27 में शिक्षा को विकास के इंजन के रूप में प्राथमिकता देते हुए शिक्षित कौशल और रोजगार सक्षम राष्ट्र बनाने के उद्देश्य से छात्रों को सशक्त भविष्य तक पहुंचने में मदद देगी। क्योंकि बजट में शिक्षा पर पिछले वर्ष की भांति ज्यादा राशि आवंटित की गई है। इसके अतिरिक्त हर जिले में गर्ल्स छात्रावास, यूनिवर्सिटी टाउनशिप, उच्च शिक्षा विकास, डिजिटल और कौशल आधारित शिक्षा, उच्च शिक्षा प्राप्ति के लिए टैक्स में राहत, एस्टीम और खगोल विज्ञान को बढ़ावा, क्रिएटर लैब, लाने की योजना है वहीं पर शिक्षा को रोजगार से जोड़ने का प्रयास के लिए कौशल आधारित शिक्षा पर जोर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलो इंडिया मिशन के लिए खेल केंद्र को हर तरह का समर्थन। जिससे कि खेल में रुझान वाले बच्चे राष्ट्रीय से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना अवसर दे सकें। इन बातों को बजट में प्राथमिकता भारत को एक सशक्त और समृद्ध भारत बनाने में मजबूती देगी।

## लनामिवि कुलपति ने कोर कम्युनिकेशन सिस्टम का किया शुभारंभ



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** समर्थ भारत सरकार की पहल है, जो शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए मंच प्रदान करता है। मंगलवार को विश्वविद्यालय कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी ने समर्थ ई-गवर्नेंस सूट पर कोर कम्युनिकेशन सिस्टम का मॉड्यूल को जारी किया। भारत सरकार के डिजिटल इंडिया मिशन के तहत इस युगांतरकारी कदम से विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में कम समय में एक साथ सैंकड़ों लोगों तक ईमेल द्वारा सूचनाओं का संप्रेषण किया जा सकेगा। मालूम हो कि इस ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से विश्वविद्यालय सूचना प्रणाली सुदृढ़ हो सकेगी। ज्ञातव्य हो विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर समर्थ वेब पेज पर इसका लिंक दिया गया है। इस मौके पर आईक्यूएसी निदेशक प्रो मो ज्या हैदर, डॉ इंसान अली, डॉ दिवाकर झा, डॉ प्रनतारति भंजन, डॉ कामेश्वर ऊर्जा पासवान, डॉ अंकित कुमार सिंह, डॉ अभिषेक राय, डॉ प्राची मरवाहा, डॉ निर्मला कुशवाहा, डॉ अमिताभ कुमार, डॉ मनोज कुमार, डॉ उमाकांत पासवान आदि उपस्थित रहें।

## मामूली विवाद को लेकर मारपीट, मामला दर्ज

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी पंचायत के वार्ड संख्या 9 में मामूली विवाद में हुई मारपीट में एक महिला जख्मी हो गई। जख्मी मंटुन चौधरी की पत्नी उषा देवी है। जख्मी का इलाज प्राइमरी हेल्थ सेंटर नावकोठी में किया गया। जख्मी ने थाने में आवेदन देकर अपने ही पड़ोसी सोनू चौधरी, एवं उसकी पत्नी तथा बहन पर गाली गलौज करने तथा मारपीट कर जख्मी कर देने का आरोप लगाकर नामजद किया है। उसने बताया कि सुबह में वह अपनी दुकान खोल रही थी। उपरोक्त नामजद ने उसे गाली गलौज करने लगा। जब उसने इसका विरोध किया तो उपरोक्त नामजद मारपीट करने लगा। उसने मेरी बेटी शशि भारती, भगिनी सोनी कुमारी तथा मेरे साथ मारपीट किया जिसमें मैं जख्मी हो गई। थानाध्यक्ष ने मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दिया है।


कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगर पालिका)-सह-उपायुक्त, पलामू (कार्मिक कोषांग)

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगरपालिका (आम) निर्वाचन 2026 के सफल संचालन एवं क्रियान्वयन हेतु मतदान कर्मियों की नियुक्ति की गयी है। इस क्रम में कुछ मतदान कर्मियों द्वारा आवेदन पत्र के माध्यम से विभिन्न स्वास्थ्य कठिनाईयो/दिव्यांगता के कारणों से चुनाव कार्य से मुक्त करने का अनुरोध किया जाता है।

अतः उक्त के आलोक में स्वास्थ्य जांच एवं Exemption हेतु शिविर की तिथि एवं स्थान निम्नवत है :–

| • स्थान का नाम | तिथि एवं समय |
|---|---|
| नया समाहरणालय भवन ब्लॉक–A के द्वितीय तल | दिनांक 05.02.2026 एवं 06.02.2026 पूर्वाह्न 11:30 से अपराह्न 3:00 बजे तक |

संबंधित मतदान कर्मी उक्त तिथि को आवश्यक स्वास्थ्य कागजात एवं अपने कार्यालय प्रधान/प्रभारी के अनुशंसा सहित चिकित्सीय दल के समक्ष जांच हेतु शिविर में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) –सह–उपायुक्त, पलामू।

PR.NO.372267 Palamu(25-26):D


## 'मैं हूं शारदा नाटक' के साथ रंग उत्सव सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बेगूसराय।** मैं हु शारदा नाटक के साथ आस्था वेलफ़ेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव सोमवार की रात सम्पन्न हुई। दिनकर कला भवन में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आस्था वेलफ़ेयर सोसाइटी की नवीनतम प्रस्तुति मैं हूं शारदा का मंचन किया गया। प्रथम सत्र में बिहार के जाने-माने ज्योतिषाचार्य पंडित गौरी कांत ठाकुर एवं चमथा कॉलेज और आर्यभट्ट के निदेशक अशोक कुमार अमर के साथ-साथ समाजसेवी विश्व रंजन कुमार उर्फ 'राजू भैया' को संस्था परिवार के द्वारा अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। 8वें राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव आस्था नाट्य रंग महोत्सव में लोक गायिका वंदना सिन्हा को संस्था की तरफ से दूसरा स्वर कोकिला शारदा सिन्हा के नाम से दिया जाने वाला अवार्ड समर्पित किया गया। आस्था वेलफ़ेयर सोसाइटी द्वारा स्वर कोकिला शारदा सिन्हा के जीवन वृतांत पर आधारित मैं हूं शारदा नामक नाटक की लाजवाब प्रस्तुति की गई। इसके लेखक चुन्नू कुमार, निर्देशक अरुण शांडिल्य और परिकल्पना व मार्गदर्शक रवि रंजन कुमार उर्फ पंकज गौतम ने किया। इनके द्वारा पद्मविभूषित शारदा सिन्हा के जीवन आधारित संपूर्ण कहानी को दिखाने का प्रयास किया गया। ब्रजकिशोर से मुलाकात, इन दोनों का मेल- मिलाप, फिर उनके रिश्ते को एक सूत्र में बंधन, देवर की नोक- झोक, उनका आवागमन, उनका रहन-सहन, ससुर- सास की नोक झोक यज्ञशाला में गायन, छठ में नंगे पांव दंड देना और स्टूडियो तक पहुंचना, पहली फिल्म से आखिरी फिल्म तक के सभी गाने तक पहुंचाना एवं अस्पताल में उनके मृत्यु का दृश्यावलोकन संजीवता के साथ किया गया। प्रथम दृश्य में डॉक्टर सनोज शर्मा की मीठी आवाज से कॉलेज का एनुअल प्रोग्राम से इस नाटक की शुरुआत की गई। इस नाटक की प्रस्तुति में शारदा सिन्हा की भूमिका में दिव्यंका भारद्वाज, बृजकिशोरजी (पति) की भूमिका में बबलू आनंद, पिता की भूमिका में अरुण शांडिल्य, एंकर की भूमिका में डॉक्टर सनोज शर्मा, जीवनोपरांत तक साथ देने वाले वादक की भूमिका में राम पुकार, सास की भूमिका में कविता कुमारी, ससुर की भूमिका में रवि रंजन कुमार उर्फ पंकज गौतम, देवर की भूमिका में अरुण कुमार पंडित जी की भूमिका में जितेंद्र कुमार, मुंशी की भूमिका में पिंकू कुमार, बेटे की भूमिका में प्रिंस कुमार, बेटी की भूमिका में मासूम प्रिया और ग्रामीण में चुन्नू कुमार, रामुदित सिंह, मुस्कान कुमारी, पूर्वी रंजन।

## स्कूली बच्चों ने किया शैक्षणिक परिभ्रमण

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखण्ड क्षेत्र के मध्य विद्यालय पालीडीह के छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री बिहार परिभ्रमण योजना के अंतर्गत ऐतिहासिक एवं शैक्षणिक भ्रमण पर नालंदा,राजगीर और पावापुरी ले जाया गया। प्रधानाध्यापक अवधेश कुमार ने कहा कि इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को बिहार की गौरवशाली ऐतिहासिक विरासत, संस्कृति और शिक्षा परंपरा से अवगत कराना था। भ्रमण के दौरान बच्चों ने विश्व प्रसिद्ध प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय के अवशेषों का अवलोकन किया और जाना कि किस प्रकार यह शिक्षा का वैश्विक केंद्र हुआ करता था। वहीं राजगीर व पावापुरी का भी भ्रमण किया।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक रंजू,नगीना, प्रवीण, नीरज, सुमंत उपस्थित रहे।


कार्यालयः जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) –सह–उपायुक्त, गढ़वा (मीडिया एवं MCMC कोषांग)

सूचना

एतद द्वारा सभी अभ्यर्थी को सूचित किया जाता है कि गढ़वा जिला के नगरपालिका (आम) निर्वाचन–26 के स्वतंत्र एवं निष्क्ष संचालन हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, गढ़वा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मीडिया एवं मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MEDIA CERTIFICATION AND MONITORING COMMITTEE) गठित है, जो प्रिंट मीडिया/इलेक्ट्रानिक मीडिया/सोशल मीडिया/केवल नेटवर्क मीडिया/बल्क एस0एम0एस0/वॉयस मैसेजे एवं अन्य मामलों की गतिविधियों के संचालन एवं निगरानी का कार्य करेंगी।

1.निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी/उम्मीदवारों को किसी भी तरह के राजनीतिक प्रचार सामग्री को प्रकाशन/प्रसारण होने की तिथि से 03 दिन पूर्व या अन्य व्यक्ति को विज्ञापन प्रकाशन/प्रकाशन की तिथि से 07 दिन पूर्व जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (MEDIA CERTIFICATION AND MONITORING COMMITTEE) कोषांग से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। अन्य व्यक्ति किसी भी निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी के समर्थन सा असमर्थन के अलावा विज्ञापन दे सकते है। इस आशय हेतु वह एक शपथ पत्र देगें।

2.निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशी/उम्मीदवारों कों इलेक्ट्रानिक/सोशल मीडिया/केवल नेटवर्क / बल्क एस0एम0एस0/वॉयस मैसेजे के माध्यम से कोई भी राजनीतिक विज्ञापन प्रकाशित /प्रसारित करना चाहते है तो विहित प्रपत्र Annexure- A में जिला स्तरीय मीडिया एवं निगरानी समिति (MCMC) कोषांग को आवेदन समर्पित करेगें। उनके द्वारा दिये गये व्यय की विवरणी को उम्मीदवारों/प्रत्याशी के खाते में प्रविष्ट किया जायेगा तथा प्राप्त आवेदन के आलोक में विधिवत प्रकाशन हेतु Annexure- B में अनुमति प्रदान की जायेगी।

3.प्रिंट मीडिया में मतदान दिवस एवं मतदान दिवस से एक दिन पूर्व विज्ञापन प्रकाशित करने हेतु MCMC का अनुमति अनिवार्य है।

4. आवेदन के समय में दिए जाने वाले दस्तावेज (i) आवेदन पत्र (ii) दो प्रति प्रस्तावित विज्ञापन की हार्ड एवं सॉफ्ट कॉपी (iii) दो स्व अभिप्रमाणित हार्ड कॉपी(iv) प्रस्तावित विज्ञापन का अनुमानित लागत (v) विज्ञापन कब–कब एवं कितने बार प्रकाशित/टेलीकास्ट होगा उसका विवरण।

5.आदर्श आचार संहिता के दौरान किसी भी प्रत्याशी के द्वारा बिना (MCMC) कोषांग से अनुमति लिए किसी भी तरह के प्रचार–प्रसार से संबंधित सामग्री का प्रकाशन /प्रसारण पेड न्यूज की श्रेणी में रखा गया है।

6.मीडिया एवं MCMC कोषांग, समाहरणालय, गढ़वा के जिला जनसंपर्क कार्यालय में कार्यरत है, जो निर्वाचन कार्य के शांतिपूर्ण समाप्ति तक 24X7 संचालित रहेगा।

प्रचार–प्रसार की अनुमति के लिए प्रारूप Garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) –सह– उपायुक्त,गढ़वा

PR 372272 (IPRD)25-26*D

## संक्षिप्त समाचार

### बूढ़ी माता की हुई पूजा अर्चना

**मनसाही/कटिहार।** प्रखंड के चितौड़िया पंचायत के महादलित टोला में धूमधाम के साथ बुढ़ी-माता की पूजा अर्चना की गई। बुढ़ी माता की पूजा अर्चना के लिए आसपास के गांव से सैकड़ों महिलाएं महादलित टोला पहुंची। प्रारंभ में 101 कन्याओं द्वारा कलश शोभा यात्रा निकली गई जो पूजा स्थल से प्रारंभ हो कारी कोसी नदी से जल भर कर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों का भ्रमण कर पूजा स्थल पर संपन्न हुई। इस दौरान गांव का वातावरण भक्ति में डूबा रहा संध्या को कलश विसर्जन के साथ ही पूजा का समापन हो गया।



### विलुप्त होती तेलहन खेती को मिली संजीवनी

**हसनगंज /कटिहार ।** बढ़ती खाद्य तेलों की कीमतों के चलते क्षेत्र से लगभग विलुप्त हो चुकी तेलहन फसलों की खेती को एक बार फिर संजीवनी मिली है। किसान बड़ी संख्या में सरसों की खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं। परिणामस्वरूप विगत कुछ वर्षों से सरसों की खेती का रकबा लगातार बढ़ रहा है। इस वर्ष खेतों में लहलहाती सरसों की फसल को देखकर किसान अच्छी पैदावार की उम्मीद जता रहे हैं। हालांकि पीले फूलों की ओर आकर्षित होने वाले कीटों से फसल को होने वाले नुकसान को देखते हुए कृषि विभाग द्वारा किसानों को समय-समय पर उचित देखभाल और सतर्कता बरतने की सलाह दी जा रही है।किसान मो. हुसैन, मो. अकबर और प्रकाश मंडल ने बताया कि सरसों की खेती कम मेहनत और कम लागत में अच्छा मुनाफा देती है। एक से दो बार सिंचाई करने पर ही फसल अच्छी तरह तैयार हो जाती है। उन्होंने कहा कि स्थानीय बीजों की तुलना में उन्नत किस्म के बीजों से लगभग दोगुनी पैदावार प्राप्त होती है।नीले आसमान के नीचे दूर-दूर तक फैले सरसों के पीले फूल क्षेत्र की सुंदरता को और भी निखार रहे हैं, जिससे ऐसा प्रतीत होता है मानो प्रकृति स्वयं अपनी छटा बिखेर रही हो।अनुमंडल कृषि पदाधिकारी प्रिय रंजन कुमार एवं कृषि समन्वयक चंदन कुमार दीप ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में इस वर्ष कुल 382 हेक्टेयर भूमि में राई और सरसों की खेती की गई है। सरकार द्वारा किसानों को अनुदानित दर पर उन्नत किस्म के बीज उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे किसान तेलहन उत्पादन की ओर प्रोत्साहित हो रहे हैं।



### बिहार बजट पर पप्पू यादव का तीखा वारः जनता नहीं, ठेकेदारों के हितों का दस्तावेज है यह बजट

**पूर्णिया।** बिहार सरकार के बजट को लेकर सांसद पप्पू यादव ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह बजट आम जनता की जरूरतों से ज्यादा ठेकेदारों और कमीशनखोरों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े बजट के बावजूद राज्य की स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था बदहाल है, जो सरकार की नीयत और नीति दोनों की पोल खोलती है। मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए पप्पू यादव ने कहा कि सरकार का ईमान, ज्ञान, समान, विज्ञान और अरमान सिर्फ विज्ञापन और प्रचार तक सीमित रह गया है, जबकि बिहार की जमीनी सच्चाई बदहाली, बेरोजगारी और अव्यवस्था से जूझ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सीमांचल, कोसी और विशेष रूप से पूर्णिया क्षेत्र को एक बार फिर बजट में पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया है। सांसद ने कहा कि आबादी के अनुपात में इस क्षेत्र को न पर्याप्त मेडिकल सुविधाएं मिली हैं, न गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, न रोजगार के अवसर और न ही बेहतर कानून-व्यवस्था। उन्होंने सरकारी अस्पतालों की बदहाल स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि डॉक्टरों की भारी कमी, जांच सुविधाओं का अभाव और संसाधनों की कमी के कारण गरीबों को इलाज के लिए राज्य से बाहर जाना पड़ता है। शिक्षा व्यवस्था को लेकर उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूल और कॉलेज केवल औपचारिकता बनकर रह गए हैं। उन्होंने सरकार को खुली चुनौती देते हुए कहा कि यदि सरकार अपने बजट और नीतियों पर भरोसा करती है, तो नेताओं और अधिकारियों को अनिवार्य रूप से सरकारी अस्पतालों में इलाज कराना चाहिए और अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाना चाहिए।हाईकोर्ट बेंच के मुद्दे पर केंद्र और राज्य सरकार दोनों को घेरते हुए पप्पू यादव ने कहा कि पूर्णिया में हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर केंद्र जिम्मेदारी राज्य पर डाल रहा है, जबकि राज्य सरकार ने अपने बजट में इस विषय पर एक शब्द तक नहीं लिखा है। इसी तरह मखाना बोर्ड को लेकर भी सरकार ने केवल गोलमोल वादे किए हैं, ठोस पहल कहीं दिखाई नहीं देती।उन्होंने औद्योगिक विकास के सरकारी दावों को भी खोखला बताते हुए कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार पिछले दस वर्षों में बिहार से 250 से अधिक उद्योग पलायन कर चुके हैं। देश के 20 प्रमुख राज्यों में औद्योगिक विकास के मामले में बिहार 15वें स्थान पर है, जबकि 43.18 लाख सूक्ष्म उद्योग किसी तरह संघर्ष कर रहे हैं। शिक्षा को प्राथमिकता देने के सरकार के दावे पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार प्राथमिक विद्यालयों में 44 लाख बच्चों का नामांकन घट जाना सरकार की सबसे बड़ी विफलता है। अंत में सांसद पप्पू यादव ने निष्कर्ष निकालते हुए कहा कि यह बजट विकास का नहीं, बल्कि बिहार की जनता को एक बार फिर गुमराह करने और झांसा देने का दस्तावेज है।



### इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 का दूसरा दिन शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त माहौल में संपन्न

**धमदाहा/पूर्णिया।** मंगलवार को बिहार इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 का दूसरा दिन अनुमंडल क्षेत्र के 9 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त माहौल में संपन्न हुआ। अनुमंडल पदाधिकारी अनुपम कुमार, अनुमंडल आरक्षी पदाधिकारी संदीप गोल्डी, भूमि सुधार उप समाहर्ता मोहित आनंद और कार्यपालक अभियंता मुकेश कुमार उड़नदस्ता टीम के साथ सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर रहे थे। कन्या मध्य विद्यालय अमारी में प्रथम पाली में 73 में से 73 छात्राएं उपस्थित रहीं, वहीं द्वितीय पाली में 69 में 59 छात्राएं शामिल हुईं। बीएनसी इंटर कॉलेज धमदाहा में प्रथम पाली में 59 में 59 छात्राएं उपस्थित रहीं, जबकि द्वितीय पाली में 132 में 125 छात्राएं उपस्थित हुई और 7 छात्राएं अनुपस्थित रहीं।उच्च विद्यालय धमदाहा में प्रथम पाली में 132 में 130 छात्राएं उपस्थित रहीं और 2 अनुपस्थित रहीं, वहीं द्वितीय पाली में 109 में 107 छात्राएं उपस्थित रहीं और 2 अनुपस्थित रहीं। उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय कुकरौन मकतब में प्रथम पाली में 32 में 32 छात्राएं उपस्थित रहीं, वहीं द्वितीय पाली में 46 में 46 छात्राएं उपस्थित हुई। मध्य विद्यालय धमदाहा हरिजन में प्रथम पाली में 32 में 32 छात्राएं उपस्थित रहीं और द्वितीय पाली में 74 में 74 छात्राएं उपस्थित हुई। महंत मंगनी रामदास अमारी में प्रथम पाली में 74 में 73 छात्राएं उपस्थित रहीं और 1 छात्रा अनुपस्थित रही, वहीं द्वितीय पाली में 95 में 93 छात्राएं उपस्थित हुई और 2 छात्राएं अनुपस्थित रहीं। आदर्श मध्य विद्यालय अमारी में प्रथम पाली में 74 में 74 छात्राएं उपस्थित रहीं, वहीं द्वितीय पाली में 95 में 95 छात्राएं उपस्थित रहीं। मध्य विद्यालय धमदाहा में प्रथम पाली में 80 में 80 छात्राएं उपस्थित रहीं, जबकि द्वितीय पाली में 64 में 63 छात्राएं उपस्थित हुई और 1 छात्रा अनुपस्थित रही। प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय धमदाहा में प्रथम पाली में 45 में 45 छात्राएं उपस्थित रहीं और द्वितीय पाली में 48 में 47 छात्राएं उपस्थित हुई, 1 अनुपस्थित रही। कुल मिलाकर 1319 में से 1303 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुई और 16 छात्राएं अनुपस्थित रहीं। अनुमंडल पदाधिकारी अनुपम कुमार ने बताया कि प्रशासन ने कदाचार मुक्त परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तैयारी की थी और सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा तथा अनुशासन की पूरी व्यवस्था की गई थी।

# भारतीय रेलवे ने 2026-27 के लिए पूर्वोत्तर राज्यों को 11,486 करोड़ किये आवंटित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** वर्ष 2026-27 के लिए भारतीय रेलवे का बजट आवंटन पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अधीन असम सहित पूर्वोत्तर राज्यों के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। असम और पूर्वोत्तर राज्यों के लिए भारत सरकार ने रिकॉर्ड 11,486 करोड़ रुपये निर्धारित किए हैं। यह आवंटन 2014 की तुलना में लगभग पाँच गुना वृद्धि को दशार्ता है और इस क्षेत्र में तेज, सुरक्षित और भविष्योन्मुख रेल कनेक्टिविटी विकसित करने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराता है। इस संबंध में कटिहार रेल मंडल के डीआरएम किरेंद्र नरह ने सोमवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि असम और पूर्वोत्तर में कटिहार सहित बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचा का विकास चल रहा है, जहां वर्तमान में 72,468 करोड़ रुपये की रेल परियोजनाएँ प्रगति पर हैं। रेल नेटवर्क का और अधिक विस्तार करने के लिए नई रेल लाइनों का सर्वे किया जा रहा हैं, जबकि कोकराझार से भूटान के गेलेफू 69 किमी तक रेल कनेक्टिविटी की योजना बनाई जा रही है। मणिपुर में रेल परियोजनाएँ फिर से शुरू हो गई हैं और सिक्किम एवं नागालैंड में भी कार्य तेजी से प्रगति पर हैं, जिससे क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी में महत्वपूर्ण सुधार होगा। असम में बुनियादी ढांचा के क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण विकासों में से एक है देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेवाओं का शुभारंभ, जो कामाख्याझहावड़ा मार्ग पर असम और पश्चिम बंगाल को जोड़ती है और इसे 17 जनवरी 2026 को शुरू किया गया



था। इसके अगले ही दिन असम के पहले अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवाओं गुवाहाटी कामाख्या रोहतक और डिब्रूगढ़-लखनऊ गोमती नगर का शुभारंभ हुआ। इन दोनों सेवाओं का उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। जिससे असम,पश्चिम बंगाल, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के बीच लंबी दूरी की रेल कनेक्टिविटी और अधिक मजबूत हुई। इसके अतिरिक्त, वाराणसी-सिलीगुड़ी वाया पटना बुलेट ट्रेन कॉरिडोर का प्रस्ताव रखा गया है और भविष्य में इसे गुवाहाटी तक बढ़ाने की योजना है, जिससे पूर्वोत्तर भारत को देश की हाई-स्पीड रेल नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे द्वारा असम और पूर्वोत्तर में कटिहार सहित रेल नेटवर्क का विस्तार और बिजलीकरण तेजी से हुआ है। 2014 से अब तक लगभग 1900 किमी नई पटरियाँ बिछाई जा चुकी हैं। जबकि पूर्वोत्तर के पांच राज्य पूर्ण विद्युतीकृत हो चुका है और असम ने 90 फीसदी विद्युतीकरण हासिल किया है। पूरे क्षेत्र में कुल 2,839 किमी पटरियों का बिजलीकरण हो चुका है। इसके अतिरिक्त, 502 फ्लाईओवर और अंडरपास बनाए गए हैं और कवच संरक्षा प्रणाली के लिए 1,197 किमी को स्वीकृति मिली है। जिनमें से 235 किमी पर कार्य प्रगति पर है।प्रौद्योगिकी और संरक्षा मुख्य प्राथमिकताएँ बनी हुई हैं, जिसके तहत रेल पटरियों पर हाथियों की ट्रेन से टक्कर को रोकने के लिए एआई-आधारित कैमरा सिस्टम लगाए गए हैं और स्मार्ट संचालन के लिए इंट्रूजन डिटेक्शन सिस्टम को मजबूत किया जा रहा है। अब 2014 की तुलना में पाँच गुना अधिक निवेश के साथ, भारतीय रेलवे सर्वसमावेशी विकास को आगे बढ़ा रहा है। व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा दे रहा है और असम, पूर्वोत्तर और पूरे देश के लिए सतत रेल विकास का नया युग ला रहा है। एनएफआर के अंतर्गत विस्तारित रेल नेटवर्क, पूर्वोत्तर में सीमापार और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को मजबूत कर भारत सरकार की एक्ट ईस्ट पॉलिसी को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। मौके पर एडीआरएम मनोज कुमार सिंह, सीनियर डीसीएम अनूप कुमार सिंह मौजूद रहे ।

## शराब के नशे में पांच लोग पुलिस गिरफ्त में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा/कटिहार ।** डंडखोरा पुलिस ने सोमवार की शाम शराब सेवन के आरोप में दो अलग-अलग जगहों से 5 लोगों को हिरासत में लिया है जानकारी के अनुसार शराब के विरुद्ध छापेमारी करने निकले एसआई अरबिंद कुमार, एएसआई राहुल कुमार व संजीत कुमार की टीम ने टिकैली मोड़ पर वाहन एवं संदिग्ध लोगों की जांच में शराब के नशे तीन लोगों को तो वहीं एसआई रीतेश कुमार के नेतृत्व में बालूगंज मोड़ के पास से दो शराबी को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष विजय कुमार महतो ने बताया कि शराब पीने की पुष्टि होने पर मिथिलेश मंडल, पिता सहेन्द्र प्रसाद मंडल थपकोल, जीवन कुमार, पिता बाल्मीकि शर्मा, पड़रिया, विक्की बेसरा, पिता भीमलाल बेसरा, बाड़ी टोला, परिमल दास, पिता मुकुंदर दास सकरैली सभी थाना डंडखोरा एवं सुरेश ठाकुर पिता झोलानंद ठाकुर सतरामपुरथाना प्राणपुर जिला कटिहार निवासी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# कांडों के निष्पादन में लायें तेजी : एसपी

## एसपी ने किया प्राणपुर थाना का औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**प्राणपुर/कटिहार ।** सोमवार की शाम पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी ने प्राणपुर थाना का औचक निरीक्षण किया। एसपी की गाड़ी थाना पहुंचते हीं पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों में अफरातफरी मच गई। प्राणपुर पुलिस ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने विभिन्न कांडों की समीक्षा की और थानाध्यक्ष को वांछित अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने गुंडा पंजी, गिरफ्तारी पंजी स्टेशन डायरी,फरारी पंजी,हाजत पंजी आदि का भी निरीक्षण किया। एसपी ने थानाध्यक्ष को कांडों के



निष्पादन में तेजी लाने एवं आम लोगों के साथ मिलकर क्षेत्र में बेहतर पुलिसिंग एवं शांति व्यवस्था स्थापित करने का निर्देश भी दिया। एसपी ने बताया कि कुछ कमियां पाई गई हैं।जिसमें सुधार करने का निर्देश दिया गया है। निरीक्षण के दौरान अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल मौजूद रहे ।

## यूपी पुलिस ने अभियुक्त के घर चिपकाया इश्तेहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा/कटिहार।** थाना क्षेत्र के महेशपुर पंचायत के टिकैली गांव पहुंचकर उत्तरप्रदेश पुलिस ने राजू मंडल पिता अष्टम मंडल के घर न्यायालय के आदेश का इश्तेहार चिपकाया।



उत्तर प्रदेश अन्तार्गता सोनभद्र जिले के रोबर्ट्सगंज थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक काशीनाथ ने बताया कि सोनभद्र न्यायालय के निर्देश पर डंडखोरा पुलिस के साथ उसके गांव पहुंचकर उसके बारे में पूछताछ किया तो पता चला कि वह लापता है। इसलिए ग्रामीण पुलिस एवं स्थानीय लोगों की उपस्थिति में उसके घर पर इश्तेहार चिपकाया गया है।

# गबन के उद्देश्य से छिनतई की झूठी सूचना का पुलिस ने किया खुलासा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई/कटिहार।** बीते 31 जनवरी की देर रात कचना थानाध्यक्ष को वाहन चालक सनाउल हक (35), पिता चाँद मोहम्मद बिछनागर, थाना करणदिग्घी, जिला-उत्तर दिनाजपुर पश्चिम बंगाल निवासी ने सूचना दिया कि वह आलू खरीदने के लिए 50,000 रुपये नगद लेकर आया था। जिसे रात 08 बजे दो बाइक सवार चार अज्ञात युवकों ने एक ओप्पो कंपनी के मोबाइल के साथ छीन लिया है।घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना में कांड दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई। साक्ष्य एवं तथ्यों का मिलान के क्रम में स्पष्ट हुआ कि ड्राइवर द्वारा रुपये गबन करने की नीयत से छिनतई की झूठी की साजिश रची गई है। पुलिस ने साजिशकर्ता सनाउल हक को गिरफ्तार कर 50,000/-रू नगद एवं मोबाइल भी बरामद कर लिया। वहीं वाहन मालिक महादेव कुण्डु पिता-शिशिर कुण्डु पुराना मछली मार्केट,थाना करणदिग्घी, जिला- उत्तर दिनांजपुर पं. बंगाल ने लिखित आवेदन देकर कहा है कि मेरा ड्राइवर सनाउल हक 50,000 पचास हजार रुपये नगद लेकर आलू लाने निकला था। उसके द्वारा सूचना दी गई कि रास्ते में चार अज्ञात अपराधियों द्वारा राशि और उसका मोबाइल छिन लिया गया है। लेकिन पुलिस अनुसंधान में साबित हुआ है कि गबन करने की नियत से ड्राइवर द्वारा छिनतई होने की साजिश रची गई है।

# एक-दो मिनट लेट से पहुंचे इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं की पुनः परीक्षा आयोजित कराने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** बिहार विधानसभा के शून्यकाल में कदवा विधायक दुलाल चन्द्र गोस्वामी ने बिहार इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 से जुड़े एक अत्यंत गंभीर विषय को सदन में उठाया। उन्होंने सदन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया कि दिनांक 02 फरवरी 2026 को आयोजित परीक्षा में कई परीक्षार्थी मात्र 1झ2 मिनट की देरी के कारण परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित रह गए,जिससे छात्र - छात्राओं एवं अभिभावकों में भारी निराशा व्याप्त हैं। विधायक श्री गौश्वामी ने सरकार से मांग किया कि ऐसे सभी प्रभावित परीक्षार्थियों को एक विशेष अवसर प्रदान करते हुए पुनः परीक्षा आयोजित कराने पर गंभीरता से विचार किया जाए। ताकि



किसी भी छात्र का भविष्य तकनीकी कारणों से प्रभावित न हो। यह विषय विद्यार्थियों के भविष्य से सीधे जुड़ा हुआ हैं और इस पर शीघ्र न्यायसंगत निर्णय की अपेक्षा की जा रही हैं।

# खैरा मध्य विद्यालय में हंगामा, प्रधानाध्यापक को हटाने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समेली / कटिहार ।** प्रखंड क्षेत्र के खैरा पंचायत स्थित आदर्श मध्य विद्यालय खैरा में मध्यान भोजन योजना के चावल की कथित चोरी को लेकर मंगलवार को जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों और स्कूली बच्चों के अभिभावकों ने विद्यालय परिसर में विरोध प्रदर्शन किया।स्थानीय ग्रामीण मिथुन कुमार यादव,खैरा पंचायत के मुखिया राजीव मंडल, चकला मौलानानगर पंचायत के मुखिया राजेश मंडल,पूर्व मुखिया अभय कुमार झा सहित कई लोगों का आरोप है कि विद्यालय में बच्चों के लिए आने वाले मध्यान भोजन के चावल की नियमित रूप से चोरी की जा रही है। जिससे बच्चों को भरपेट भोजन नहीं मिल पा रहा है। इस



मामले को लेकर अभिभावकों में भारी आक्रोश देखा गया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने विद्यालय प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। आक्रोशित ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने इस पूरे मामले के लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक भोला प्रसाद मंडल को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्हें तत्काल पद से हटाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि पहले भी इस तरह की शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। प्रदर्शनकारियों ने जिला पदाधिकारी से मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने और मध्यान भोजन योजना में हो रही अनियमितताओं पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की है। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद समेली प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सत्येंद्र सिंह,कटिहार अनुमंडल सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी कुणाल कुमार,प्रखंड मध्यान साधनसेवी अनुरंजन कुमार पासवान,पोठिया थाना के अपर थानाध्यक्ष अमित कुमार मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# पूर्णिया में आयोजित होगा राज्य स्तरीय मां कामाख्या महोत्सव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**के नगर/पूर्णिया। ।** प्रखंड के नगर स्थित मां कामाख्या मंदिर परिसर में 19 मार्च से 28 मार्च 2026 तक राज्य स्तरीय मां कामाख्या महोत्सव आयोजित होने की संभावना है। मेले के बेहतर आयोजन और सुचारू विधि व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी अंशुल कुमार एवं पुलिस अधीक्षक स्वीटी सहरावत की संयुक्त अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक मां कामाख्या मंदिर परिसर में आयोजित की गई।

बैठक में वरीय अधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारी और मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सदस्य उपस्थित थे। अधिकारियों को मेले की पूर्व तैयारी, साफ-सफाई, कार्यक्रम स्थल की चिन्हांकन, बैरिकेडिंग सहित अन्य



महत्वपूर्ण कार्यों के संचालन पर विशेष निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों एवं मंदिर ट्रस्ट कमेटी के सदस्यों को आपस में समन्वय स्थापित करने और प्रत्येक गतिविधि की समयबद्ध तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चैती दुर्गा पूजा के अवसर पर आयोजित यह महोत्सव श्रद्धालुओं और आम जनता के लिए सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी क० नगर, स्थानीय गणमान्य व्यक्ति और जनप्रतिनिधिगण भी मौजूद थे।

## स्वास्थ्य केंद्रों में एएनएम और आशा कार्यकताओं ने की साप्ताहिक समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** जिले के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मंगलवार को एएनएम और आशा कार्यकताओं की साप्ताहिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संबंधित केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य आमजन तक स्वास्थ्य सेवाओं की पूर्ण और प्रभावी पहुँच सुनिश्चित करना था। इस दौरान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया। सभी एएनएम को योजनाबद्ध तरीके से यूएचएसएनडी कार्यक्रमों का नियमित आयोजन करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, बैठक में स्वास्थ्य योजनाओं के सफल क्रियान्वयन, फील्ड स्तर पर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा और जनसामान्य तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

# विधायक विजय खेमका ने विधानसभा में रखी विकास, पर्यावरण और श्रमिक कल्याण की मांगें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया ।** बिहार विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन पूर्णिया विधायक विजय खेमका ने सदन में पर्यावरण, संस्कृति, श्रमिक कल्याण और आधारभूत संरचना से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया। विधायक ने तारांकित प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण के माध्यम से पूर्णिया के समग्र विकास के लिए सरकार के समक्ष कई मांगें प्रस्तुत कीं। उन्होंने गोवंश संरक्षण और संवर्धन के लिए पूर्णिया में गोवंश संरक्षण केंद्र स्थापित करने की आवश्यकता जताई। सांस्कृतिक विकास पर जोर देते हुए उन्होंने महावीर जयंती को महोत्सव का दर्जा देने और इसे पूर्णिया की सांस्कृतिक पहचान से जोड़ने की बात कही। पर्यावरण संरक्षण के



दृष्टिकोण से विधायक ने पूर्णिया शहरी क्षेत्र में नगर वन निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। श्रमिक हितों को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने शहर के प्रमुख चौकों जैसे रजनी चौक, आरएन साह चौक, गिरजा चौक, पॉलिटेक्निक चौक, रामबाग चौक, मधुवनी चौक, गुलाबबाग सनोली चौक, जीरोमाइल में बड़े पैमाने पर श्रमिक निवास को ध्यान में रखते हुए लेबर कार्ड बनाने हेतु विशेष कैंप लगाने की मांग की।

# बिहार बजट राज्य को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्पों को मजबूती देगा : तारकिशोर प्रसाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** बिहार विधान मंडल में वित्त मंत्री विजेन्द्र प्रसाद यादव ने बजट पेश किया। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने वर्तमान बिहार बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट सूबे को आत्मनिर्भर राज्यों की श्रेणी में लाने के संकल्प को मजबूती प्रदान करेगा तथा लोगों का जीवन आसान बनेगा। श्री प्रसाद ने कहा कि इस बार का बिहार बजट 03 लाख 47 करोड़ रुपये से ज्यादा का है। जो पिछले वर्ष की तुलना में 30 हजार करोड़ रुपये अधिक है। बजट में सात निश्चय-3 2025-2030 के तहत बिहार को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। योजना का फोकस प्रति व्यक्ति



आय को दोगुनी करने, करीब एक करोड़ रोजगार देने और महिलाओं को सशक्त बनाने पर केंद्रित है। इसमें बिहार के गरीबों को लघु उद्यम से जोड़ने के साथ-साथ सभी वर्गों के हितों का ख्याल रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह एक प्रगतिशील और सर्व समावेशी बजट है। जिससे बिहार में विकास दर को नई ऊर्जा और रफ्तार मिलेगी।

# राजस्व विभाग की मनमानी के विरुद्ध भाकपा माले का धरना-प्रदर्शन

## राजस्व कर्मी पर गलत जांच रिपोर्ट देने व परिमार्जन व मोटेशन को लंबित रखने का लगाया आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा/कटिहार ।** अंचल के राजस्व विभाग की मनमानी के विरुद्ध भाकपा माले कार्यकताओं ने बिटका मरांडी एवं तल्लू सोरेन के नेतृत्व में घंटों धरना- प्रदर्शन किया।गाजे-बाजे के साथ आये दर्जनो महिला -पुरुष कार्यकर्ता हल्ला बोल, हल्ला बोल नारे लगाते आये और धरना पर बैठ गये।इस दौरान प्रखंड सह अंचल कार्यालय लाल झंडे से पटा रहा।कार्यकर्ता अंचल प्रशासन-होश में आओ', 'अंचल को- दलालों से मुक्त करो',जैसे नारे लगा रहे थे।अंचल अधिकारी सादी रऊफ की अनुपस्थिति में प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम प्रकाश ने प्रदर्शनकारियों के प्रतिनिधियों से अपने कार्यालय वेश्म में बात की।प्रतिनिधिमंडल में शामिल माले नेता



बिटका हेम्ब्रम,तल्लू मरांडी,पूर्व जिला परिषद बाबू लाल मरांडी, आदिवासी कल्याण परिषद अध्यक्ष मतलू मरांडी, मंजू हेम्ब्रम ने जिला पदाधिकारी के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा। बिटका हेम्ब्रम ने बताया कि अनुमंडल पदाधिकारी के न्याय में चल रहे एक भूमि विवाद की जांच प्रतिवेदन में राजस्वकर्मी दो पक्ष को सुनने के बाद भी कब्र को मिट्टी का ढेर बताकर विपक्षी को लाभ पहुंचाने के लिए वास्तविकता को नजर अंदाज कर दिया गया है। वहीं शिवलाल उरांव बनाम पंचांग महतो के मामले में भी जांच प्रतिवेदन वास्तविकता से परे सिकमीदार को बेदखल कराने वाला दिया गया है। उन्होंने बताया कि परिमार्जन तथा मोटेशन के मामले में समय सीमा की परवाह किये बिना अनावश्यक विलंब करना अंचल अधिकारी एवं राजस्वकर्मियों का अधिकार हो गया है। रैयत अंचल और राजस्व कार्यालय दौड़ कर परेशान होकर दलालों की शरण में जाने को विवश हैं। नेताओं ने बताया कि सभी राजस्व कर्मचारी अपने साथ चार-पांच दलाल रखे हैं, जो रैयतों का शोषण करते हैं। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कर दोषी कर्मियों पर कारवाई की मांग की है। लोगों ने कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपे ज्ञापन पर कारवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।बीडीओ ने बताया कि धरना-प्रदर्शन अंचल के विरुद्ध था।जिला पदाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। जिसे जिला भेज दिया जाएगा।

# पात्र किसानों को मिले फार्मर रजिस्ट्री का लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** गोह प्रखंड अंतर्गत पंचायत सरकार भवन, तेयाप में फार्मर रजिस्ट्री-किसान की डिजिटल पहचान अभियान के अंतर्गत फार्मर आईडी कार्ड निर्माण की प्रगति का स्थल निरीक्षण जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य जिले में संचालित फार्मर रजिस्ट्री अभियान की वास्तविक प्रगति का आकलन करना तथा किसानों की डिजिटल पहचान सुनिश्चित करने हेतु की जा रही प्रक्रियाओं की समीक्षा करना था। जिलाधिकारी द्वारा शिविर स्थल पर उपस्थित कर्मियों से फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया, तकनीकी व्यवस्था एवं किसानों की सहभागिता के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। विदित हो कि उक्त अभियान के अंतर्गत किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की प्रक्रिया को मिशन मोड में संचालित किए जाने हेतु जिले के सभी प्रखंडों की पंचायतों में पंचायत सरकार भवनों एवं अन्य सरकारी भवनों में पंचायतस्तरीय शिविरों का नियमित आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार एवं राजस्व कर्मी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री से संबंधित समस्त प्रक्रियाओं का सुचारू एवं निर्बाध निष्पादन सुनिश्चित कर रहे हैं। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा संबंधित नोडल पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अभियान के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु मिशन मोड में कार्य करते हुए फार्मर रजिस्ट्री प्रक्रिया का समयबद्ध, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि किसी भी पात्र किसान की फार्मर रजिस्ट्री लंबित न रहे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि शिविरों के साथ-साथ डोर-टू-डोर अभियान के माध्यम से शेष एवं लंबित किसानों की फार्मर रजिस्ट्री शीघ्र पूर्ण कराई जाए। साथ ही, संपूर्ण प्रक्रिया की सतत निगरानी एवं अनुश्रवण वरीय पदाधिकारियों द्वारा नियमित रूप से सुनिश्चित किया जाए, ताकि अभियान के लक्ष्यों की प्राप्ति निर्धारित समय-सीमा के भीतर हो सके। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी, दाउदनगर, प्रखंड विकास पदाधिकारी, गोह सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# एसपी ने सुनी लोगों की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**अंबा (औरंगाबाद)।** सबका सम्मान जीवन आसान के तहत मंगलवार को कुटुंबा थाना परिसर में पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय लोग अपनी समस्या लेकर जनता दरबार पहुंचे और पुलिस अधीक्षक से न्याय की मांग की। एसपी ने बारी-बारी से लोगो की फरियाद सुनी। थाना क्षेत्र के कुटुंबा गांव निवासी शिव साव ने स्थानीय मुखिया प्रतिनिधी पर आरोप लगाया है कि मेरे निजी जमीन पर जबरन सामुदायिक भवन निर्माण किया जा रहा है। वर्मा गांव निवासी सुदामा राम ने गलत तरीके से केस में फंसाकर कल परेशान करने की गुहार लगाई। कुटुबा गांव के जीतेन्द्र सिंह ने एसपी को लिखित आवेदन देकर बताया कि गांव के शंभू प्रसाद द्वारा जबरन जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। ढ़ीबरा थाना क्षेत्र के निमिडीह गांव निवासी बबन भुईयां ने भी जमीन पर जबरन कब्जे करने का आरोप लगाया है। राजपुर गांव के कामेश्वर पासवान की पत्नी धनवंती देवी ने भी भूमि विवाद के बारे में बताया। एसपी के जनता दरबार में विभिन्न जगहो के 19 लोगों ने आवेदन देकर अपनी समस्या सुनाई। इसमें अधिकांश मामले भूमि विवाद से संबंधित है। इसके अलावा फरार चल रहे अभियुक्तो की गिरफ्तारी की बाते सामने आई। जनता दरबार के बाद एसपी ने थाना क्षेत्र के संडा गांव में पहुंच कर पुराना मामला 80/25 का अनुसंधान किया। इसके लिए केस की वादी अरविंद कुमार मेहता ने एसपी से गुहार लगाई थी। मौके पर थानाध्यक्ष इमरान आलम, अपर थानाध्यक्ष उमेश कुमार, रविशंकर कुमार, प्रशांत त्रिवेदी, मिकू कुमार, अंजली कुमार, पंकज कुमार, मो. इस्तेखार खान, जेके पासवान, सपना कुमारी, चंदन कुमार, कुदंन कुमार, उमेश यादव, चाहत कुमार आदि पुलिस पदाधिकारी समेत मुखिया अनिता सिंह, मंजीत यादव, तौहिद आलम, सरपंच अभिमन्यु कुमार, जीतु तिवारी, आजम इमाम आदि लोग उपस्थित थे।

# तेज रफ्तार वाहन की ठोकर से बुजुर्ग की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। घटना एनएच-139 पर ओबरा थाना क्षेत्र देवकली स्थित शिव मंदिर की है। मृतक की पहचान दाउदनगर थाना क्षेत्र के शमशेर नगर निवासी 65 वर्षीय नारायण साव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, वाहन से टक्कर लगने के बाद काफी देर तक नारायण साव सड़क पर ही पड़े रहे। काफी देर बाद राहगीरों ने देखा जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने सामुदायिक अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे की सूचना पर परिवार के सदस्य अस्पताल पहुंचे। बड़े बेटे गुप्ता साव ने बताया कि पिताजी काफी दिनों से शिव मंदिर में ही रहते थे। शौच के लिए जा रहे थे। सड़क पार करने के दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार के लिए शव सौंप दिया है। मामले की छानबीन की जा रही हौ। इधर घटना की सूचना मिलने पर नगर थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची तथा शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरा करने के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं शमशेर नगर गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हुई है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# छात्रों की उपस्थिति में वृद्धि के लिए अभिभावकों से करें संपर्क

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** गोह प्रखंड अंतर्गत अवस्थित राजकीय मध्य विद्यालय, तेयाप का जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों, आधारभूत संरचना, अनुशासनात्मक व्यवस्था एवं विभिन्न शैक्षणिक तथा कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का आकलन करना था। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में छात्र उपस्थिति, कक्षा संचालन, पठन-पाठन की गुणवत्ता, पाठ्यक्रम की प्रगति तथा विद्यालय परिसर की स्वच्छता व्यवस्था का विस्तारपूर्वक निरीक्षण किया गया। उन्होंने विभिन्न कक्षाओं में जाकर छात्र-छात्राओं से सीधे संवाद स्थापित किया तथा उनकी शैक्षणिक समझ, अध्ययन स्तर एवं विषयगत दक्षता का मूल्यांकन किया। जिलाधिकारी द्वारा मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, सामग्री भंडारण, रसोईघर की स्थिति एवं भोजन वितरण प्रक्रिया का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने संबंधित कर्मियों को निर्देश दिया कि विद्यार्थियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप पौष्टिक, स्वच्छ एवं समय पर भोजन उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं यथा शुद्ध पेयजल, शौचालयों की स्वच्छता, कक्षा की स्थिति, फर्नीचर, पुस्तकालय एवं खेल सामग्री की उपलब्धता की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकगण को निर्देशित किया कि नियमित, अनुशासित एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, विद्यार्थियों की उपस्थिति में वृद्धि हेतु अभिभावकों से निरंतर संपर्क रखा जाए तथा विभागीय दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन किया जाए। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी दाउदनगर, प्रखंड विकास पदाधिकारी गोह उपस्थित रहे।

# प्रवक्ता व मीडिया पैनलिस्ट का चयन करेगी कांग्रेस




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा पूरे बिहार प्रदेश में प्रतिभा खोज का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है कि वैसे, नौजवान जो राजनीति में आना चाहते हैं प्रवक्ता, रिसर्चर, मीडिया पैनलिस्ट बनना चाहते हैं वह इस कार्यक्रम के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखा सकते हैं। इस कार्यक्रम में जिला पार्षद सदस्य सुरेंद्र यादव, युवा नेत सूरज कुमार राय को मगध प्रमंडल का जिम्मेवारी दिया गया है जिससे औरंगाबाद के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है। इस मौके पर सुरेंद्र यादव एवं सूरज कुमार राय ने इस महत्पूर्ण जिम्मेवारी के लिए बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश कुमार का आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के लिए भरोसा जताया है। साथ ही कहा कि चयन प्रक्रिया में वैसे लोगों को महत्वपूर्ण जिम्मेवारी दी जाएगी, जो पार्टी के विचारधारा को पूरी ईमानदारी और निर्भीकता से लोगों तक पहुंचा सके।

# फ़ेसर स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव और यात्री सुविधाओं की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मगध क्षेत्र निर्माण संघर्ष समिति ने पूर्व मध्य रेलवे के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल अंतर्गत फ़ेसर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव और यात्री सुविधाओं के विस्तार की मांग को लेकर रेल मंत्री को ज्ञापन सौंपा है। समिति के सचिव उमेश तिवारी ने बताया कि इस संबध में उन्होंने रेलवे मंत्री को पत्राचार के माध्यम से मांग की है। उन्होंने कहा कि फ़ेसर रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव नहीं होने एवं आरक्षण काउंटर आदि यात्रि सुविधाओं की घोर कमी है। फ़ेसर रेलवे स्टेशन औरंगाबाद जिला मुख्यालय के निकटतम रेलवे स्टेशन है। रेलवे का अड़सठ एकड़ अड़सठ डिसमिल अपना जमीन है। यहां से औरंगाबाद मुख्यालय ओबरा, दाउदनगर पचरुखिया हसपुरा, गोह रफीगंज आदि शहरों से जुड़ा हुआ है। सभी स्थानों पर जाने के लिए पक्की सड़क भी है। फ़ेसर में पुलिस थाना, सिविल अस्पताल, पशु अस्पताल, बैंक, पावर विद्युत ग्रीड सहित अन्य बुनियादी सुविधा है। पूर्व में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामिण जनता के द्वारा धरणा दिया गया था तथा रेलवे चक्का जाम भी हुआ था जिसमें कुछ मांगे पूरा किया गया है जबकि कुछ मांग लंबित है। उन्होंने लंबित मांगों के संदर्भ में कहा कि स्टेशन के पश्चिम केबिन के पास नहर पर रेलवे फाटक का निर्माण कार्य की जाएं। आरक्षित काउंटर की सुविधा, पूर्व के रेलवे रैक को पुनः दुरुस्त किया जाएं। महाबोधी एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 12397/12398 अप एवं डाउन में ठहराव किया जाएं। ताकि यहां के ग्रामिणों को नई दिल्ली जाने का मौका मिल सके। जोधपुर एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 12307-12308 अप एवं डाउन से ठहराव किया जाएं। बुद्ध पुर्णिया एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 14223/14224 का अप एवं डाउन में ठहराव किया जाएं जिससे कि ग्रामिण जनता को राजधानी पटना एवं वाराणसी जाने का मौका मिल सके। डाउन प्लेटफार्म पर यात्रि शेड का निर्माण एवं स्टेशन परिसर की घेराबंदी की जाए। उन्होंने कहा कि ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि 5 फरवरी तक मांगों पर निर्णय नहीं लिया गया तो मजबूर होकर फिर से धरना और रेल चक्का जाम किया जाएगा।

# पुलिस की कार्रवाई में 12 लोग गये जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करते हुए पुलिस ने अपराध के विरुद्ध व्यापक और आक्रामक अभियान चलाया है। बीते 24 घंटों की कार्रवाई में 21 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। ये सभी आरोपी हत्या प्रयास, शराब जैसे अन्य अपराधों से जुड़े हैं। इस विशेष अभियान का उद्देश्य अपराधियों के पूरे नेटवर्क को तोड़ना, नशा तस्करी पर रोक लगाना और आमजन को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 12 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। एससी-एसटी एक्ट में एक, पॉक्सो में दो, हत्या के शीर्ष में दो, हत्या प्रयास के शीर्ष में दो, शराब कांड में तीन एवं अन्य शीर्ष कांड में 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान 13.50 लीटर देसी शराब एवं एक बाइक बरामद किया गया है। इसके अलावा 10 वारंट एवं एक कुर्की का निष्पादन किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1450 वाहनों की जांच की गई जिसमें 130500 रूपये जुर्माना वसूला गया है।

# रोगी कल्याण समिति के बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अंबा (औरंगाबाद)।** रेफरल अस्पताल कुटुंबा में मंगलवार को रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियांशु बसु ने की। इस दौरान रोगी कल्याण समिति के सदस्यों ने अस्पताल प्रबंधन एवं मरीज को होने वाली समस्याओं पर चर्चा कर जनहित में कई प्रस्ताव पारित किये। सर्वसम्मति से अस्पताल के मेन गेट के आसपास सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने, मेन गेट के पास जल जमाव की स्थिति को दूर करने के लिए ढ़लाई कराने, पुराने भवन के रंग रोगन, अस्पताल में अवैध वसूली करने वाले नर्सिंग स्टाफ के विरुद्ध कार्रवाई करने, अस्पताल परिसर में कुटुंबा थाना द्वारा लगाए गए ट्रैक्टर को हटाने, अस्पताल में एमबीबीएस डॉक्टर की नियुक्ति की मांग करने, रोगी कल्याण समिति के अंतर्गत कार्यकारी कमेटी का गठन करने, स्टोर इंचार्ज के पद हेतु फार्मासिस्ट की मांग, चार ड्रेसर की मांग, अगले बैठक में पूर्व के आवंटन के आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत करने, अवैध जांच घर एवं अल्ट्रासाउंड के विरुद्ध कार्रवाई करने, अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन और टेक्नीशियन की मांग की गई। वहीं डीएचआईएस फंड से 12 टोकन डिस्प्ले सिस्टम एवं तीन प्रिंटर खरीदने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी नवल किशोर सिंह, अस्पताल प्रबंधक ब्रजकिशोर सिंह, दीपक सिंह, रोगी कल्याण समिति के सदस्य विमला देवी, वीरेंद्र पांडेय, अशोक कुमार तिवारी, अभय कुमार, बबन भुइयां आदि मौजूद थे।

# पैक्स चुनाव को लेकर तैयारियां तेज, 6 फरवरी को होगा मतदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड अंतर्गत बड़वा पैक्स अध्यक्ष और कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। छह फरवरी को होने वाले इस चुनाव में कुल 4 हजार 429 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने को लेकर प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदान सुबह सात बजे से शाम साढ़े चार बजे तक होगा। मतदान के लिए बड़वा मध्य विद्यालय परिसर में कुल सात मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदान समाप्त होते ही उसी दिन मतगणना कर परिणाम घोषित किया जाएगा। इसके लिए सदर प्रखंड परिसर स्थित ई-किसान भवन को मतगणना केंद्र बनाया गया है। इस चुनाव में एक अध्यक्ष पद एवं 11 कार्यकारिणी सदस्य पदों के लिए मतदान होना है। हालांकि अतिपिछड़ा महिला वर्ग से एक कार्यकारिणी सदस्य का चुनाव पहले ही निर्विरोध संपन्न हो चुका है।

# अनुसचिवीय कर्मचारी संघ गोप गुट की नई कार्यकारिणी का गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** अनुसचिवीय कर्मचारी संघ (गोप गुट), जिला इकाई औरंगाबाद की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के सचिव योगेन्द्र कुमार ने की। बैठक में संघ से जुड़े परिचारी एवं परिचारी (विशिष्ट) संवर्ग के सदस्यों की उपस्थिति दर्ज की गई। बैठक की शुरुआत संघ के सचिव द्वारा उपस्थित सदस्यों के स्वागत के साथ की गई। इसके उपरांत समाहरणालय संवर्ग के परिचारी एवं परिचारी (विशिष्ट) संघ के चुनाव की प्रक्रिया सर्वसम्मति से पूरी की गई। चुनाव के दौरान नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव में संजय कुमार सिंह को सचिव एवं नागेन्द्र कुमार को अध्यक्ष चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष पद पर राजु ठाकुर, सियाराम सिंह, उपेन्द्र नाथ ठाकुर एवं मिनाक्षी चटर्जी का चयन किया गया। संयुक्त सचिव के रूप में राकेश कुमार सिन्हा, श्रीराम, विश्वनाथ कुमार आनंद एवं अजय कुमार मेहता को जिम्मेदारी सौंपी गई। कोषाध्यक्ष पद पर सुरेन्द्र चौधरी एवं सुशील कुमार को चुना गया। कार्यालय सचिव की जिम्मेदारी राकेश कुमार सिन्हा को दी गई। जिला संयोजक के रूप में मीना कुमारी एवं रूमाना प्रवीण का चयन किया गया। संघ के मुख्य संरक्षक के रूप में मो. शमशाद, राजंती देवी एवं राजेन्द्र प्रसाद को मनोनीत किया गया। वहीं मीडिया सेल की जिम्मेदारी हिमांशु कुमार को सौंपी गई। बैठक में नव-निर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत बनाने एवं कर्मचारी हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# जनवरी में 1178 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस अधिक्षक अम्बरीष राहुल के नेतृत्व में अपराध नियंत्रण को लेकर सघन अभियान चलाया जा रहा है। जनवरी माह में कार्रवाई के फलस्वरूप 1178 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस कार्रवाई से जिले में अपराधियों में हड़कंप मच गया है। वहीं आम लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार गंभीर कांडों में भी बड़ी संख्या में गिरफ्तारी की गई है। आंकड़ों के अनुसार, हत्या के मामलों में 16 आरोपितों की गिरफ्तारी हुई है, जबकि हत्या के प्रयास के 170 मामलों में अभियुक्तों को पकड़ा गया। पुलिस पर हमला करने के मामलों में 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया। एससी-एसटी एक्ट के तहत 19, पॉक्सो एक्ट के तहत 13 और आर्म्स एक्ट के मामलों में आठ अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है। इसके अलावा डकैती, बलात्कार, रंगदारी और छिनतई जैसे मामलों में भी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को जेल भेजा है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# ग्रामीणों को ऑन-द-स्पॉट मिला योजनाओं का लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत गोह प्रखंड परिसर में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, उप विकास आयुक्त अन्याय सिंह सहित अन्य वरीय पदाधिकारीगण एवं प्रखंड प्रमुख द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि औरंगाबाद जिला के स्थापना के 54 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि गोह प्रखंड जिला मुख्यालय से दूर स्थित है, अतः स्थापना दिवस के अवसर पर यह निर्णय लिया गया कि प्रशासन स्वयं आमजनों के द्वार तक पहुँचे। उन्होंने कहा कि नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु दूर-दराज से जिला मुख्यालय आने की आवश्यकता न पड़े, इसी उद्देश्य से प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सरल, सुगम एवं पारदर्शी माध्यम से विभिन्न सरकारी सेवाओं एवं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना है। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से अपील की कि वे विभिन्न विभागों द्वारा स्थापित स्टॉलों पर जाकर अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन समर्पित करें, जिनका निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया गया तथा उपस्थित आवेदकों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों के शीघ्र एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर पात्र लाभार्थियों के बीच आयुष्मान कार्ड, श्रमिक कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड एवं राशन कार्ड का वितरण भी किया गया। शिविर के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु कुल 24 स्टॉल लगाए गए। इनमें सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, निःशक्तता पेंशन योजना, बैंकिंग सेवाएं एवं खाता खोलने की सुविधा, मनरेगा, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, सात निश्चय2 अंतर्गत नल-जल योजना, कौशल विकास योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना सहित अन्य योजनाएं सम्मिलित रहीं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर दवा वितरण, नेत्र परीक्षण, चश्मा वितरण, रक्त जांच, आयुष्मान भारत कार्ड एवं यूडीआईडी कार्ड से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता (विशेष शाखा) मो. सादुल हसन खां, दाउदनगर के अनुमंडल पदाधिकारी एवं डीसीएलआर, गोह के प्रखंड प्रमुख, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

बिहार राज्य पुल निर्माण लि.
गया (बिहार)
की ओर से आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
टिकाऊ एवं मजबूत पुल निर्माण के लिए प्रतिबद्ध



इं. आलोक शरण
वरीय परियोजना अभियंता
गया (बिहार)